www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -323 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





अयोध्या में सरकार के संरक्षण में जमीनों का हुआ गोरखधंधा... 02

■ 15 दिन में आने वाली आपत्तियों के निस्तारण...
■ राष्ट्रवादी जनसत्तादल का सांसद व ... 04

■ पाकिस्तान में आज होने वाले आम चुनाव की...
■ चीन में बर्फीले तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी 07

'महारानी 3' में मेरा किरदार शांत लेकिन... 10

# किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला

## शंभू बॉर्डर पर किसानों ने विश्व व्यापार संगठन का का पुतला फूंका

**चंडीगढ़,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। पूरे देश भर में जगह-जगह पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। पंजाब और हरियाणा

■ **किसानों ने केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की**
■ **सरवन सिंह पंधेर बोले, हर गली मोहल्ले तक पहुंचा आंदोलन**

की सीमा पर भी किसानों का आंदोलन जारी है। सोमवार को किसान संगठनों ने शंभू और खनौरी सीमा पर विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका। डब्ल्यूटीओ का पुतला 20 फुट ऊंचा था। इस दौरान किसानों ने आतिशबाजी भी की। बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं आंदोलन में पहुंचीं। इस दौरान किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद शंभू बॉर्डर से राजपुरा तक किसानों ने ट्रैक्टर मार्च भी निकाला। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने यह भी



बताया कि आंदोलन कब तक जारी रहेगा। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि देश के 13 राज्यों के 70 हजार गांवों में विश्व व्यापार संगठन के अर्थी दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। किसानों ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर अर्थी दहन किया। यह आंदोलन पूरे देश में हुआ। देश की हर गली-मोहल्ले में यह आंदोलन पहुंच चुका है।



### किसान बोले, दिल्ली दूर नहीं, जमी चौपाल

पंजाब बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने, एमएसपी पर गारंटी कानून बनाए जाने समेत कई मांगों को लेकर आज भाकियू कार्यकर्ता विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंककर प्रदेश भर में हाईवे जाम किया। मेरठ में एनएच-58 पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया गया। मेरठ में भाकियू कार्यकर्ता एनएच-58 स्थित कैलाशी अस्पताल के सामने, सकौती व मोहिउद्दीनपुर में रोड जाम कर दिया। बागपत जनपद में किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पहुंच गए। यहां भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास धरने पर बैठे रहे। इस दौरान हाईवे पर ही किसानों की चौपाल लगी। भाकियू नेताओं ने किसानों को संबोधित भी किया। इस दौरान भाकियू नेताओं ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो दिल्ली दूर नहीं है।

### मांगे पूरी न होने तक जारी रहेगा आंदोलन

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन एमएसपी गारंटी कानून बनाने तक, देश के किसान-मजदूरों का कर्जा खत्म करने तक, लखीमपुर खीरी का इंसाफ लेने तक, सभी केस वापस लेने तक, बिजली विधेयक वापस लेने तक, प्रदूषण से खेती को बाहर निकालने तक, मजदूरों को 200 दिन मनरेगा और 700 रुपए दिहाड़ी दिलवाने तक और डब्ल्यूटीओ से भारत के बाहर आने तक जारी रहेगा।

### किसान महापंचायत की 11 को जयपुर कूच करने की घोषणा

**अजमेर।** राजस्थान में ब्यावर जिले में किसान महापंचायत की ओर से आगामी 11 मार्च को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एनएसपी) की मांग को लेकर जयपुर कूच करने की घोषणा की गई है। ब्यावर में सोमवार को किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एवं अजमेर जिले के महामंत्री रामेश्वर कटसूरा ने पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार कृषि उपज मंडी कानून में संशोधन कर एनएसपी से ही बोली आरंभ कर कम दामों पर क्रय विक्रय को रोकने के लिए कानून बना सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान सरकार यह काम नहीं कर पाई तो आगामी 11 मार्च को ट्रैक्टरों से जयपुर. दिल्ली कूच किया जायेगा। इस मौके पर श्री जाट ने सेवानिवृत पटवारी चन्द्रप्रकाश चैहान को ब्यावर जिले का अध्यक्ष मनोनित कर इस अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# चाहने वालों को 'उदास' कर गए पंकज



■ **लंबी बीमारी के बाद 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस**
■ **'चिट्ठी आई है.. से पंकज उधास को नई पहचान मिली थी**

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। मशहूर गजल गायक पंकज उधास अब हमारे बीच नहीं रहे। लंबी बीमारी के बाद 72 साल उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया के जरिए उनके निधन की जानकारी दी। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहे हैं। हिंदी फिल्म 'नाम' के गाने चिट्ठी आई है से पंकज उधास को एक नई पहचान मिली थी। उनकी गजलों को हमेशा से ही खूब प्रसिद्धी मिली। 'चांदी जैसा रंग है तेरा' हो या फिर 'एक तरफ उसका घर एक तरफ मयकदा' हो। उधास की गजलों को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हिंदी सिनेमा में भी पंकज उधास के गाए गाने हर किसी की जुबान पर रहे। ना कजरे की धार..., रिश्ता तेरा मेरा सबसे है..., और भला क्या मांगू मैं रब से..., मत कर इतना गुरूर... जैसे गाने आज भी लोग गुनगुनाते रहते हैं।

### गुजरात के जेतपुर में जन्मे थे

बता दें कि 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में जन्मे पंकज उधास तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। जमींदार परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनके दादा भावनगर राज्य के दीवान थे। पंकज उधास के पिता एक सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां जीतूबेन उधास को संगीत का बहुत शौक था। ऐसे में उनके पूरे परिवार में माहौल संगीत का था और सभी भाइयों का भी संगीत में रुझान रहा। पंकज उधास के बारे में बताया जाता है कि वह गायकी को कभी अपना प्रोफेशन नहीं बनाना चाहते थे। लेकिन, बचपन से ही पंकज का चूकि संगीत के प्रति रुझान रहा था इसलिए वह समय के साथ इसमें ढलते चले गए। एक बार स्कूल के प्रोग्राम में उन्हें गायकी में इनाम के तौर पर 51 रुपए मिले जो उनकी पहली कमाई थी।

## सार संक्षेप

### सीबीआई करेगी नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच



**चंडीगढ़।** राज्य विधानसभा में हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा, हरियाणा इनेलो प्रमुख नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराई जाएगी। इस हत्याकांड के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी.पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार को विधानसभा में आश्वासन दिया कि इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी जाएगी।

### प्रधानमंत्री मोदी का दावा, जून में शुरु होगा तीसरा कार्यकाल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत का ऐलान कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि जून में उनका तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। साथ ही कहाकि उनके इस कार्यकाल में घोषित की गई परियोजनाओं की गति इतनी तेज होगी और पैमाना इतना बडा होगा कि लोग आश्चर्य करेंगे। वे रेलवे की 41000 करोड़ की 2000 विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे।

### बैंक, डाकघर करेंगे भारतीय निर्वाचन आयोग की मदद



**नई दिल्ली।** देश में मतदाताओं के साथ सम्पर्क बढ़ाने और उन्हें चुनवों के बारे में शिक्षित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को देश भर में बैंकों और डाकघरों से सहयोग मिलेगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैंकों की 1.6 लाख शाखाओं, दो लाख से अधिक एटीएम और 1.55 लाख डाकघरों के माध्यम से ईसीआई के संदेश लोगों तक पहुंचेंगे।

### विजय शेखर का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अध्यक्ष पद से इस्तीफा



**नई दिल्ली।** प्रमुख वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने सोमवार को कहा कि उसके संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक बैंक के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने के करीब पहुंच गया है।

### संदेशखाली मामले में तृणमूल नेता 5 दिन की हिरासत में



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के एक सब-डिविजनल कोर्ट ने सोमवार को संदेशखाली से गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता अजीत मैति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मैति पर महिलाओं का उत्पीड़न करने समेत कई आरोप हैं।

# भारत की इंग्लैंड पर जीत की हैट्रिक

## 5 मैचों की सीरीज में भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बनाई

**रांची,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5

■ **घर में भारत ने लगातार 17वीं श्रृंखला जीती**
■ **इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 34वीं जीत**

विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार



10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार घर में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है। इस दौरान भारत ने ऑस्ट्रेलिया को भी अपने घर में लगातार तीन बार मात दी है। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ लगातार 2-2 सीरीज में जीत मिली हैं। 1 सीरीज जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मिली है।

## कांग्रेस का अग्निवीर योजना पर चौतरफा हमला

# सत्ता में आने पर कांग्रेस निरस्त करेगी अग्निवीर योजना

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा खत

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा बयान दिया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो अग्निपथ योजना निरस्त कर दी जाएगी और इसके बदले पुरानी भर्ती प्रक्रिया फिर से बहाल कर दी जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को खत लिखकर आग्रह किया है कि उन करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय

■ **दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए**
■ **कांग्रेस ने कहा, पुरानी भर्ती प्रक्रिया करेंगे बहाल**

किया जाए, जिनका चयन सेना की नियमित सेवा में होने के बावजूद भर्ती नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई। जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। सोमवार को कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट



ने कहाकि मोदी सरकार ने 14 जून 2022 को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। सरकार का यह निर्णय एकतरफा था। इसमें कहा गया कि सेना में भर्ती अग्निपथ योजना के माध्यम से की जाएगी। इसका उद्देश्य सेना की औसत आयु को कम और सेना का आधुनिकीकरण करना बताया गया। लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी सरकार ने इस योजना को पैसा बचाने के लिए शुरू किया। उन्होंने कहाकि एक तरफ सरकार कहती है कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और रक्षा निर्यात से पैसा कमा रही है। ऐसे में सरकार को सैनिकों के जीवन, उनके पेंशन और परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए काम करना चाहिए। पायलट ने कहाकि अग्निपथ योजना का कांग्रेस ने शुरू से ही विरोध किया था।

### पीड़ित युवकों के साथ खड़ी है पार्टी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा तथा सचिन पायलट ने सरकार की अग्निवीर योजना के विरुद्ध सोमवार से शुरू हुए पार्टी के अभियान का हिस्सा बनते हुए कहा कि पार्टी योजना से पीड़ित युवकों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और जो लोग इस अभियान में पार्टी के साथ हैं, वे 9999812024 नंबर पर मिस्ड कॉल कर पीड़ित युवकों के प्रति अपना समर्थन दें।

# 7वें समन पर पेश नहीं हुए केजरीवाल

■ **केजरीवाल ने ईडी व केंद्र पर साधा निशाना**
■ **ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए**

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने ईडी के 7वें समन पर कहा कि क्या



ईडी या केंद्र सरकार को कोर्ट पर भरोसा नहीं है? उन्हें कोर्ट पर भरोसा रखना चाहिए और उसके आदेश का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोर्ट हमसे कहती है कि जाओ तो हम जाएंगे। केंद्र सरकार का सिर्फ एक ही मकसद है कि गठबंधन तोड़ दो, हम गठबंधन नहीं तोड़ेंगे। बता दें कि इससे पहले भी आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगा चुकी है। हाल ही दिलली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित कई आप नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाए थे और दावा किया था कि कई आप नेताओं को केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस या कांग्रेस के साथ गठबंधन करने पर सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों द्वारा संभावित कार्रवाई को लेकर संदेश और धमकियां मिली हैं।

### 16 मार्च को है कोर्ट में सुनवाई

ईडी के 7 वें समन पर आप आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए कहा था कि आज सीएम केजरीवाल ईडी दफ्तर नहीं जाएंगे। पार्टी का कहना है कि अभी तक ये मामला कोर्ट में चल रहा है। जिसकी सुनवाई 16 मार्च को होगी। ईडी को बार-बार समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। बता दें कि इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि हम पर बार- बार इंडिया गठबंधन छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है।

# मराठा आंदोलनकारियों ने बस जलाई

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। मनोज जरांगे पाटिल ने 17 दिन से चल रहा अनशन तोड़ने का ऐलान किया है। मराठा आंदोलनकारियों ने सोमवार को अंबाड के तीर्थपुरी शहर में एक स्टेट ट्रांसपोर्ट बस को आग लगा दी। आगजनी की घटना के बाद महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और जालना में बस सर्विस को रोक दिया है। वहीं, मराठा आंदोलन के लीडर



**मनोज जरांगे ने 17 दिन से चल रहा अनशन वापस लिया**

मनोज जरांगे पाटिल भी जालना से अपने गांव सराठी लौट गए। देर रात से सुबह के बीच पुलिस ने जरांगे पाटिल के करीबियों को हिरासत में लेना शुरू किया। जालना में बढ़ते तनाव को देखते हुए जिले में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने धारा 144 लगा दी है। लोगों के एक साथ जमा होने पर पाबंदी लगाई है।

### सरकार मूकदर्शक नहीं बनी रह सकतीः हाईकोर्ट

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि कानून-व्यवस्था का ध्यान रखना राज्य का काम है। राज्य मूकदर्शक नहीं रह सकता। उसे नाकेबंदी हटानी होगी। जस्टिस ए एस गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच ने कहा कि सरकार को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अदालत के आदेश की आवश्यकता नहीं है।

# भारतीय नौसेना ने अरब सागर के ऊपर विशेष बलों की हवाई तैनाती की

■ **नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी और नाविकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध**

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी और अरब सागर में चल रही समुद्री सुरक्षा स्थिति के जवाब में विशेष बलों की हवाई तैनाती की। नौसेना ने सोमवार को बताया कि ऐसा किसी भी समुद्री खतरे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी किया जा रहा है। भारतीय नौसेना ने क्षेत्र में निरंतर समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए अरब सागर में सी-130 विमानों से पैराड्रॉपिंग करके विशेष बलों द्वारा हवाई हमला किया। एक अधिकारी ने कहा, नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी और नाविकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध और तैयार है। कुछ हफ्ते पहले भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर समुद्री डकैती की घटना सामने आई थी।

## परेशानी — मुस्लिम विरोधी नफरती भाषणों की 75 फीसदी घटनाएं भाजपा शासित राज्यों में

# एक साल में 62 फीसदी बढ़े नफरती भाषण

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में साल 2023 के शुरुआती 6 महीनों की तुलना में दूसरी छमाही में मुसलमान विरोधी नफरती भाषण में 62 फीसदी इजाफा हुआ है। यह खुलासा अमेरिका के वॉशिंगटन में इंडिया हेट लैब (आईएचएल) रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट के जरिए हुआ है। 26 फरवरी, 2024 को शोध समूह की ओर से बताया गया कि इजरायल और गाजा के बीच छिड़ी जंग ने इसे और बढ़ाने का काम कि है। आखिर के 3 महीनों में भारत में मुस्लिमों के खिलाफ होने वाले नफरती भाषण बढ़े हैं।

■ **इंडिया हेट लैब रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**
■ **इजरायल व गाजा के बीच जंग ने अहम भूमिका निभाई**

इंडिया हेट लैब ने पाया कि 2023 में देश में 668 हेट स्पीच दी गई, जिनमें मुसलमानों को निशाना बनाया गया। इनमें 255 घटनाएं शुरुआती 6 महीनों में दर्ज हुई, जबकि 413 घटनाएं दूसरी




छमाही में देखने को मिलीं। रोचक बात है कि 75 फीसदी या 498 ऐसी घटनाएं उन राज्यों में देखने को मिलीं, जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी पार्टी के फायरब्रांड नेता माने जाते हैं। मुस्लिमों के खिलाफ

| | | |
|---|---|---|
| हेट स्पीच के कुल मामले | - | 668 |
| भाजपा शासित सूबों में | - | 453 |
| गैर-भाजपा शासित सूबों में | - | 170 |
| राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में | - | 37 |
| केंद्र शासित प्रदेशों में | - | 8 |

सबसे अधिक नफरती भाषणों की घटनाएं महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दर्ज की गईं। लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ महीने पहले आई आईएचएल की रिपोर्ट की मानें तो 7 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2023 के बीच भारतीय मुसलमानों के खिलाफ 41 हेट स्पीच की घटनाएं दर्ज की गईं और इन मामलों में जंग का जिक्र किया गया था। आईएचएल ने बताया कि ये जानकारियां तब सामने आईं जब उसकी ओर से हिंदू राष्ट्रवादी समूहों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखी गई। रिसर्च ग्रुप ने इस दौरान सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए हेट स्पीच से जुड़े वेरिफाइड वीडियो को देखा-समझा और भारतीय मीडिया के जरिए आई घटनाओं को कंपाइल किया था।

# देश

**उवाच**

उत्तर प्रदेश में भाजपा के विरुद्ध कोई भी गठबंधन काम नहीं आएगा। पड़ोसी राज्य में कांग्रेस, सपा व बहुजन समाज पार्टी अपना-अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

–सुशील कुमार मोदी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 14.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 26.0 |

# नैतिक जिम्मेदारी व मानवीय मूल्यों के अनुरूप कार्य करें डॉक्टर : मुर्मू

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के 107 वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति

■ **लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के दीक्षांत समारोह में की शिरकत**

ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब चिकित्सा विज्ञान सिर्फ उपचार तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। लेकिन इन प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और 'वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। मुर्मू ने कहा कि लोग




**अब चिकित्सा विज्ञान सिर्फ उपचार तक ही सीमित नहीं है इसका दायरा बहुत व्यापक : द्रौपदी मुर्मू**

डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। वे वास्तव में तभी सफल डॉक्टर या नर्स होंगे जब उनमें पेशेवर क्षमता के साथ-साथ करुणा, दया और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य भी हों। एक बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर बनने के लिए, एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। चिकित्सा विज्ञान में नई प्रगति की सराहना करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि यह सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं है और इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। उन्होंने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा, लेकिन इन प्रौद्योगिकियों में दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है, जबकि चिकित्सा जगत में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा गया है कि वे अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के साथ काम करें और एक स्वास्थ्य के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करें।

## डॉक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डॉक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस संस्थान को अंग प्रत्यारोपण पुनर्प्राप्ति केंद्र के रूप में पंजीकृत किया गया है। संस्थान ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या को हल करने के लिए व्यापक एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया है। यह अन्य संस्थानों के सहयोग से आईड्रोन पहल के तहत ब्लड बैग डिलीवरी पर भी काम कर रही है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस संस्थान ने नॉर्वे सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय मानव दूध बैंक और स्तनपान परामर्श केंद्र 'वात्सल्य-मातृ अमृत कोष' की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र स्तनपान के बारे में जागरूकता पैदा करने और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मददगार साबित होगा।

## मोदी का तमिलनाडु दौरा आज

**चेन्नई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को तमिलनाडु पहुंचेंगे तथा बुधवार को कुलसेकरपट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दूसरे स्पेसपोर्ट की आधारशिला रखेंगे। मोदी अपनी यात्रा के दौरान तिरुपुर, थूथुकुडी, मदुरै और



तिरुनेलवेली में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यक्रमों सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके मंगलवार शाम तिरुवनंतपुरम से कोयंबटूर पहुंचने और हेलिकॉप्टर द्वारा सुलूर एयर बेस पहुंचने की उम्मीद है। वह सुलूर से भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के.अन्नामलाई की राज्यव्यापी 'एन मन एन मक्कल' (मेरी मिट्टी, मेरे लोग) यात्रा के समापन दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सड़क मार्ग से तिरुपुर के लिए रवाना होंगे। इस यात्रा ने राज्य के सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया और अन्नामलाई कल शाम श्री मोदी की उपस्थिति में तिरुपुर में यात्रा का समापन करेंगे। प्रधानमंत्री एक विशाल रैली को भी संबोधित करेंगे जो लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की शुरुआत का संकेत भी देगी। रैली के बाद वह तिरुवनंतपुरम लौटेंगे और अगले दिन सुबह हेलिकॉप्टर से थूथुकुडी पहुंचेंगे।

# कानून के समक्ष समानता के बिना लोकतंत्र नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि कानून के समक्ष समानता के बिना कोई भी लोकतंत्र जीवित और विकसित

■ **युवाओं से अलग ढंग से सोचने व असफलता से नहीं डरने का किया आह्वान**

■ **मिजोरम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

नहीं हो सकता। धनखड़ ने मिजोरम विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब कानून के समक्ष समानता जमीनी हकीकत है और जो लोग खुद को कानून से ऊपर मानते थे वे मजबूती से इसकी चपेट में हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी लोकतंत्र तब तक जीवित नहीं रह सकता, कोई भी लोकतंत्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक कानून के समक्ष समानता न हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं



**तेजी से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं हम : जगदीप धनखड़**

और सरकारी नौकरी की अंधाधुंध तलाश से बाहर आने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से अलग ढंग से सोचने और असफलता से नहीं डरने का आह्वान करते हुए कहा कि असफलता सफलता की ओर एक कदम है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा अपनी आकांक्षा कर सकते हैं और सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सत्ता के गलियारे सत्ता के दलालों से मुक्त हो गए हैं।

## विधायिका से कार्यपालिका को जागरूक करने का किया आह्वान

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विधायिका से कार्यपालिका को जागरूक करने में निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा है कि युवाओं को अवसरों का पूरा लाभ उठाने में मदद करने में सहायता करने वाली नीतियां विकसित की जानी चाहिए। धनखड़ ने आईजोल में मिजोरम विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका को कार्यपालिका को जागरूक करने में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए जिससे देश को सही दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि मिलकर और एकजुट होकर, एक परिवेश विकसित करें ताकि युवा आगे आने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठा सकें।

## सार संक्षेप

### ओम बिरला ने पंकज उधास के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि यह भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। बिरला ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध गजल गायक पद्मश्री पंकज उधास जी का निधन बेहद दुःखद है। उनकी रूमानी आवाज ने गजल गायकी को नए आयाम प्रदान किए। पंकज जी का निधन भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। परिजनों व प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। शांति! पंकज उधास की लंबी बीमारी के बाद आज मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।

### सारण में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के बहरौली गांव निवासी सूरज कुमार, मंटू कुमार एवं रजनीश कुमार मोटरसाइकिल पर सवार होकर मशरक से अपने गांव बहरौली जा रहे थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र सियरभुक्का गांव के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में सूरज कुमार और मंटू कुमार की मौत हो गयी जबकि रजनीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों ने बताया कि घायल की चिकित्सा सदर अस्पताल छपरा में की जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### होम्योपैथिक के पांच सौ से ज्यादा चिकित्सक जुटे

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित एक सेमिनार में देश के विभिन्न प्रान्तों से होम्योपैथिक के 500 से अधिक चिकित्सक सम्मिलित हुए। इस दौरान कहा गया कि यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिससे 80 प्रतिशत मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में दिलमणी देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएच के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामजी सिंह, डॉ. एम के साहनी तथा बिहार विश्वविद्यालय के डीन डॉ. भरत सिंह मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय होम्योपैथिक संस्थान भारत सरकार के निदेशक डॉ. सुभाष सिंह एवं बैंगलोर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.टी. रुद्रेश ने बांझपन बीमारी पर विस्तार से चर्चा की। चिकित्सकों ने कहा कि उच्च रक्तचाप, थायराइड, मधुमेह जैसी लाइलाज बीमारियों का भी इलाज होम्योपैथिक से है। लिवर, किडनी व कैंसर जैसे रोगों का भी उपचार है।

# मराठा प्रदर्शनकारियों पर बस में आग लगाने का आरोप

**जालना,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मराठा जालना जिले में मराठा आरक्षण प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर मराठा आरक्षण मुद्दे पर राज्य सरकार के खिलाफ तीर्थपुरी, अंबाद तालुका में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस को आग लगा दी।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मराठा आंदोलनकारियों की ओर से कथित तौर पर बस में आग लगाए जाने के बाद, एमएसआरटीसी के अंबाद डिपो प्रबंधक ने एक स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों ने बताया कि एक घटना के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए अंबाद में कर्फ्यू लगा दिया गया है। आरक्षण के लिए भूख हड़ताल पर बैठे आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल रविवार को आक्रामक हो गए और उन्होंने उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस पर आरोप लगाया कि वे उन्हें मारना चाहते हैं। उन्हें अपनी यात्रा के दौरान चक्कर आने का अनुभव हुआ और अगली सुबह मुंबई लौटने से पहले उन्होंने भमबेरी गांव में रात बिताई। जारांगे-पाटिल भाम्बेरी गांव से लौट आए। वह समर्थकों और पुलिस से समर्थन प्राप्त करने के बाद आने वाले घंटों में अपनी स्थिति की घोषणा की और अंबाद तालुका के अंतरवाली सराती पहुंचे। मराठा समुदाय के सदस्य ने उनसे शांत रहने और घर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि राज्य भर में मराठा भाइयों के साथ नियमित बैठकों के माध्यम से भविष्य की दिशा निर्धारित की जाएगी।

# जवान व किसान का किया जा रहा शोषण : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है। किसानों के परिवारों के बच्चे हमारी फौज में जवान बनते हैं लेकिन देश के जवान और किसान दोनों की स्थिति क्या है यह सब दिल्ली के जंतर-मंतर और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर सबको दिख रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर

■ **केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने बोला हमला**



**देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है इसका जिम्मेदार कौन है : पवन खेड़ा**

राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे।

सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपए खर्च कर सकती है लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं। उन्होंने कहा कि देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था। तभी से राहुल गांधी इनकी आवाज लगातार उठा रहे हैं। पायलट, खेड़ा तथा हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की नीतियों से पीड़ित देश के इन नौजवानों के साथ खड़ी हैं और जब तक चयनित उम्मीदवारों को नौकरी नहीं दी जाती पार्टी उनके साथ यह लड़ाई लड़ती रहेगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 14 जून 2022 को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। सरकार का यह निर्णय एकतरफा था। इसमें कहा गया कि सेना में भर्ती अग्निपथ योजना के माध्यम से की जाएगी।

## अग्निपथ योजना का सेना के साथ खिलवाड़

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही विरोध किया है क्योंकि ये सेना के साथ खिलवाड़ है। सवाल है कि मोदी सरकार 'अग्निपथ योजना' किसकी मांग पर लेकर आई जबकि इस योजना की मांग न तो सेना ने रखी, न ही सेना में भर्ती होने वाले नौजवानों ने। यह भी बड़ा सवाल है कि अग्निवीर चार साल की नौकरी के बाद क्या करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सेवा के पूर्व शीर्ष अधिकारी भी इस योजना को ले जाने से हतप्रभ है। उनका कहना था कि पूर्व सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे भी कह चुके हैं कि सरकार का अग्निपथ योजना लाने का फैसला चौंकाने वाला था।

# बिहार में तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा से मिल रहे बड़े बदलाव के संकेत : मनोज झा



**पटना,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। विपक्ष की भूमिका में आने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बिहार की जनता के बीच पहुंचे हैं। जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी यादव हर दिन विभिन्न जिलों की यात्रा कर केंद्र और राज्य सरकार की पोल खोल रहे हैं तो वहीं अपने 17 महीने की सरकार की उपलब्धियां भी लोगों को बता रहा है। तेजस्वी की यात्रा में जुट रही भीड़ से आरजेडी काफी उत्साहित है और बिहार में बड़े बदलाव के संकेत की बात कह रही है। तेजस्वी यादव के साथ जन

■ **तेजस्वी की यात्रा में जुट रही भीड़ से आरजेडी उत्साहित**

विश्वास यात्रा में सीमांचल पहुंचे आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा है कि बिहार के लोग अच्छी तरह से जान चुके हैं कि नौकरी, भरोसा और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का मतलब तेजस्वी हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अब तक 22 जिले कवर कर चुके हैं और हर जिले में पहले सभाएं हुईं। सभा के दौरान पाया गया कि तीन मार्च को होने वाली रैली को लेकर रोड शो किया जाए।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी को मिल रहे समर्थन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पटना से सुबह चलकर रात ढाई बजे जन विश्वास यात्रा सुपौल पहुंची है। इसी से समझा जा सकता है कि इस यात्रा का व्याकरण क्या है।

## विकास के मुद्दे पर बात चाहती है जनता

मनोज झा ने कहा कि तेजस्वी यादव ने बिहार की सियासत का व्याकरण बदलकर रख दिया है। लोग यहां मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारा की बात नहीं सुनना चाहते बल्कि नौकरी और विकास के मुद्दे पर बात चाहते हैं।

हर रैली में नौकरी मतलब तेजस्वी, भरोसा मतलब तेजस्वी और बेहतर अस्पताल का मतलब तेजस्वी, ये जो सरोकार की राजनीति है उसमें आशा, आंगनबाड़ी, ममता, रसोइया उनके मानदेय बढ़ोतरी की बात हो रही है। ये जो राजनीति में बदलाव आया हैं वह लोकतंत्र और बिहार के लिए उचित हैं। लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव में इसके व्यापक परिणाम सामने आएंगे।

## आईएसआईएस सदस्य गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद, उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। सूत्रों के अनुसार, वह अपने तलाक के लिए यहां एक मस्जिद में आया था और बाद में अपनी पत्नी के रिश्तेदारों के साथ समस्याएं पैदा कीं लेकिन, ऐसी खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। मोदी मंगलवार को भाजपा की राज्य इकाई के नेतृत्व में पदयात्रा के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

# गिरिराज सिंह के बयान को कोई नहीं सुनता : श्रवण कुमार

**पटना,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में एनडीए की सरकार तो बन गई लेकिन इसमें शामिल दलों के नेताओं के दिल अभी तक नहीं मिले हैं। इसका पता तब चला जब जमुई में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री से गिरिराज सिंह को लेकर सवाल पूछा गया। गिरिराज सिंह का नाम सुनते ही मंत्री श्रवण कुमार भड़क गए और कहा कि गिरिराज सिंह के बयान को कोई नहीं सुनता है, उनके बयान को वही समझ सकते हैं। दरअसल, मंत्री श्रवण कुमार गिद्धौर स्थित कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। जब मीडिया कर्मियों ने गिरिराज सिंह द्वारा दिए गए एक बयान के बारे में मंत्री श्रवण कुमार से पूछा तो वे भड़क गए और कहा कि गिरिराज सिंह के बयान को कौन सुनता है। हमलोग तो नहीं देखते हैं



■ **गिरिराज सिंह का नाम सुनते ही भड़के नीतीश के मंत्री**

गिरिराज सिंह का बयान। क्या बोलते हैं वहीं समझ सकते हैं दूसरा कौन समझ सकता है। नीतीश कुमार की भूल थी की, भाजपा की भूल थी, की गिरिराज सिंह की भूल थी जिनका भी भूल हो सुधार लेना चाहिए। बता दें कि गिरिराज सिंह ने कहा था कि नीतीश कुमार की गलतियों का परिणाम है कि लालू और तेजस्वी को बनवास खत्म हो गया।

**योजना** *रेलवे सुविधाओं में हो रहे विस्तार को लगे पंख*

# मप्र को मिलीं 33 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास सहित कई सौगातें

**नई दिल्ली/भोपाल, 26 फरवरी (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के रेलवे क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन सौगातों का रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के साथ आरओबी और अंडर पास की सौगात दी। प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधुनिक और तेज रेलवे के लिए अमृत भारत स्टेशन।**

योजना के अंतर्गत 41 हजार करोड़ की लागत से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प और 1,500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास के शिलान्यास, उद्घाटन समर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर से शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 33 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में



■ **मोदी ने 41 हजार करोड़ की कई योजनाओं का किया शिलान्यास**

प्रदेश में 77 हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य जारी हैं, प्रदेश में रेलवे सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर जिले की जन आभार यात्रा में शामिल हुए। केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश विकास की पटरी पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश देश के मध्य में स्थित है, रेलवे अधोसंरचना के विकास की यहां बहुत संभावनाएं हैं। यहां देश की दो प्रमुख रेलवे लाइनें तो संचालित हैं हीं, इसके साथ ही सीहोर होकर रामगंज मंडी तथा बुधनी की रेल लाइन बिछाने के कार्य को भी गति दी जा रही है। रेलवे अधोसंरचना के विकास को तेजी से पूरा किया जाएगा, इससे प्रदेश के विकास को और भी गति मिलेगी। हम समर्थ और सक्षम राज्य के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल और सीहोर का विकास समन्वित रूप से ट्विन सिटी के आधार पर होगा। दोनों नगरों को जोड़कर आवागमन के साधन, आवासीय परियोजनाएं और रोजगार के अवसरों के समग्र विकास की योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। उज्जैन-इंदौर, उज्जैन-देवास, भोपाल-विदिशा, भोपाल-सीहोर-रायसेन जिले अमृत काल में 2047 तक ट्विन सिटी के रूप में विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाओं की शिलापट्टिकाओं का अनावरण किया। स्थानीय विधायक सुदेश राय ने आभार जताया एवं सीहोर वासियों की सीहोर रेलवे स्टेशन पर अधिक ट्रेनों के हाल्ट तथा अन्य अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शिलान्यास के साथ ही 133 रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# भ्रष्टाचार व अवैध निर्माण पर लगेगी रोक : शैली

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़ा फैसला किया है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि संपत्ति का नक्शा पास कराकर और अवैध निर्माण को हटाकर बुक संपत्ति को लोग रेगुलराइज करा सकेंगे। इस फैसले का लाभ लाखों लोगों को होगा। संपत्ति पर मीटर लगाने में होने वाले भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण पर रोक लगेगी। लोगों का यह काम अधिकारियों को पारदर्शिता और तय समय सीमा के भीतर करना होगा। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल व सदन के नेता मुकेश गोयल के साथ सिविक सेंटर में सोमवार को महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

■ **दिल्ली नगर निगम की आप सरकार का बड़ा फैसला**



**संपत्ति का नक्शा पास कराकर व अवैध निर्माण को हटाकर बुक संपत्ति को रेगुलराइज करा सकेंगे : शैली ओबरॉय**

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि हमने आज सदन बुलाया था। इस बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों व प्रस्ताव सदन में लाए गए थे। लेकिन हमेशा की तरह भाजपा पार्षदों की गुंडागर्दी जारी रही और आज भी सदन की कार्रवाई को चलने नहीं दिया गया। सदन में खूब हंगामा किया गय। भाजपा के पार्षद नहीं चाहते हैं हम दिल्ली की जनता, निगम कर्मचारियों और निगम से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा न कर सकें। भाजपा पार्षद सदन की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं और किसी भी प्रस्ताव पर चर्चा होने नहीं देते है। बैठक में हमने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए और कुछ ऑन टेबल प्रस्ताव भी लाये गए हैं। हिंदुत्व अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में डीएनबी पाठ्यक्रम की शुरुआत करने जा रहे है। उद्यान विभाग के मालियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए उनका अनुबंध पांच महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस समय सदन में स्थायी समिति का गठन नहीं हुआ है और लोक सभा चुनाव कभी भी हो सकते हैं। आचार संहिता लगने वाली है, तब हम ऐसे प्रस्ताव सदन में पास नहीं कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने मालिकों का एक साथ पांच महीने का अनुबंध बढ़ा दिया है। साथ ही टोल टैक्स का प्रस्ताव लाए हैं। जिसमें दिल्ली में जितने भी टोल टैक्स नाके है, उन्हें छह महीने का एक्सटेंशन दे दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण ऑन टेबल प्रस्ताव लाए हैं। दिल्ली में एक बहुत बड़ी समस्या है जब भी किसी कॉलोनी में किसी प्रॉपर्टी में रेनोवेशन या अल्टरेशन होती है या कोई नई बिल्डिंग बन रही होती है तो एमसीडी द्वारा उन प्रॉपर्टी को बुक कर लिया जाता है। उसमें बिजली के मीटर के कनेक्शन मिलने में जनता को बहुत समस्या सामना करना पड़ता है। एक केस प्रीति बनाम एमसीडी 2007 को बेस बनाकर, हम एक प्रस्ताव लाए हैं। इसके बाद अब बुक प्रॉपर्टी को नियमों के मुताबिक रेगुलराइज कराया जा सकेगा। जैसे किसी ने नक्शा पास करवाकर दो फ्लोर का मकान बनाया है। लेकिन कुछ समय बाद तीसरा फ्लोर भी बना लिया और उस फ्लोर को अवैध मानते हुए बुक कर दिया गया है। अगर उस क्षेत्र में तीन फ्लोर बनाने की अनुमति है तो संपत्ति मालिक बाद में नक्शा पास करवाकर और जरूरी फीस भरकर उस तीसरे फ्लोर को रेगुलराइज करवा सकेगा। इसके अलावा सेंक्शन्ड बिल्डिंग प्लान से अतिरिक्त फ्लोर बनवा लिए हैं, तो उनको हटाकर अपनी प्रोपर्टी को रेगुलराइज करा सकेगा। इसकी प्रक्रिया समझाते हुए मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली की किसी प्रॉपर्टी में कोई रेनोवेशन, अल्टरेशन या एडिशन होता है और संपत्ति मालिक संपत्ति का प्रॉपर्टी रिटर्न भर रहा है। ऐसे असेसमेंट और कलेक्शन डिपार्टमेंट का एसेसिंग ऑफिसर, बिल्डिंग विभाग से बिल्डिंग प्लान मांग सकता है। उसके बाद संबंधित असेसिंग ऑफिसर को बिल्डिंग डिपार्टमेंट को जवाब देना होगा, जो बिल्डिंग में कोई बदलाव किया गया है एडिशन किया गया है , उसकी भी हाउस टैक्स की डिटेल होगी। एसेसिंग ऑफिसर की ज़िम्मेदारी होगी की बिल्डिंग डिपार्टमेंट को जवाब दे और उसके बाद ही संपत्ति मालिक प्रॉपर्टी भी कुछ एडिशन या एल्टरेशन कर पाएगा।

एसेसिंग ऑफिसर और बिल्डिंग विभाग की एक दूसरे के प्रति जवाबदेह ही होगी और 15 दिन के भीतर एक दूसरे को जवाब देना होगा। उसके बाद डीएमसी एक्ट के सेक्शन-491 के तहत ज़ोनल उपायुक्त, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर व एक्शन यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी बिल्डिंग में कोई बदलाव होता है तो उसकी जानकारी बिजली विभाग और दिल्ली जल बोर्ड को देनी होगी।

### यह अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुए

- बधिर महिलाओं के लिए डीएफडीडब्ल्यू को किराए पर स्थान आवंटित करना,
- स्कूलों में बच्चों के लिए यूनिफॉर्म स्टेशनरी आदि खरीदने
- अतिरिक्त आयुक्त-उपायुक्त की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव

## नगर निगम की बैठक में फिर हंगामा, मेयर ने भाजपा पार्षदों पर सदन ना चलने देने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की सोमवार को बुलाई गई बैठक एक बार फिर हंगामें की भेंट चढ़ गई। बैठक में भाजपा पार्षद हाथों में पोस्टर, बैनर और प्ले कार्ड लेकर पहुंचे थे। बैठक शुरू होते ही नेता सदन मुकेश गोयल और नेता विपक्ष की ओर से अलीपुर में हुई आगजनी की घटना में मारे गए लोगों और खानपुर इलाके में गाय के हमले में हुई शख्य की मौत पर शौक प्रस्ताव पढा गया। शोक प्रस्ताव के बाद विपक्षी भाजपा पार्षदों ने हाउस टैक्स माफी योजना एंव आवारा गाय के हमले में मारे गए व्यक्ति को एक करोड का मुआवजा दिए जाने को लेकर हंगामा किया। इस दौरान उनके हाथों में पोस्टर, बैनर और प्ले कार्ड थे। मेयर शैली ओबेरॉय ने भाजपा पार्षदों से शांति बनाए रखने की अपील की। लेकिन उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी जारी रखी जिसके बाद मेयर ने नेता सदन मुकेश गोयल को एजेंडा रखने को कहा। एजेंडा पास कर सदन की कार्वाही स्थगित कर दी गई। हंगामे को लेकर मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों और प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाई गई थी। लेकिन हर बार की तरह इस बैठक में भी भाजपा पार्षदों की गुंडागर्दी जारी रही। आज भी सदन की कार्यवाही को नहीं चलने दिया गया। हंगामा किया गया। आज एक बार फिर साफ हो गया कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षद नहीं चाहते हैं कि दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी, दिल्ली की जनता के कामों और प्रस्तावों पर चर्चा कर सकें। मेयर ने कहा कि यह खेद की बात है कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सदन की मर्यादा का ख्याल नहीं रखते हुए किसी भी चर्चा में हिस्सा नहीं लेते हैं। दिल्ली नगर निगम मे नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गैर जिम्मेदार तरीके से सदन चलाने के चलते दिल्ली की मेयर साहिबा की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मेयर साहिबा को समय की बिल्कुल भी कदर नही है 2 बजे की सदन की बैठक के लिए वो एवं आप पार्टी के पार्षद 2-45 तक आते हैं एवं सुचारू रूप से बैठक का आयोजन नहीं किया जाता है।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सिसोदिया ने किया सुधार : केजरीवाल



**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के कई अन्य नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को राजघाट पहुंचे। उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ शिक्षा मंत्री भी रहे सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया था। आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक समेत कई नेता केजरीवाल के साथ राजघाट पहुंचे।

राजघाट पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले साल आज ही के दिन केंद्र सरकार ने हमारी सरकार के सबसे क्षमतावान शिक्षा मंत्री को एक झूठे मामले में गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिसोदिया ने ही राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया। केजरीवाल ने दावा किया कि मनीष सिसोदिया ने राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया और 75 साल बाद उम्मीद जगाई। लेकिन उनके जैसे नेता को झूठे मामले में फंसा दिया गया। अगर वह भाजपा में शामिल हो गए होते, तो उनके खिलाफ मामले वापस ले लिए गए होते। उन्होंने कहा कि लेकिन सिसोदिया ने सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़ने का फैसला किया। मनीष सिसोदिया हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

■ **सिसोदिया की गिरफ्तारी को एक साल पूरा होने के मौके पर राजघाट पहुंचे केजरीवाल**

## सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग से बेटियां बनेंगी सशक्त : सोनल गोयल

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। अब हमारी निडर बेटियां आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने में समर्थ हैं। वह आत्मरक्षा के गुर सीख रही हैं। जिससे वह अपनी रक्षा खुद करने में सक्षम होंगी। दिल्ली के गैर-सरकारी संगठन सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान द्वारा निडर बेटियां मुहिम के तहत सेल्फ-डिफेंस पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में चर्चित एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। साथ ही ताईक्वांडो एसोसिएशन मुंबई के सेक्रेटरी विजय काम्बले ने भी वेबिनार में हिस्सा लिया।

**सार संक्षेप**

### समग्र शिक्षा को प्राथमिकता दे रहा महाराष्ट्र : चंद्रकांत पाटिल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 75 से ज्यादा यूनिवर्सिटी और 6,000 से ज्यादा कॉलेज और संस्थान हैं। वहीं महाराष्ट्र उच्च शिक्षा के मामले में देश में सबसे समृद्ध राज्य है। महाराष्ट्र राज्य उच्च शिक्षा के मामलें में देश में सबसे आगे है राज्य में 3.3 लाख पोस्ट ग्रेजुएट छात्र हैं जोकि भारत में सबसे ज्यादा है, और लगभग 28 लाख ग्रेजुएट छात्रों के साथ महाराष्ट्र देश में दूसरे स्थान पर है। टॉप 100 एनआईआरएफ 2023 इंडिया रैंकिंग में किसी भी राज्य से संस्थानों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। यह रैंकिंग महाराष्ट्र राज्य की हाई क्वॉलिटी वाली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को जताता है। उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए हमारा ध्यान लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है। महाराष्ट्र एनएएसी मूल्यांकन प्रक्रिया में शैक्षणिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से परिस्पर्श योजना शुरू करने वाला एकमात्र राज्य है।

### दिल्ली विवि के 12 कॉलेजों का मुद्दा उपराज्यपाल के पास पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षकों का कहना है कि उन्हें पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक परेशानी झेल रहे ये 12 कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय का हिस्सा हैं और दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं। वेतन नहीं मिलने के विरोध में शिक्षक हड़ताल पर भी गए थे। अब इन शिक्षकों ने सोमवार को यह मुद्दा दिल्ली के उपराज्यपाल के समक्ष रखा है। शिक्षक संघ (डूटा) का एक प्रतिनिधिमंडल डूटा अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार भागी के नेतृत्व में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिला। दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्त पोषित 12 कॉलेजों के ग्रांट का भुगतान व शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा भेजे गए पत्रों को निरस्त करने की मांग शिक्षकों ने उपराज्यपाल के समक्ष रखी। डूटा ने उनसे इस संकट के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। डूटा अध्यक्ष प्रोफेसर भागी ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने कॉलेजों की वर्तमान समस्याओं को देखते हुए 12 कॉलेजों को जल्द ही पूर्ण अनुदान का भुगतान कराने का आश्वासन दिया है। डूटा अध्यक्ष के मुताबिक शिक्षा मंत्री द्वारा पूर्व में शिक्षक विरोधी निर्गत पत्रों को रद्द कराने तथा 12 कॉलेजों में लंबे समय से रुकी शैक्षिक व गैर शैक्षणिक पदों को शीघ्र विज्ञापित कर भरने हेतु उचित कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया गया है। प्रोफेसर भागी के मुताबिक उपराज्यपाल ने डूटा को यह भी आश्वासन दिया है कि दिल्ली सरकार के एक भी कॉलेज को दिल्ली विश्वविद्यालय से किसी अन्य विश्वविद्यालय के साथ विलय नहीं होने दिया जाएगा। दिल्ली सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी 12 कॉलेजों में बीते सप्ताह हड़ताल की गई थी। प्रोफेसर अजय कुमार भागी का कहना है कि डीयू के टीचर्स दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी के पत्रों की निंदा और उन्हें खारिज करते हैं।

## मंगोलपुरी इलाके में फैक्ट्री में लगी आग

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस पर बाद में काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि रविवार रात मंगोलपुरी के ई-ब्लॉक में एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। गर्ग ने कहा कि 16 फायर टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग लगभग 150 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली एमसीबी निर्माण फैक्ट्री में लगी थी। डीएफएस प्रमुख ने कहा कि इमारत में बेसमेंट ग्राउंड और तीन मंजिलें शामिल हैं। गर्ग ने कहा कि आग पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर लगी थी।


## ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदार्य किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.02.2024 में दिनांक 02.03.2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदार्य दिनांक 02.03.2024 को साँय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओं क सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र. सं- | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (18% GST सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचम राज्य वित्त/5वाँ वित्त आयोग | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में 15 स्थानो पर क्रॉसिंग पर चेनल लगाई का कार्य | नग-15 | 447300.00 | 44730.00 | 450.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में नौशाद के मकान से इप्लाख के मकान तक इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य। | ल. - 22.50 मी. | 119800.00 | 11980.00 | 120.00 | 15 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में राजीव के प्लॉट से डॉ. याकूब के मकान तक नाली निर्माण का कार्य। | ल. - 73.00 मी. | 104000.00 | 10400.00 | 110.00 | 15 दिन |
| 4 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में मामचन्द के मकान से पप्पू के प्लॉट तक नाली निर्माण का कार्य। | ल. - 56.00 मी. | 86000.00 | 8600.00 | 90.00 | 15 दिन |
| 5 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में आसिफ के मकान से अलीमू के मकान तक इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य। | ल. 94.50 मी. | 646500.00 | 64650.00 | 650.00 | 15 दिन |
| 6 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में खेमचन्द के मकान से योगेश प्रधान के प्लॉट तक सपोर्ट वॉल व इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य। | ल. - 75.00 मी. | 654300.00 | 65430.00 | 660.00 | 15 दिन |
| 7 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में आंगनवाड़ी केन्द्र न.-4 से सुभाष के मकान तक इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य। | ल. - 68.00 मी. | 543600.00 | 54360.00 | 550.00 | 15 दिन |
| 8 | ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर में मुख्य मार्ग से सुभाष के मकान तक इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य। | ल. - 72.00 मी. | 558600.00 | 55860.00 | 560.00 | 15 दिन |

1. अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन०एस०सी/एफ० डी०आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत असालतपुर फरुखनगर के नाम से बंधक होगी।
2. कार्य पी.डब्लू.डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा ।
3. नियमानुसार सभी शासकीय कटोतियां की जायेंगी।
4. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
5. कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

हस्ता./- ग्राम प्रधान, ग्राम असालतपुर फरुखनगर, वि.ख.लोनी गा.बाद

हस्ता./- ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम असालतपुर फरुखनगर, वि.ख.लोनी गा.बाद



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 92/2023-2024 दिनांक 09.02.2024. क्र.सं. 07 निविदा संख्या 77239055RGC खुलने की तिथि 21.03.24**

उपरोक्त संदर्भित निविदा में दोनों मदों के मद विवरण को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

नोट: उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 613/24



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट संख्या-1, नॉलेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर-201308, उ.प्र.
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल : authority@gnida.in

पत्रांक: वरि०प्र०/(ई-निविदा सेल)/2024/498ए दिनांक: 24 फरवरी, 2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- वरि०प्र०/(ई-निविदा सेल)/2024/498ए दिनांक 24/02/2024 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 18 तक के कार्य की ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| | **निर्माण कार्य** | |
| 1. | ग्राम-पाली एवं थापखेड़ा क्षेत्र (पार्ट-ए) में 60 मी० एवं 45 मी० चौड़ी पेरिफेरियल सड़क का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रू0 3262.32 लाख |
| 2. | ग्राम-पाली में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रू0 192.60 लाख |
| 3. | ग्राम जैतपुर-वैसपुर में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्ड (अवशेष कार्य) का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रू0 98.62 लाख |
| 4. | सैक्टर-गामा-1 में कादम्बा शॉपिंग कॉम्पलेक्स के रखरखाव का कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 20.17 लाख |
| 5. | ग्राम-साकीपुर में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों (पॉकेट-एन. डी. सी. एवं ए 1) का अवशेष विकास कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 416.19 लाख |
| 6. | ऑफिस बिल्डिंग टॉवर-2 में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ तल पर फ्लोरिंग, फॉल्स, सिलिंग, पैंटिंग एवं मिशिलेनियश कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 67.35 लाख |
| 7. | ऑफिस बिल्डिंग टॉवर-2 में पंचम तल पर कॉमर्शियल कोर्ट का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 40.72 लाख |
| 8. | ग्राम-शेओराजपुर में इंटरलॉकिंग टाईल्स एवं ड्रैन (सिद्ध बाबा मंदिर से रूपेश) लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-2) | रू0 27.70 लाख |
| 9. | ग्राम-मलकपुर में सी0सी0 रोड़ एवं नाली की मरम्मत एवं उठाने का कार्य तथा प्राथमिक विद्यालय से मलकपुर रोटरी तक आर0 सी0 सी0 ड्रैन का पुनः निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-4) | रू0 209.31 लाख |
| 10. | सैक्टर-नॉलेज पार्क-5 में 24 मी0 चौड़ी सड़क न्यू पॉकेट की रिसरफेसिंग का कार्य। (वर्क सर्किल-3) | रू0 56.96 लाख |
| 11. | ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 4, 5, 6 व 7 के विभिन्न रोडों एवं सैक्टरों में पैच रिपेयेरिंग का कार्य। (वर्क सर्किल-05) | रू0 269.55 लाख |
| | **जलापूर्ति का कार्य** | |
| 12. | सैक्टर-सिग्मा-2 में गंगाजल कैम्पस आर-2 की सड़क, ड्रेन, रेन, वाटर हारवेस्टिंग, टॉयलेट एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-जल विभाग) | रू0 14.89 लाख |
| 13. | सैक्टर ईटा-01, में गंगाजल कैम्पस आर-11, की सड़क, ड्रेन, रेन, वाटर हारवेस्टिंग, टॉयलेट एवं गार्ड रूम एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-जल विभाग) | रू0 41.36 लाख |
| 14. | सैक्टर फाई-3 और 4 में गंगाजल कैम्पस आर-7, की सड़क, ड्रेन, रेन वाटर हारवेस्टिंग, टॉयलेट, गार्ड रूम एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-जल विभाग) | रू0 21.46 लाख |
| 15. | ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सैक्टर-31 (ईकोटेक-1 औद्योगिक) में जलापूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाये जोन एवं तत्सम्बन्धित कार्यों के सम्बन्ध में। (वर्क सर्किल-जल विभाग) | रू0 437.78 लाख |
| | **उद्यान विभाग** | |
| 16. | 130 मी0 रोड़ तिलपता रोटरी से डी- पार्क पुलिस चौकी तक लेफ्ट साइड में पौधें एवं घास लगाने का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान विभाग) | रू0 153.44 लाख |
| 17. | 130 मी0 रोड़ डी-पार्क पुलिस चौकी से एक मूर्ति रोटरी तक लेफ्ट साइड में पौधें एवं घास लगाने का विकास कार्य (वर्क सर्किल-उद्यान विभाग) | रू0 159.03 लाख |
| | **विद्युतीकरण का कार्य** | |
| 18. | ग्राम डाबरा में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का विद्युतीकरण कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-3) | रू0 169.03 लाख |

क्रम सं0 02, से 03, 04, 06, 07, 08, 10, 12, 13, 14, 16, 17 एवं 18 पर अंकित कार्य दिनांक-27.02.2024 से 07.03.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 11.03.2024 को 11:00 बजे एवं क्रम सं0 01, 05, 09, एवं 11 से 15 पर अकिंत कार्य दिनांक 27.02.2024 से 11.03.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 13.03.2024 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)

Follow Us On / OfficialGNIDA

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "तीनों भवन फाइनल स्टेज में है, लाइटिंग का कार्य, फ्लोरिंग का कार्य, शौचालय की व्यवस्था का कार्य, रंगाई पुताई का कार्य, व अन्य चल रहे कार्य का जायजा लिया गया। शीघ्र ही तीनों भवनो का उद्घाटन का कराने की प्लानिंग चल रहा है।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

## पुश्ता रोड पर पलटी कार, एक की मौत, दो घायल

**नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एक्सप्रेस वे से सटी पुश्ता रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में तीन लोग सवार थे। इसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। बताया गया कि कार काफी स्पीड में थी और एक गड्ढ़े में टायर जाने से वो पलट गई। थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मृतक नोएड की एक कंपनी में इंजीनियर था। पुलिस के मुताबिक संदीप चौधरी, पर्व राठी और प्रशांत चौधरी एक आईटी कंपनी इंजीनियर हैं। रविवार रात ढाई बजे के करीब तीनों एक कार में सवार होकर पुस्ता रोड के रास्ते अपने घर जा रहे थे। तीनों ऑफिस की एक पार्टी से घर लौट रहे थे। जब वे गांव वाजिदपुर कट से गांव नंगली को जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो सड़क पर गड्ढ़ा होने की वजह से कार पलट गई। हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। वहां संदीप चौधरी निवासी ई- 501, सेक्टर 16, गौर सिटी ग्रेटर नोएडा की मौत हो गई। जबकि पर्व और प्रशांत का इलाज चल रहा है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी निरीक्षक सरिता मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसके दो साथियों की हालत खतरे से बाहर है। इस मामले में मृतक के परिजनों की तरफ से किसी भी तरह की शिकायत नहीं की गई है।

# 12 महीने में 13 हजार खरीदारों को मिलेगा मालिकाना हक

- 1 मार्च को होंगी 100 रजिस्ट्रियां,
- 25 प्रतिशत जमा करने पर दी 35 बिल्डर ने सहमति, इससे होगी 3412 बायर्स की रजिस्ट्री

**नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। घर खरीदारों के लिए राहत भरी खबर है। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। इसके लिए 35 बिल्डरों ने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत प्राधिकरण को सहमति दे दी है। ये रजिस्ट्री होंगी जब बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा करेगा। ये पैसा बिल्डरों को एक साल में जमा करना है। सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बिल्डरों ने 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कराए है। इनकी रजिस्ट्री एक मार्च से शुरू हो जाएगी। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। एक मार्च को हम 100 बायर्स की रजिस्ट्री करेंगे। इसके लिए कैंप लगाया जाएगा। बाकी रजिस्ट्रियों के लिए भी बिल्डर प्रमिसिस में कैंप लगाए जाएंगे।

अमिताभ कांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकाएदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को मानते हुए कुल बकाए की 25 प्रतिशत धनराशि जमा करने के लिए अभी तक 35 बिल्डरों ने सहमति दे दी है। सात बिल्डरों ने बकाये की धनराशि का 25 प्रतिशत करीब 30 करोड़ रुपया जमा भी करा दिया है। सहमति देने वाले अन्य बिल्डरों को जीरो पीरियड का लाभ देते हुए कुल बकाये के संबंध में जानकारी दे दी गई है।

### इन बिल्डरों ने दी सहमति

>>निंबस का हाइड पार्क
>>प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
>>ऐपक्स ड्रीम होम्स
>>गुलशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड
>>डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
>> केपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
>> एम्स आरली एंगल प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
>> एचआर ओरेकल डिवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
>> गार्डेनिया शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड
>> महागुन रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड
>> गुलशन होम्स एंड इंफ्रा स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-144
>> शनसाइन हिल्यौस सेक्टर-78
>> गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
>> सन वर्ड डेवलपर्स
>> सन वर्ड रेजिडेंसी प्राइवेट लिमिटेड
>> पेरामाउंट प्रो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड
>> नेक्जन इंफ्राकोन प्राइवेट लिमिटेड
>> प्रतीक बिल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
>> पैन रिएलटर्स
>> सिक्का इंफ्रा स्ट्रक्चर
>> एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
>> एक्सप्रेस बिल्डरर्स
>> स्काइटेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
>> जेएम हाउसिंग
>> ग्रेट वेल्यूस प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
>> ओमेक्स बिल्डवेल लिमिटेड
>> कलरफुल स्टेट।

### अन बिल्डरों ने जमा कराया पैसा

>> डिवाइन इंडिया इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-108
>> केपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड सेक्टर-168
>> एम्स आरजी एंड प्रोमोटर प्राइवेट लिमिटेड / गोल्फ ऐव्यन्यू सेक्टर-75
>> एचआर ओरेकल डवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड / इलाइट होम्स सेक्टर-77
>> गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड एक्सप्रेस बिल्डर एंड प्रमोटर्स सेक्टर- 77

### बड़े बिल्डर से नहीं बन रही बात

नोएडा में कुल 57 बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिसमें से 35 ने सहमति दी है। बाकी बड़े बकाएदार बिल्डर है। जिनको भी बैठक में बुलाया जाता है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि वे बैठक में आते है। लेकिन बकाया जमा करने को लेकर सहमति नहीं दे रहे। इसलिए इन पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है।

# एक्सप्रेस वे दिल्ली लिंक रोड होगी चौड़ी

- प्राधिकरण जारी कर रहा टेंडर, रोजाना 1 लाख वाहन चालकों को होगा फायदा

**नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एक्सप्रेस-वे के रास्ते गुजरने वाले 1 लाख वाहनों को रोजाना सेक्टर-14 प्रवेश द्वार (चिल्ला बार्डर) से महामाया फ्लाई ओवर तक जाने में जाम की समस्या होती है। इसलिए प्राधिकरण फिल्म सिटी गेट से महामाया फ्लाईओवर तक के 500 मीटर रोड़ को चौड़ा करने जा रहा है। इसके तहत सेक्टर-14 ए व 15ए के बाहर बने फुटपाथ की चौड़ाई का कम किया जाएगा। करीब ढाई मीटर तक सड़क चौड़ी की जाएगी। इससे बॉटलनेक को खत्म किया जा सके। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इसके टेंडर जारी किए जा रहे है। मार्च में काम शुरू हो जाएगा।

सेक्टर-14 चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाई ओवर तक तीन तीन लेन की सड़क है, सड़क की चौड़ाई को कैसे बढ़ाया जाएगा। इसको लेकर प्राधिकरण कार्यालय में लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पहले प्रपोजल में कंपनी में तीन ऑप्शन दिए थे। इसी में से लेन बढ़ाने वाले विकल्प को चुना गया है। टीपीए इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कंसलटेंट के रूप में चयनित कर सड़क का सर्वे भी कराया गया, जिसमें समस्या से निजात के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया।

इसमें स्पष्ट किया गया कि सेक्टर-14ए से महमाया फ्लाईओवर तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ को खत्म कर और पेड़ों को हटाकर या शिफ्ट कर एक लेन को बढ़ाया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ महामाया फ्लाईओवर से चिल्ला बार्डर यानी नोएडा से दिल्ली रूट की सड़क को चौड़ा नहीं किया जा सकता। यहां एक तरफ राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थाल है। साथ ही सैकड़ों पेड़ भी है। ऐसे में पूरे पैच की चौड़ाई न बढ़ाकर बॉटलनेक स्थान पर करीब 500 मीटर के पैच की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा।

### कहा-कहा लगता है जाम इसे समझे

दिल्ली से डीएनडी होकर लूप के जरिए एक्सप्रेस वे पर जो ट्रैफिक जाता है। वो लूप से उतरते ही जाम का कारण बनता है। इसके अलावा सेक्टर-18 से एक्सप्रेस वे की तरफ जाने पर वाहन चालकों को जाम मिलता है। इस पैच के चौड़ा होने से काफी राहत मिलेगी। वाहन चालकों को जाम नहीं झेलना पड़ेगा।

### 10 मिनट की दूरी तय करने में लग रहे 30 मिनट

दिल्ली से यूपी के मुख्य शहर नोएडा, ग्रेटरनोएडा, आगरा, बुलंदशहर, लखनऊ तक जाने के लिए लोग चिल्ला बार्डर से सीधे महामाया फ्लाईओवर पार कर एक्सप्रेस-वे जाते है। चिल्ला बार्डर से एक्सप्रेस वे तक पहुंचने में उन्हें महज 10 मिनट का समय लगना चाहिए। लेकिन यहां बॉटलनेक के चलते 10 मिनट की दूरी तय करने में 30 मिनट तो कभी कभार एक घंटे तक लग रहे है। पीक आवर में यहां कई किलोमीटर लंबा जाम भी झेलना पड़ रहा है।

# प्राधिकरण से मुआवजा लेकर बेच दी जमीन

- 8.30 करोड़ की धोखाधड़ी, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के गांव सलारपुर में नोएडा प्राधिकरण को जमीन देने के बाद भूखंड का बैनामा करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बैनामा करके 8.30 करोड़ रुपए हड़प लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिर्जापुर के जयेश सेठ ने अदालत में दिए प्रार्थना में बताया कि उन्होंने बिलासपुर गौतमबुद्ध नगर के अरुण कुमार, वाराणसी के जितेंद्र कुमार सिंह के साथ मिलकर संयुक्त रूप से गांव सलारपुर के मंगत, सलीम तथा हकिमन से गांव सलारपुर में एक आवासीय भूखंड का बैनामा कराया। जिसका रकबा 5444.92 वर्ग गज है। इस भूखंड की कीमत 8,30,10,000 रुपए का चेक 22 सितम्बर 2014 को दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि भूखंड खरीदने के बाद से वह काबिज हैं। नोएडा प्राधिकरण से अब यह जानकारी प्राप्त हुई है कि इस भूखंड को आरोपितों ने 27 जुलाई 2010 में 1,00,15,500 रुपए लेकर प्राधिकरण के हक में बैनामा किया जा चुका है। आरोप है कि आरोपितों ने तथ्य छिपाकर भूखंड का बैनामा शिकायतकर्ता को कर दिया। आरोपितों ने धोखाधड़ी करके 8.30 करोड़ रुपए हड़प लिए। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मंगत, सलीम और हकिमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### प्राधिकरण की परियोजनाओं का सांसद ने किया शिलान्यास



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं का शिलान्यास सोमवार को सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने किया। जिसमें सेक्टर 15ए की आंतरिक सड़कों, नालियों का अनुरक्षण एवं नालियों पर कवर रखने का कार्य करीब 72.56 लाख, सेक्टर 27 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण एवं ढकने का कार्य लागत 344.43 लाख, सेक्टर 21 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण एवं ढकने का कार्य 529.67 लाख, सेक्टर 34 में भूखंड संख्या ए-94, के साथ सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगात 248.88 लाख, सेक्टर -55 के ब्लाक ए,बी,डी एवं ई में नाली की मरम्मत एवं नाली पर कवर रखने का कार्य 80.12 लाख के शामिल है। इसके बाद 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सी- 22, सेक्टर 56, धवलगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर 11, नोएडा में आत्मीय संवाद कर कुशलक्षेम जाना।

### कावड़ मेले पर श्रद्धालुओं को संपूर्ण व्यवस्था देने का किया आह्वान



**बुलंदशहर।** प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर अनुपशहर पर लगने वाले कावर मेले की तैयारी को लेकर पंचायत घर मलकपुर पर बैठक कर उपजिलाधिकारी अनूपशहर नवीन कुमार , क्षेत्राधिकारी पुलिस डॉ अनूप सिंह व प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व कावड़ मेले की कमेटी व लोगों के साथ बैठक कर तैयारी के साथ-साथ सभी बिंदुओं पर सुझाव आमंत्रित कर चर्चा की प्रस्तावित बिंदुओं में सुरक्षा व्यवस्था, वेरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, व जल चढ़ाने वाली श्रद्धालुओं को दिए जाने वाली सुविधाएं लगने वाले भंडारो की तैयारी का जायजा लेकर उपस्थित अधिकारियों ने प्राचीन शिवलिंग ढाका मलकपुर अनुपशहर पर पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। बैठक में चौकी इंचार्ज मेजर सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, निजाम प्रधान, रायसिंह प्रधान, पवन चौधरी, रामेश्वर शर्मा, छोटे हाजी ,हाजी जहीर, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाहा ,आनंद ,सत्येंद्र चौधरी सहित दर्जनों गणमान्य लोग सम्मिलित रहे।

### डीएलएफ मॉल ऑफ़ इंडिया ने रोड सेफ्टी के प्रति किया जागरूक

**नोएडा।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए डीएलएफ मॉल ऑफ़ इंडिया की ओर से एक्टिव नोएडा बाइकएथॉन का आयोजन किया गया। नोएडा पुलिस और मैक्स हेल्थकेयर के साथ मिलकर की गई इस बाइकएथॉन में 200 से ज्यादा बाइक राइडर्स ने हिस्सा लिया। बाइकएथॉन की



शुरुआत नोएडा सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ़ इंडिया से की गई। यहां से बाइक राइडर्स ने लोगों को जागरुक करते हुए गौड़ चौक ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक बाइक चलाई और उसके बाद वापस डीएलएफ मॉल ऑफ़ इंडिया पर आकर इसका समापन किया गया। एसीपी ट्रैफ़िक राजीव कुमार गुप्ता और डीएलएफ़ मॉल के सेंटर हेड शिब्ली ख़ान ने इसे हरी झंडी दिखाई। बाइक राइडर्स को एक्सीडेंट के दौरान पीड़ितों की मदद करने के बारे में मैक्स हेल्थकेयर के डॉक्टरों ने जानकारी दी।

# सेफ सिटी के तहत लगेंगे 2500 कैमरे

- मार्च में शुरू हो जाएगा काम, 200 करोड़ रुपए होंगे खर्च
- 550 स्थान किए गए चिन्हित

**नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अगले महीन से शहर के अलग-अलग स्थानों पर 2500 कैमरे लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए इसी सप्ताह टेंडर जारी किए जा रहे है। जिन 550 स्थानों पर कैमरे लगाए जाने है उसकी सूचनी पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण को सौंप दी है। सूची में भीड़ भाड़ वाले बाजार के अलावा स्कूल, धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

ये कैमरे आईएसटीएमएस की बजाए सेफ सिटी के तहत लगाए जाएंगे। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा। हालांकि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरों में नजर आएंगे। जिन जगह कैमरे लगाए जाएंगे उनमें अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्र ही है। योजना के तहत फेस डिटेक्शन कैमरे लगाए जाएंगे। बदमाशों का डाटा पुलिस के पास पहले से रहेगा। ऐसे में कोई भी बदमाश यदि इन कैमरों की जद में आता है तो उसकी लाइव लोकेशन और पूरा डाटा कंट्रोल रूम में दिखाई देगा।

जिससे उसे आसानी से पकड़ा जा सकेगा। कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के बाद इसकी पूरी ट्रैनिंग पुलिस को देगी। प्राधिकरण ने बताया कि कंपनी चयन होने के बाद मार्च में काम शुरू कर दिया जाएगा। सेफ सिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। जिससे कोई भी जानकारी या सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी और पीआरवी और डायल-112 को जानकारी दी जा सकेगी।

**इन चार तरह के कैमरों से होगी निगरानी**

पैन टिल्ट जूम कैमरा किसी भी समय चारों तरफ घुमाया जा सकता है। इसके साथ ही करीब 1700 मीटर तक इसकी रिकॉर्डिंग जूम कर साफ देखी जा सकेगी।

बुलेट कैमरा 250 से ज्यादा की स्पीड में गुजरे वाहन की फुटेज बनाने में सक्षम होंगे। ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर व सामान्य सीसीटीवी पहले से आईटीएमएस में लगे हुए हैं।

# हाफिज ए कुरान बनने पर दस्तारबंदी में दो छात्र सम्मानित

**गाजियाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। रविवार की देर रात में शबेबरात के मौके पर मुस्लिम भाइयों ने पूरी रात इबादत की। साथ ही दुनिया भारत देश में अमन चैन कायम करने के लिए दुआ की। वहीं वीर अब्दुल हमिद कॉलोनी स्थित मदरसा जामिया हज्जुतुल इस्लाम जन्नत मस्जिद मस्जिद में दो छात्रों के हाफिज ए कुरान बनने पर दस्तारबंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हाफिज कुरान बनने पर दोनों छात्रों को पगड़ी बांधी गई और उनका विशेष सम्मान उनके उस्तादों और इलाके के मौजिज लोगों ने किया।

मदरसा एजाजुल उलूम वैठ के मुफ्ती मोहसिन इस मौके पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि मुसलमान को आज तालीम (शिक्षा) के प्रति जागरूक होना होगा। साथ ही इस्लाम में बताए गए रास्तों पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि मुसलमान



- मुसलमान दीनी तालीम के साथ दुनियाई तालीम भी हासिल करें : मुफ्ती अब्दुल्लाह

जो भी कम करें अल्लाह की रजा (खुशी) के लिए करें और इस्लाम में बताए गए तरीकों के मुताबिक करें तो उन्हें कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इस्लाम ऐसा मजहब है जो इंसानियत को फैलाने का काम करता है। इसलिए मुसलमान को ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन का इस्तेमाल केवल अच्छे कार्यों के लिए करें। अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए करें मोबाइल में जो खराबी है उनसे दूर रहे। इस मौके पर मदरसे के उस्ताद मुफ्ती अब्दुल्ला ने कहा कि मुसलमान की तरक्की के लिए दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियाई तालीम भी बेहद जरूरी है । उन्होंने कहा कि मुस्लिम बच्चों को इस्लाम की तालीम लेनी चाहिए उसके बाद दिन दुनिया ही तालीम भी लेनी चाहिए ताकि उसका बेहतरीन विकास हो सके और वह दुनिया में बेहतर इंसान साबित हो सके। करीब 4 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में मदरसे के छात्र हाफिज अरमान, हाफिज इमरान, हाफिज रेहान व हाफिज तलाह ने कुरान व इस्लाम की शिक्षाओं के बारे में बताया।

# भिक्कनपुर व बसंतपुर में चला जीडीए का पीला पंजा, कई अवैध कालोनियां ध्वस्त

**गाजियाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर सोमवार को जोन दो में चला। प्रवर्तन जोन 2 की प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान कई कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। यह कॉलोनी अवैध रूप से बसाई जा रही थी।



प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में आज सचल दस्ता पहले भीखनपुर पहुंचा और वहां पर राजीव शर्मा, अजय, धर्मपाल और श्योदान द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जीडीए पहले भी इन कॉलोनीयों को ध्वस्त कर चुका है लेकिन यह लोग बार-बार कॉलोनी बना रहे हैं।

इसके अलावा बसंतपुर सेन्थली में आनंद त्यागी, नीरज त्यागी, अंकित त्यागी, भीखनपुर में ब्रह्मपाल, राजेंद्, राजवीर और सतवीर द्वारा बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को तोड़ दिया गया। यह कॉलोनी टीओडी क्षेत्र में अवैध रूप से बनाई जा रही थी जिसका क्षेत्र पर 44000 वर्ग मीटर था। इसके अलावा कोड क्षेत्र में ही बखारवा में संजय व अन्य भूमाफिया द्वारा बसाई जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कॉलोनी 25000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही थी। जीडीए की टीम में सहायक अभियंता कदीर अहमद अंसारी, सहायक अभियंता योगेंद्र कुमार वर्मा, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

# वाल्मीकि सभागार व उत्तरांचल, पूर्वांचल भवन का जल्द होगा उद्घाटन

- निर्माण कार्य अंतिम चरण में नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोगों के लिए प्रदेश सरकार बहुत जल्द सौगात देने जा रही है इसमें वाल्मीकि सभागार और उत्तरांचल व पूर्वांचल भवन का उद्घाटन बहुत जल्दी होने वाला है। संभावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी सौगात अपने हाथों से गाजियाबाद के लोगों को देंगे तीनों ही के निर्माण कार्य अंतिम चरण में और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने सोमवार को इनका निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द इनका कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लें ताकि समय से इनका उद्घाटन हो सके।

नगर आयुक्त ने बताया कि नंदग्राम में बन रहे उत्तरांचल भवन अर्थला में



बन रहे पूर्वांचल भवन तथा वाल्मीकि सभागार जो की हिंडन विहार में बनाया जा रहा है। लगभग तीनों भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है फाइनल स्टेज पर कार्य चल रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि तीनों भवन फाइनल स्टेज में है, लाइटिंग का कार्य, फ्लोरिंग का कार्य, शौचालय की व्यवस्था का कार्य, रंगाई पुताई का कार्य, व अन्य चल रहे कार्य का जायजा लिया गया। शीघ्र ही तीनों भवनो का उद्घाटन का कराने की प्लानिंग चल रही है, वाल्मीकि सभागार का कार्य 95 प्रतिशत कंप्लीट हो चुका है इसी क्रम में उत्तरांचल भवन का 90 प्रतिशत तथा पूर्वांचल भवन का भी 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है उक्त भवन के आसपास के मार्गों को भी व्यवस्थित और सुंदर बनाने की तैयारी गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है। जिसके लिए संबंधित विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता एन के चौधरी, अधिशासी अभियंता देशराज सिंह तथा सहायक अधिशासी अभियंता अनूप शर्मा व अन्य निर्माण की टीम उपस्थित रही।

# भारतीय रेल-प्रगति की ओर प्रयत्नशील : वीके सिंह

## -पीएम ने ऑनलाइन किया दस करोड़ की लागत से बनने वाले कड़कड़ मॉडल अंडरपास का शिलान्यास

**गाजियाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं की सौगात अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास/ उद्घाटन का राष्ट्र को समर्पण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह के प्रयास के बाद कड़कड़ मॉडल अंडरपास भी शामिल है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 10 करोड़ की लागत आएगी और इससे 10000 से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। इस अंडरपास का निर्माण बॉक्स पुशिंग तकनीक से किया जाएगा। इसमें 10 मीटर लंबाई के 7 बक्से होंगे, जिनका आंतरिक आयाम 5 मीटर गुणा 7 मीटर होगा। इस अवसर पर ग्राम कड़कड़ मॉडल गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह जी में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, रेलवे ने जनवरी 2019 में ही अपने ब्रॉड गेज ट्रैक नेटवर्क पर सभी मानवरहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म कर दिया है।



अब ओवर ब्रिज या अंडरपास के माध्यम से मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को भी हटाने पर जोर दिया जा रहा।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, विक्रम सिंह राणा, सीनियर अभिषेक कुमार, रेलवे पुलिस के एसीपी चौधरी राजसिंह, विधानसभा संयोजक साहिबाबाद राजेश्वर प्रसाद, पार्षद शशि, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद जोगेंद्र कुमार, पूर्व पार्षद गोपाल, बीएल गौतम, बृजविहार के पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेश शर्मा सुभाष राणा, बॉबी त्यागी उपस्थित थे।

उवाच

वर्ष 2009 की आवासीय योजना में फंसे 2319 भूखंडों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मुहर लगने के बाद शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।
**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

# यमुना एक्सप्रेस वे से फिल्म सिटी को जोड़ने के लिए बनेगा इंटरचेंज



- **फिल्म सिटी की 230 एकड़ जमीन पर यमुना प्राधिकरण ने लिया कब्जा**
- **फिल्म सिटी में पहुंचना हो जाएगा आसान, वीवीआई लोगों को पहुंचने में नहीं होगी दिक्कत**
- **प्रथम चरण में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जमीन का किया गया सीमांकन**
- **पिलर लगाकर की जा रही तारबंदी कराई जा रही साफ सफाई**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जीरो प्वाइंट से 24 किमी पर इंटरचेंज का निर्माण किया जाएगा। जिससे कि फिल्म सिटी में आने वाले वीवीआईपी लोगों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो और सीधे फिल्म सिटी पहुंच जाए। वहीं प्रथम चरण में 230 एकड़ में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जमीन का सीमांकन करते हुए पिलर लगाकर उसकी तारबंदी का काम शुरू कर दिया गया है। इस पर 37 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

दरअसल यीडा सिटी के सेक्टर-21 में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के लिए 1000 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इसका प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। आर्थिक बिड में सबसे बड़ी बोली लगाकर मेसर्स बेव्यू प्रोटेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ने विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त कर लिया है। सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट होने की वजह से इस परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं फिल्म सिटी में पहुंचना आसान हो सके, इसके लिए यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से 24 किमी पर इंटरचेंज बनाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अगले माह विकासकर्ता कंपनी को आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। इसको देखते हुए प्रथम चरण की 230 एकड़ जमीन पर 1400 पिलर लगाकर सीमांकन कर लिया गया है। साथ ही तारबंदी भी शुरू कर दी गई है, ताकि उक्त जमीन पर कोई अवैध गतिविधि संचालित न किसी जा सके। अभी उक्त जमीन पर कुछ किसानों द्वारा खेती की जा रही है। आवंटन पत्र मिलने के बाद विकासकर्ता कंपनी द्वारा शिलान्यास किया जाएगा, इसको देखते हुए साफ सफाई का काम भी शुरू कर दिया गया है।

> प्रथम चरण में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जमीन का सीमांकन करने के लिए पिलर लगाकर तारबंदी शुरू कर दी गई है, ताकि उक्त जमीन पर अवैध गतिविधि न हो सके। साथ ही फिल्म सिटी को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण किया जाएगा।
> **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

**इंटरचेंज बनने से फिल्म सिटी में पहुंचना हो जाएगा आसान**

फिल्म सिटी को यमुना एक्सप्रेस वे से सीधे जोड़ने के लिए प्राधिकरण ने जीरो प्वाइंट से 24 किमी पर इंटरचेंज बनाने का निर्णय लिया है। इसके बन जाने से फिल्म सिटी में पहुंचना काफी आसान हो जाएगा। वीवीआईपी लोगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आगरा व दिल्ली से आने वाले लोग सीधे फिल्म सिटी पहुंच जाएंगे।

# यीडा के पहली आवासीय योजना के 2319 भूखंड दूसरी जगह होंगे शिफ्ट

- **भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित हैं भूखंड**
- **आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा शिफ्टिंग का प्रस्ताव**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की सबसे पहली आवासीय योजना में फंसे 2319 भूखंडों के आवंटियों के लिए राहत भरी खबर है। प्राधिकरण ने इन भूखंडों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का फैसला लिया है। शिफ्टिंग से संबंधित प्रस्ताव प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। ये सभी भूखंड गांव भट्टा पारसौल की जमीन पर आवंटित किए गए थे। किसानों के कोर्ट चले जाने से जमीन पर कब्जा नहीं मिलने से आवंटी इधर- उधर भटक रहे हैं।

दरअसल यमुना प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2009 में 21 हजार भूखंडों की आवासीय योजना लाई गई थी। योजना में सफल रहे आवेदकों को यीडा सिटी के सेक्टर-18 और 20 में भूखंड आवंटित गए हैं। इस बीच जमीन प्राधिकरण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों के कोर्ट चले जाने से प्राधिकरण को जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया। जिससे प्राधिकरण निर्धारित समय 2013 तक आवंटियों को भूखंड नहीं दे पाया। साथ ही सेक्टर का विकास भी नहीं हो सका। मामला लंबे समय तक कोर्ट में लंबित रहा। इसका रास्ता निकालते हुए कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि 80 फीसदी याचिकाओं के वापस लेने पर किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व 7 फीसदी आबादी का भूखंड का लाभ दिया जा सकता है। निलौनी, शाहपुर, रौनीजा, पचोकरा, दनकौर, रूस्तमपुर, मिर्जापुर, रामपुर आदि गांवों के किसानों को राजी करने में प्राधिकरण सफल रहा है। लेकिन भट्टा पारसौल के किसानों ने अभी याचिका वापस नहीं है, जिससे भट्टा पारसौल गांव की जमीन पर आवंटित किए गए 2319 भूखंडों पर अभी तक कब्जा नहीं मिल पाया है। ऐसे में आवंटियों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने सभी 2319 भूखंडों को दूसरी जगह शिफ्ट करने जा रहा है। आवंटियों को सेक्टर- 18 और 20 में भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए ऐसे भूखंड चिन्हित किए जा रहे हैं, जो निरस्त हो चुके हैं, या किसी आवंटित ने सरेंडर कर दिया है।

वर्ष 2009 की आवासीय योजना में फंसे 2319 भूखंडों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मुहर लगने के बाद शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

# ग्रेनो के औद्योगिक सेक्टरों में रोड, स्ट्रीट लाइट व पानी की समस्या जल्द होगी दूर





- **उद्योग बंधु की बैठक में सीईओ एनजी रवि कुमार ने दिया आश्वासन**
- **उद्यमियों की शिकायतें हल करने की जिम्मेदारी एसीईओ को सौंपी**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टरों में रोड, स्ट्रीट लाइट व पानी आदि समस्याओं को जल्द हल किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक में यह आश्वासन दिया। सीइओ ने बैठक के दौरान ही एसीईओ को उद्यमियों की शिकायतों को प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश दिए।

उद्योगों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में उद्योग बंधु की बैठक हुई, जिसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के एरिया के उद्यमियों ने हिस्सा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में डीएम मनीष कुमार वर्मा, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीइओ अन्नपूर्णा गर्ग, ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी विशु राजा समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। उद्यमियों ने एक-एक करके अपने उद्योगों से जुड़ी समस्याओं को प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस महकमें के अधिकारियों के समक्ष रखा। उद्यमियों ने बताया कि औद्योगिक सेक्टरों में स्ट्रीट लाइट न जलने की समस्या है।

शाम होने के बाद सड़कों पर अंधेरा हो जाता है। कई सेक्टरों में सड़कें खराब हो रही हैं। पानी की आपूर्ति न होने के बावजूद बिल लगातार आ रहा है। हल्दौनी मोड़ पर ट्रैफिक की समस्या रहती है। सीईओ ने इन समस्याओं को सुनने के बाद एसीईओ को शीघ्र हल कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पानी की आपूर्ति की समस्या को हल करने के लिए वरिष्ठ प्रबंधक को 10 दिन का समय दिया है। सीईओ ने कहा कि कोई भी आवंटी, चाहे वह किसान हों, उद्यमी या फिर बिल्डर-खरीदार हों, वे कभी भी ऑफिस आकर उनसे मिल सकते हैं। उद्यमियों की मांग पर सीईओ ने उद्योग बंधु की बैठक नियमित रूप से करने का भरोसा दिलाया। उद्यमियों ने भी सीईओ के प्रयासों की सराहना की। सीईओ के समक्ष उद्यमियों ने ओटीएस, यूपीसीडा के सेक्टरों को ग्रेटर नोएडा में मर्ज करने आदि सुविधाएं देने की भी मांग की। सीईओ ने कहा कि ये सभी नीतिगत फैसले हैं। इसलिए प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष रखकर इन पर विचार किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक एक मार्च को

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 134 वीं बोर्ड एक मार्च को होगी। प्राधिकरण के अध्यक्ष व आयुक्त विकास आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक होगा। बोर्ड बैठक में आगामी वित्तीय साल 2024-25 का बजट भी रखे जाने की उम्मीद है। इसके अलावा बोर्ड में शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण परियोजना को अमलीजामा पहनाने, किसानों से संबंधित प्रस्ताव, औद्योगिक भूखंड आवंटन नीति में बदलाव समेत कई महत्वपूर्ण बैठक बोर्ड में रखे जाने की उम्मीद है।

# यमुना प्राधिकरण में जीपीसी से होगा सफाई कर्मियों का सत्यापन

- **प्राधिकरण के 96 गांव में 523 सफाई कर्मी तैनात, दिसम्बर और जनवरी में 380 कर्मचारी ड्यूटी पर मिले**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी(देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक ने गांव की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने के लिए 523 सफाई कर्मियों को तैनात किया है। जांच के दौरान पता चला कि दिसम्बर और जनवरी माह मे 143 कर्मचारियों ने ड्यूटी नहीं किया। यमुना एक्सप्रेस वे की तरफसे इसका सत्यापन करने के बाद 380 कर्मचारियों का ही भुगतान करने का निर्देश जारी किया है। सफाई में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारियों पर शिकंजा कसने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे ने उनकी उपस्थिति का सत्यापन जीपीएस सिस्टम से कराया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने 96 गांवों में सफाई व्यवस्था का जिम्मा एक एजेंसी को दिया है। एजेंसी ने गांवों की सफाई कराने के लिए 523 कर्मचारियों को लगाया है। यमुना प्राधिकरण में लगातार शिकायत मिल रही थी कि निर्धारित कर्मचारी गांव में सफाई के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। जिसमें कई गांव की सफाई व्यवस्था चरमराई गई है। यमुना एक्सप्रेस वे के सीईओ की तरफसे सफाई कर्मचारियों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान पता चला कि दिसम्बर और जनवरी में 523 सफाई कर्मचारी में से सिर्फ380 कर्मचारियों ने ड्यूटी किया। 143 सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण सफाई कर्मचारियों को वेतन रोक दिया गया है। सोमवार को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सीईओ डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने सफाई व्यवस्था को समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियों का प्रकरण उठा। इस पर सीईओ ने सख्त कदम उठाते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों को वेतन रोकने का निर्देश एजेंसी को जारी किया। साथ ही जिन 523 कर्मचारी ड्यूटी कर रहे थे उन्हें दो माह का वेतन न मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए उनका वेतन तत्काल जारी करने का आदेश जारी किया। गांव की सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए सफाई कर्मचारियों को जीपीएस सिस्टम से सत्यापन कराने का निर्देश दिया।

# वार्षिकोत्सव स्प्रिएस्टा में प्रतिभागियों ने दिखाया जौहर



- **तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत खेल-कूद प्रतियोगिता से हुआ आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में तीन दिवसीय स्प्रिएस्टा वार्षिक उत्सव का शुभारंभ खेल प्रतियोगिता से हुआ। तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस में खेल-कूद प्रतियोगिता मे अलग-अलग संस्थानों से करीब 60 टीमों ने अलग-अलग खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन हेम सिंह बंसल, सचिव अनिल बंसल, एवं समूह निर्देशक डॉ. सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वप्रथम 100 मीटर रेस का आयोजन किया गया। महिला छात्रा रेस मे प्रथम विजेता ऋतु सिंह- जी.एल.बजाज, संस्थान से रही एवं द्वितीय विजेता शालू चौहान, आईआईएमटी से रही। पुरुष छात्र रेस मे प्रथम विजेता अंकित- जीएनआईओटी एवं द्वितीय विजेता मोहम्मद तौशिफ- आईएमआई रहे। कबड्डी, वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल के खेल अभी जारी है। कैरम में महिला छात्रा मे प्रथम विजेता वर्षा एवं निधि एच.आई.एम.टी. कॉलेज एवं द्वितीय विजेता दिव्या एवं पूर्वी एच.आई.एम.टी.कॉलेज से रहे। कैरम मे पुरुष छात्र मे प्रथम विजेता अर्णव मौर्या - विश्वेश्वर्या कॉलेज एवं नितिन राजपूत एम.एम.एच. कॉलेज एवं द्वितीय विजेता फहद इकबाल-एच.आई.एम.टी. एवं अविनाश कुमार आई.एम.आई. कॉलेज से रहे। चेस में प्रथम विजेता अभिषेक चौधरी लॉयड कॉलेज एवं द्वितीय विजेता रचना लॉयड कॉलेज से रहे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कार्यकारी निदेशक, डॉ. विक्रांत एवं कविता चौधरी की देख रेख में किया जा रहा है। संस्था के चेयरमेन हेम सिंह बंसल ने विजेता छात्र छात्राओं एवं टीमों को प्रोत्साहित करते हुए जीत के लिये शुभकामनाएं दी।

# जूनियर शिक्षक संघ दनकौर ब्लॉक कार्यकारिणी का हुआ चुनाव



**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक दनकौर की ब्लाक कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक अधिवेशन, निर्वाचन बीआरसी परिसर दनकौर में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में सत्यवीर नागर को ब्लॉक अध्यक्ष, पम्मी मलिक को ब्लॉक महामंत्री, डॉ. रविंद्र नागर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरती शर्मा को कोषाध्यक्ष, किरन कुशवाहा को उपाध्यक्ष (महिला), शैलजा प्रनामी को उपाध्यक्ष, प्रीति गुप्ता को संयुक्त मंत्री, वंदना, दिशा चौधरी, रजनेश रानी, ललिता, सीमा सिंह, मनोज तेवतिया, शैफाली खन्ना, अमित शर्मा, इंतजार खान को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र पाल शर्मा ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष उमेश राठी ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट प्रवक्ता राजेश खन्ना, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष नागर, मंडल महामंत्री जोध सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह नागर एवं जिला महामंत्री शकरुद्दीन खान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अधिवेशन में पर्यवेक्षक के रूप में दादरी ब्लॉक संयोजक श्यामवीर नागर, बिसरख ब्लॉक से फरियाद अली मौजूद रहें। सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन प्राप्त होने के कारण पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निरंजन नागर द्वारा संजय भाटी को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अधिवेशन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज नागर, जिला कोषाध्यक्ष सतपाल लोहिया, सतीश नागर, तारिक अजमत, कृष्ण कुमार शर्मा, ज्ञानचंद, मनोज दनकौरी, जुगेन्द्र नागर, कमलेश यादव, प्रमोद शर्मा, गौरव शर्मा, अनु चतुर्वेदी आदि सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि कम्पोटिज वि0 कानीगढी वि0क्षे0– जेवर जी0बी0 नगर में जर्जर भवन की नीलामी 29.02.2024 या 03.03.2024 को की जानी है, जिसकी न्यूनतम धन राशि 287907रू0 है। अतः 2500/– रू0 नगद जमा करके कोई भी व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।

प्रधानाध्यापक
पूर्व मा0 विद्यालय कानीगढी
वि0 क्षे0 जेवर, गौतमबुद्धनगरन

# विकसित प्रौद्योगिकी और उपयोग के मामले पर एआई और रोबोटिक्स पर प्रशिक्षण



**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एसीएसई विभाग के अभ्युदय क्लब ने विकसित प्रौद्योगिकी और उपयोग के मामले विषय पर एआई और रोबोटिक्स पर एक दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। सत्र में मिक्स-ओ-आरजी के सह-संस्थापक सचिन गौड़ और नागरो नोएडा के वैश्विक मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी गणेश साही ने मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ के रूप में भाग लेकर छात्रों को इन तकनीकों की सफलताओं, चुनौतियों और आकर्षक भविष्य के बारे में विस्तार से समझाया। एक अन्य सत्र में छात्रों और विषय विद्वानो के द्वारा एआई और रोबोटिक्स का परिचय और उनका विकास विभिन्न उद्योगों में व्यवहारिक अनुप्रयोग और इसकी संभावनाओं एवं चुनौतियों जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान विभाग के सभी शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को प्रमुखता के साथ किया जाए संचालित : जिलाधिकारी



- **जिला स्वास्थ्य समिति के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को कहा कि माइक्रो प्लान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं।

उन्होंने हेल्थ वेलनेस सेंटर, मंत्रा ऐप, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है सभी अधिकारीगण एवं चिकित्सकगण अपनी-अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने की दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने रूटीन टीकाकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में नियमित टीकाकरण हेतु लिंक वर्कर के माध्यम से टीकाकरण सत्र पर लाभार्थियों को बुलाया जाएं। उन्होंने टीकाकरण से वंचित परिवारों की सूची जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि कोटेदारों के माध्यम से ऐसे परिवारों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जा सकें। जिन लाभार्थियों के द्वारा कन्याओं का सम्पूर्ण टीकारण नहीं कराया जाता, उनको योजना के लाभ से वंचित करे। उन्होंने जनपद में सभी बच्चों का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा सम्बन्धित विभागों, ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाया जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों के द्वारा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में निरंतर स्तर पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयों एवं समस्त आवश्यक मेडिकल सयंत्र की उपलब्धता रहें।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी, गाजियाबाद से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 1228/अह.राजस्व-एस0डी0ओ0गाजि./2018 दिनांक 06.06.2018 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 165म | स्व0 श्री महीपाल पुत्र स्व0 श्री सोहन व स्व0 श्रीमती गुलकन्दी पत्नी स्व0 श्री महीपाल, निवासी मकान नं0-252 शिब्बनपुरा गाजियाबाद, तहसील व जिला-गाजियाबाद | श्री प्रकाश चन्द | पुत्र | 50 वर्ष | |
| | | | श्री विरेन्द्र कुमार | पुत्र | 47 वर्ष | |
| | | | श्री राजेन्द्र | पुत्र | 44 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1120/एस0टी0-एस0डी0एम/2023, दिनांक 02.12.2023 श्री जयपाल पुत्र स्व0 श्री बदले नि0 औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 22.05.2010 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 485 | श्री जयपाल पुत्र स्व0 श्री बदले नि0 औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती रामवती | पत्नी | 82 वर्ष | |
| | | | श्री दया सिंह | पुत्र | 54 वर्ष | |
| | | | श्री हुक्म सिंह | पुत्र | 44 वर्ष | |
| | | | श्री करन सिंह | पुत्र | 47 वर्ष | |
| | | | श्री चरन सिंह नागर | पुत्र | 43 वर्ष | |
| | | | श्री राजेन्द्र | पुत्र | 42 वर्ष | |
| | | | श्री पपेन्द्र | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्रीमती दयावती | पुत्री | 58 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सुखवीरी | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बाला | पुत्री | 53 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 125/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 09.02.2024 मृतक श्री लेखपाल पुत्र श्री भगवत नि0 ग्राम धनौरी खुर्द, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 12.07.2016 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1035 | श्री लेखराज पुत्र श्री भगवत नि0 ग्राम धनौरी खुर्द, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती माया देवी | पत्नी | 64 वर्ष | |
| | | | श्री मानिक चन्द | पुत्र | 46 वर्ष | |
| | | | श्री विनोद कुमार शर्मा | पुत्र | 39 वर्ष | |
| | | | श्री खगेश शर्मा | पुत्र | 36 वर्ष | |
| | | | श्रीमती महावीरी देवी | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती राजबाला शर्मा | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. I-1602, 16th Floor, Tower-I, Area-97.36 Sqm., Amaatra Homes, Plot No. Gh-02C, Sector-10 Greater Noida जो कि Mr. Sandeep Kaushik & Sh. Kawar Pal Sharma निवासी D-205, Venus Apartment, Near Sainik Vihar, Pitampura, Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-03.11.2020 को पंजीकृत है। Sh. Kawar Pal Sharma की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Sandeep Kaushik ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Sandeep Kaushik S/o Late Sh. Kawar Pal Sharma के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

देशबन्धु



{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 27 फरवरी 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मीडिया के आत्ममंथन का वक्त

सुप्रीम कोर्ट के सबसे निष्पक्ष एवं बेदाग छवियों वाले न्यायाधीशों की जब भी बात चलती है तो उनमें पूर्व जस्टिस जोसेफ कूरियन का ज़िक्र हमेशा होता रहा है। उन्होंने भारत के मीडिया के बारे में जो टिप्पणी की है, उस पर स्वयं देश के मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने साफ कहा कि 'मीडिया देश के लोकतंत्र, संविधान एवं सच की रक्षा करने में पूर्णत: विफल रहा है।' कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाउंटेबिलिटी एण्ड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) की ओर से आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस कूरियन ने कहा कि 'किसी को भी तथ्यों की सच्ची व निडर जानकारी नहीं मिलती। लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा झटका यह है कि मीडिया ने देश को हताश किया है।'

उनकी निराशा निर्मूल नहीं है। जो उनकी भावना है, लगभग वैसी ही देश के उन सभी लोगों की है जो संविधान में आस्था रखते हैं और लोकतंत्र को कायम रखना चाहते हैं। उन्होंने देश के लिये आशा की अंतिम किरण उन व्हिसलब्लोअरों को बताया जो अब भी लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे हैं और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के साथ खड़े होने की ज़रूरत बतलाई। देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायदान करने वाले एक जस्टिस का अगर ऐसा सोचना है तो यह मीडिया संस्थानों और उससे जुड़े सभी लोगों के लिये यह भी सोचने का अवसर है कि आखिर उन्हें (कूरियन को) ऐसा बयान क्यों देना पड़ा है।

दरअसल जस्टिस कूरियन की यह व्यथा पिछले करीब एक दशक के घटनाक्रमों का निचोड़ है जिसे हम मौजूदा शासकों की देन भी कह सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में ऐसी परिस्थितियां पहले भी आई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 में लाया गया आपातकाल। देश के उस कालखंड में भी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उसके खिलाफ खड़ा रहा। उसने इंदिरा गांधी जैसी ताकतवर, लोकप्रिय और उस दौरान तानाशाह बन गयी इंदिरा गांधी का भी मुकाबला किया था। हालांकि खुद इंदिरा जान गयी थीं कि यह मुल्क निरंकुशता को बर्दाश्त करने वाला नहीं है। उन्होंने अंतत: स्वत: ही आपातकाल हटाया लेकिन मीडिया के, जो उस दौरान प्रिंट तक ही सीमित था, किसी भी हिस्से ने उसे सराहा नहीं था। उनके निधन के चार दशकों के बाद भी दिवंगत प्रधानमंत्री को उस कलंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गाहे-बगाहे अब भी उस प्रसंग की याद आलोचना के स्वरों में की ही होती है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से तुलना करते हुए कुछ लोग दबी ज़ुबान में यह कहते सुनाई देते हैं कि 'वर्तमान अघोषित आपातकाल से तब का घोषित आपातकाल बेहतर था जब सामान्यजनों को तो कोई तकलीफ नहीं थी।' हालांकि लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप किसी भी आपातकाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। किया भी नहीं जाना चाहिये।

बहरहाल, जस्टिस कूरियन जब ऐसा कहते हैं तो दरअसल वे भारतीय मीडिया के इस दौरान के कायराना अंदाज़ और बिकाऊपन की ओर इशारा कर रहे हैं। जिस प्रकार से मीडिया का बड़ा हिस्सा मोदी, केन्द्र सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी का अंध समर्थन कर रहा है, वही सारा कुछ पूर्व न्यायाधीश के ज़ेहन में है। दशक भर से लोग देख रहे हैं कि मीडिया ने किस प्रकार नरेन्द्र मोदी की महामानव की छवि गढ़ने में स्वयं को झोंक दिया है। सरकार की असफलताओं का लेशमात्र भी उल्लेख न कर हर काम को उनका 'मास्टरस्ट्रोक' बतलाने वाले मीडिया ने अपने आप को चारण परम्परा में ढाल दिया है। नोटबन्दी से लेकर कोरोना काल और मणिपुर सम्बन्धी मसलों की पत्रकारिता को देखें तो हम पाते हैं कि अधिकांश मीडिया अपने बुनियादी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। इतना ही नहीं, उसे सरकार से जो सवाल करने थे, वे तो उसने किये ही नहीं, वह दिये जलाने और थाली-ताली पीटने में खुद ही शामिल हो गया। वह न प्रश्न करता है न किसी को करने देता है। यही मीडिया सवाल करने वालों को देशद्रोही बतलाता है। महिलाओं के अत्याचारों में वह पीड़िताओं के साथ नहीं वरन उत्पीड़कों के साथ था। शाहीन बाग हो या किसानों का आंदोलन, महिला पहलवानों का प्रदर्शन हो या ईवीएम हटाने के लिये चल रहा वकीलों-सिविल सोसायटियों का आंदोलन- उनमें मुख्य धारा का मीडिया सिरे से नदारद था। उसकी उपस्थिति होती भी है तो खामियां ढूंढने के मकसद से। ध्यान से देखें तो देश के नफरत व विभाजन के लिए भारतीय मीडिया भाजपा व केन्द्र सरकार की बराबरी के दोषी हैं।

ज्यादातर टीवी चैनल वाले मीडिया घराने चौबीसों घंटे सारा साल मोदी भक्ति में लीन रहते हैं और देश की वास्तविक परिस्थितियों का वे दर्शन नहीं कराते। उनका काम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिभाषित व व्याख्यायित भारत की तस्वीर दिखलाना है। और तो और, श्री मोदी व सरकार के द्वारा बोले जाने वाले असत्यों को सच के रूप में पेश करने की भी उसने सहर्ष जिम्मेदारी ले रखी है।


शाम के प्राइम टाइम से लेकर तमाम छोटे-बड़े कार्यक्रमों के लिये स्टूडियो की चर्चाओं में भाजपा व सरकार के पक्ष में एजेंडा होते हैं। यहां तक कहा जाता है कि डिबेट के विषय तक सरकार के इशारों पर तय होते हैं। विपक्ष मुक्त भारत का एजेंडा ढोने वाला यही मीडिया है। यह प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा की छोटी से छोटी रैलियों को तो दिखाता है पर राहुल गांधी की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्राओं (पहली व दूसरी, जो जारी है) की तस्वीरें एवं विवरण प्रस्तुत करने में उसे परहेज है। सत्ता पक्ष के खाली शामियानों को 'भारी भीड़ भरा' और विपक्षी दलों की खचाखच सभाओं को 'असफल' बतलाने वाले भारतीय मीडिया के एक बड़े धड़े ने जस्टिस जोसेफ कूरियन को अगर यह कहने के लिये मजबूर किया है तो आश्चर्य नहीं।

# भ्रष्टाचार न भवति!

इस साल में पीएम मोदी पर 10 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं।' अगर इस बयान की पृष्ठभूमि इतनी विडंबनापूर्ण नहीं होती, तो मोदी राज में निर्विवाद रूप से नंबर-दो माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे को, एक मामूली चुनावी दावे के रूप में अनदेखा किया जा सकता था। आखिरकार, अमित शाह ने यह दावा भोपाल में जिस आयोजन में किया था, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के हिस्से के तौर पर आयोजित किया गया था। माना कि इस आयोजन में वह 'प्रबुद्ध' लोगों को संबोधित कर रहे थे, लेकिन संबोधित तो संघ-भाजपा-प्रभावित प्रबुद्ध-जन को ही कर रहे थे और वह भी साफ तौर पर चुनाव के संदर्भ में। और चुनाव के लिए अतिरंजित दावे करना तो, राजनीतिक नेताओं के लिए एकदम सामान्य बात ही है। फिर अमित शाह तो वैसे भी किसी के भी चुनावी वादों तथा दावों को गंभीरता से लेने के खिलाफ पहले ही देश को आगाह कर चुके थे। खुद शाह ने हरेक मतदाता के खाते में 'पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए' डलवाने के प्रधानमंत्री मोदी के वादे को भूल जाने की सलाह देते हुए उसे महज एक 'जुम्ला' बताया था। तब 'जुम्ला' उछालने का, प्रधानमंत्री मोदी जितना न सही, थोड़ा-बहुत अधिकार तो अमित शाह को भी है ही। लेकिन, दस पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप दस साल में न लगने का यह दावा जिस पृष्ठभूमि में किया जा रहा था, उसे देखते हुए इसे सिर्फ जुम्ला कहकर छोड़ा नहीं जा सकता है।

इस पृष्ठभूमि में दो परस्पर-संबद्ध तत्व आते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' के मुखौटे को तार-तार कर देते हैं। इनमें से पहला, एकदम फौरी तत्व है, न्यूज़लॉन्ड्री और न्यूज़मिनट का विस्फोटक भंडाफोड़, जो इसकी कहानी बयान करता है कि किस तरह, केंद्रीय जांच एजेंसियों के छापों के सहारे, मोदी राज में कंपनियों से चंदे की वसूली की जाती रही है। याद रहे कि इससे पहले, मोदी सरकार पर अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने, इन एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को आर्थिक रूप से पंगु करने से लेकर, उन्हें अपने पाले में शामिल होने के लिए मजबूर करने तक के आरोप तो लगते रहे थे, लेकिन चंदे की वसूली के लिए केंद्रीय एजेंसियों की दमनकारी ताकत का इस्तेमाल करने या मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के शब्दों का सहारा लें तो 'हफ्ता वसूली' करने के आरोप बेशक, पहली बार लगे हैं।

भाजपा के दुर्भाग्य से यह उसके राजनीतिक विरोधियों द्वारा 'आरोप' लगाए जाने भर का मामला नहीं है। यह जिम्मेदार और गंभीर खोजी पत्रकारों की टीम द्वारा खुद भाजपा द्वारा चुनाव आयोग को दी गयी, चुनावी बांड इतर बड़े कंपनियों द्वारा दिए गए चंदे की जानकारियों और ऐसी कंपनियों के एक हिस्से पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों की गहरी छानबीन से सामने आए, बहुत ही परेशान करने वाले तथ्यों का मामला है। ये तथ्य बताते हैं कि पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान कम से कम 30 ऐसी कंपनियों ने भाजपा को करीब 335 करोड़ रुपए का चंदा दिया था, जिनके खिलाफ इसी दौरान केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई हुई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई की जद में आने वाली कंपनियों के सत्ताधारी पार्टी को करोड़ों रुपए के चंदे देने में, संदेह न होना ही हैरानी की बात होगी।



राजेंद्र शर्मा

मोदीशाही वैसे तो आम तौर पर सभी मामलों में, जो करती है, उससे ठीक उल्टा दावा करने के महाझूठ का सहारा लेती है। जैसे किसानों की दशा सुधारने का झूठ। युवाओं को रोजगार देने का झूठ। गरीबों को गरीबी से उबारने का झूठ। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का झूठ, सबका साथ सब का विश्वास का आदि, आदि का झूठ। बहरहाल, भ्रष्टाचार के सवाल पर वह एक तरह से सबसे बड़े झूठ का सहारा लेती आई है।

उक्त कंपनियों में से 23 कंपनियों ने, जिन्होंने भाजपा को 187 करोड़ 58 लाख रुपए का चंदा दिया था, 2014 से लेकर अपने खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई होने तक, एक बार भी भाजपा को चंदा नहीं दिया था। यानी सारा का सारा चंदा, उक्त कार्रवाई के बाद ही दिया गया था। इनमें से 4 कंपनियां, केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के चार महीने के अंदर-अंदर भाजपा के खजाने में 9 करोड़ 5 लाख रुपए जमा करा चुकी थीं। दूसरी ओर, 6 कंपनियां ऐसी थीं, जो केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से पहले भी भाजपा को चंदा दे तो रही थीं, लेकिन इस कार्रवाई के बाद उनके चंदे की मात्रा बढ़ गयी थी। इसी प्रकार, 6 कंपनियां ऐसी थीं, जो भाजपा को पहले से हर साल चंदा देती आ रही थीं, लेकिन एक वर्ष में उन्होंने चंदा नहीं दिया और उन पर छापा पड़ गया! दूसरी ओर इस छानबीन के दायरे में आई 32 कंपनियों में से, सिर्फ 3 कंपनियां ऐसी थीं, जिन्होंने इसी दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी, कांग्रेस को भी चंदा दिया था। साफ है कि इन कंपनियों का मोदी की भाजपा के प्रति प्रेम, जिसके वशीभूत होकर वे सत्ताधारी पार्टी को करोड़ों रुपए का चंदा दे रही थीं, स्वत:स्फूर्त नहीं था बल्कि उसके पीछे केंद्रीय एजेंसियों के डंडे का डर था। इस दाम वसूली के लिए 'साम, दंड और भेद' का बड़ी चतुराई से इस्तेमाल किया जा रहा था। इस सारे रहस्योद्घाटन के बाद भी 'दस पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा' की शेखी मारने के लिए, चमड़ी का वाकई काफी मोटा होना जरूरी होगा।

पृष्ठभूमि का दूसरा तत्व, जो अमित शाह के उक्त दावे को हास्यास्पद ही बना देता है, चुनावी बांड व्यवस्था के मामले में सुप्रीम कोर्ट का हाल ही में आया ऐतिहासिक फैसला है। इस फैसले के जरिए मोदी की भाजपा द्वारा गढ़ी गयी 'लेन-देन' की अनंत संभावनाओं के द्वारा खोलने वाली इस व्यवस्था को, सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से ही निरस्त कर दिया है। बेशक, इसी फैसले के हिस्से के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड के जरिए अब तक दिए गए पैसे के चंदादाताओं का विवरण, स्टेट बैंक द्वारा चुनाव आयोग को दिए जाने तथा चुनाव आयोग द्वारा निश्चित अवधि में जो बहुत दूर नहीं है, ये विवरण सार्वजनिक किए जाने के जो आदेश दिए हैं, उन पर अमल के रास्ते में सरकार तथा उसके कृपापात्रों द्वारा क्या-क्या रोड़े अटकाए जाते हैं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, इतना तय है कि जब भी यह विवरण सार्वजनिक होगा, इस सामग्री के विश्लेषण, न्यूज़लॉन्ड्री तथा न्यूज़मिनट की खोजी रिपोर्ट के रहस्योद्घाटनों से और बहुत आगे जाते हुए, 'कृपा देने और बड़ा चंदा लेने' के महा-भ्रष्टाचार के संस्थागत रूप को पूरी तरह से ही बेनकाब कर देंगे। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदीशाही इसकी हरेक-संभव कोशिश करेगी कि कम से कम आगामी आम चुनाव तक ये विवरण सार्वजनिक न हों। उन्हें पता है कि अगर ये विवरण सार्वजनिक हो गए तो, इन जानकारियों के विस्तृत्व विश्लेषण में भले ही और समय लगे, कम से कम उसके लिए काफी असुविधाजनक हैडलाइन्स तो निकल ही आएंगी, जिन्हें मुख्यधारा के मीडिया पर अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के बावजूद, उसके लिए पूरी तरह से दबाना संभव नहीं होगा।

अब, इन दो बड़े धक्कों के बाद, मोदीशाही का ईमानदारी का मुखौटा बेशक, तार-तार हो गया है। इसके बाद भी, मोदीशाही और भी जोर-शोर से दूसरे सब को भ्रष्ट बताने और खुद को ही ईमानदार दिखाने के पाखंड में लगी हुई है। इसके पीछे उसका जो भी विश्वास है, उसका आधार हिटलर का 'महाझूठ' या बड़े झूठ का सिद्धांत है। हिटलर का यह कहना था कि अगर बड़ा झूठ बोलो और बार-बार बोलो, तो लोग उस पर विश्वास करने लगेंगे। और बड़ा झूठ ही क्यों? क्योंकि छोटे-छोटे झूठ के झूठ हो सकने की बात, लोग आसानी से मान लेते हैं क्योंकि छोटे झूठ वे भी अपने जीवन में खूब बोलते हैं। पर अगर झूठ बहुत बड़ा हो, आसानी से विश्वास ही न आने वाला हो, तो लोग उसे इसीलिए सच मान लेते हैं कि इतना बड़ा झूठ कोई कैसे बोल सकता है! मोदीशाही वैसे तो आम तौर पर सभी मामलों में, जो करती है, उससे ठीक उल्टा दावा करने के महाझूठ का सहारा लेती है। जैसे किसानों की दशा सुधारने का झूठ। युवाओं को रोजगार देने का झूठ। गरीबों को गरीबी से उबारने का झूठ। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का झूठ, सबका साथ सब का विश्वास का आदि, आदि का झूठ। बहरहाल, भ्रष्टाचार के सवाल पर वह एक तरह से सबसे बड़े झूठ का सहारा लेती आई है, जिससे सूट-बूट की सरकार होकर भी, गरीबों को भरमाती रह सके। लेकिन, झूठ का यह ताशमहल अब ज्यादा नहीं चल सकता है। करोड़पतियों के रिश्वत के पैसे के बल पर खड़ा किया गया सत्ताधारी पार्टी का सारा ताम-झाम, इन रहस्योद्घाटनों की आंधी से तिनकों की तरह उड़ जाएगा। आखिरकार, लोग यह तो पूछेंगे ही कि जो 16,5,18 करोड़ रुपए चुनावी बांड के जरिए लिए गए, जिनमें से 94.41 फीसद करोड़पति दानदाताओं द्वारा करोड़-करोड़ के बांड में दिए गए और बांडों की कुल रकम में से 57 फीसद, 2018-22 के बीच अकेली भाजपा को ही दिए गए, यह भी अगर भ्रष्टाचार नहीं है तो यह रिश्ता क्या कहलाता है?

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# कांग्रेस-सपा गठबंधन ने जगाई उत्तर प्रदेश में विपक्ष की उम्मीद

■ प्रदीप कपूर

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साहित हैं क्योंकि पहली बार जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को यह विश्वास हो रहा है कि सीटों के बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राज्य में भाजपा को हराया जा सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के राज्य नेता घबड़ाये हुए हैं, हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें राज्य की कुल 80सीटों में से 65 सीटें मिलेंगी।

लेकिन भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था। सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। अखिलेश और अन्य सपा नेताओं के शामिल होने के बाद यह और व्यापक होगा।

भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था। सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

दरअसल राहुल गांधी की चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बड़े समर्थन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राज्य की महत्वपूर्ण 80सीटों के लिए लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे में तेजी लाने के लिए मजबूर किया। जिस तरह से लखनऊ और अन्य स्थानों पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय ने भाग लिया, उसने समाजवादी पार्टी नेतृत्व को लोगों के मूड को समझने के लिए मजबूर कर दिया।

दूसरी ओर, कांग्रेस नेतृत्व को भी इस बात का अहसास था कि सीट बंटवारे के बाद ही अखिलेश यादव यात्रा में शामिल होंगे, इसलिए उन्होंने भी सीट बंटवारे में तेजी ला दी। शुरुआत में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 सीटें चाहती थी लेकिन बाद में 17सीटों पर समझौता कर लिया और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी को एक सीट देने पर राजी हो गई। कांग्रेस को प्रतिष्ठित वाराणसी सीट मिली जहां उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ा था। शुरुआत में समाजवादी पार्टी ने वाराणसी को अपनी सूची में शामिल किया था, परन्तु बातचीत के बाद उसने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी।

अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों में विभाजन को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं पर हाथ मिलाने के लिए शक्तिशाली मुस्लिम समुदाय का जबरदस्त दबाव था। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अधिकांश मुस्लिम वोट समाजवादी पार्टी को मिले थे, लेकिन लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राहुल गांधी के आक्रामक रवैये के कारण मूड कांग्रेस की ओर हो गया, जो लगातार भाजपा पर हमला कर रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के पास अब चुनाव लड़ने के लिए 63 सीटें हैं और पार्टी छोटे दलों और जाति आधारित समूहों के साथ इस सीटों को साझा कर सकती है। समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित समुदाय में प्रभाव रखने वाले चंद्र शेखर रावण की भीम आर्मी, शक्तिशाली राजपूत नेता और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह की जनसत्ता दल, जिसे राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, महान दल और अन्य के साथ बातचीत करेगी।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 62, बहुजन समाज पार्टी ने 10, समाजवादी पार्टी ने पांच, अपना दल ने दो और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। हालांकि 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में थी लेकिन वह अखिलेश यादव को सत्ता बरकरार रखने में मदद नहीं कर सकी। 2017 के विधानसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा में 300 से अधिक सीटों के साथ पार्टी सत्ता में आई और योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने सभी को चौंका दिया।

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी बसपा के साथ गठबंधन में थी। जबकि समाजवादी पार्टी 2014 में जीती गई केवल पांच सीटें ही बरकरार रख सकी और बसपा ने सीटों की संख्या शून्य से बढ़ाकर 10 कर दी। चुनाव के बाद, बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफलता के लिए समाजवादी पार्टी पर दोष मढ़ते हुए गठबंधन को भंग कर दिया।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या प्रियंका गांधी अपनी मां श्रीमती सोनिया गांधी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं या नहीं, जो अब राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। हालांकि यूपीसीसी अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया कि राहुल गांधी अपनी पारिवारिक सीट अमेठी में वापस आयेंगे, लेकिन गांधी परिवार की ओर से ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## पावन प्रसंग

### सार्थक रूप से जीवन जीने की कला है धर्म

विश्व के कतिपय शब्दों के विषय मे सर्वाधिक भ्रांतियां व्याप्त है। उसमें एक शव्द है- धर्म। धर्म की व्याख्याएं आत्मा परमात्मा से शुरू होकर जड़ पदार्थो को स्पर्श करती हुई ठेठ नास्तिकता के स्तर को छू गई। जैसे प्याज के छिलके उतरते-उतरते प्याज का सारा स्वरूप ही समाप्त हो जाता है ऐसे ही धर्म की व्याख्याएं बनाते-बनाते हमारे धर्माताओं ने इसके मूल स्वरूप को ही समाप्त कर दिया है। फलत: धर्म के सामने वैज्ञानिकों ने प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। धर्म की सूक्ष्म व्याख्याओं में अनेक प्रकार की पारस्परिक विसंगतियां पाई जाती है। अत: वे व्याख्याएं अनुयायियों तक ही रह सकती है किन्तु उनके व्याख्यानों आगे लाना चाहिये जिनसे मत मतान्तर के कोई भेद नहीं है। धर्म की सार्वभौमिक व्याख्याएं भी अनेक हैं किन्तु उनमें प्राय: सभी संप्रदायों की है। ऐसी ही एक व्याख्या है धर्भ को चरित्र नियोग की कला के रूप में स्थापित करना। धर्म को चरित्र निर्माण के लिये उपयोगी बना देना चर्म की सार्वभौम उपयोगिता को स्थापित करना है। यदि हमारे चर्म के व्याख्याकार इस दिशा में प्रयास स्फुरित कर दे तो धर्म की उपयोगिता के सामने लगा प्रश्न चिन्ह हट सकता है। ऐसे प्रत्येक व्यक्ति एक समाज, राष्ट्र और परिवार का अंग है उसे निर्दोष जीवन जीना ही पड़ेगा। यदि वह ऐसा नहीं करेगा तो यह असामाजिक तत्व भाग मान लिया जाएगा। उसके लिये शान्ति और सुरक्षा के सभी द्वार बन्द हो जायेंगे। समाज में जीना है तो निर्दोष और सार्थक बनकर ही जीना पड़ेगा। यदि इस निर्दोष और सार्थकता का निर्माण धर्म की प्रेरणा से होगा तो ये विशिष्टताएं चिर चिरस्थाई बन कर लोकोपकारक सिद्ध हो जाएगी। धर्म के इस रचनात्मक स्वरूप को स्थापित करना ही धर्म की सच्बी सेवा करना है यही धार्मिकता भी है।

सादनात्मक प्रक्रियाओं के दो पक्ष हैं- ज्ञान पक्ष एवं विज्ञान पक्ष। दोनों मिलकर ही साधनात्मक प्रयोजनों को पूर्ण रूप प्रदान करते हैं। ज्ञान व विज्ञान, दोनों का समन्वित स्वरूप ही ज्ञानयोग एवं ध्यानयोग के रूप में निकल करके आता है। वस्तुत: सभी साधनात्मक प्रक्रियाओं का लक्ष्य तो एक ही है- अंत:करण को जाग्रत करने वाली आस्थाओं का विकास, हमारी मान्यताओं का परिष्कार, प्रसुप्त क्षमताओं का जागरण एवं महामानव बनने तथा क्रिया का सुनियोजन। ऐसा करने हेतु सद्गुरु अपनीा पात्रता के अनुरूप शक्ति का एक अंश भी साधक को प्रदान करते हैं। यह कहना उपयुक्त होगा कि साधना का अर्थ अपने चिंतन को इधर-उधर भटकने से रोककर एक उच्चस्तरीय प्रवाह के साथ जोड़ देने से है। इसी से एक दैवी चेतना से आदान-प्रदान संभव हो पाता है। सद्भावों का संवर्द्धन श्रद्धा का अभिवर्द्धन-ये सब ही इन साधनात्मक प्रयोजनों को संभव बना पाते हैं। पात्रता का विकास, आत्मपरिष्कार सद्गुरू से मार्गदर्शन की प्राप्ति, साधकों के जीवन का मुख्य लक्ष्य कहे जा सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## आपके पत्र

### बच्चों व किशोरों में बढ़ती स्मार्टफोन की लत

टेक्नालाजी के नित नए आविष्कार प्राय: मानव हित के लिए होते रहते हैं, लेकिन जब हम इसका सदुपयोग नहीं कर पाते तो ये वरदान की जगह अभिशाप बन जाते हैं। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडया आदि संचार क्रांति युग के कुछ अभिनव वरदान हैं, जिन्होंने परिस्थितियों की चुनौतियों के बीच जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया है।

कोविड काल की विकट स्थिति को पार करने में इन्होंने निर्णायक भूमिका निभाई थी, लेकिन इनकी लत से जुड़ा चिंताजनक पहलू भी अब सामने आ रहा है। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया की लत शहरों से निकलकर कस्बों, गांवों तक पहुंच चुकी है। हर वर्ष इनके उपयोगकर्ताओं की संख्या करोड़ों में पहुंचती जा रही है। पिछले पांच वर्षों में डिजिटल माध्यम पर हुए एक शोध अध्ययन के अनुसार हर वर्ष 20 से 25 प्रतिशत डिजिटल उपयोगकर्ता बढ़े हैं। वर्ष 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 9 प्रतिशत जनसंख्या इंटरनेट का उपयोग कर रही थी, जो वर्ष 2018 में 25 प्रतिशत तक पहुंच गई। आज इनकी संख्या 56 प्रतिशत तक बताई जा रही है। एक आकलन के अनुसार वर्ष 2026 तक देश में इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या एक अरब पार हो जाएगी।

इंटरनेट व सोशल मीडिया के उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ इनकी लत के शिकार लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है, जिनमें बच्चों व किशोरों की संख्या बढ़ी है। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल में चल रहे मोबाइल नशा मुक्ति केंद्र में हर माह सौ से अधिक मामले उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। संख्या को देखकर चिकित्सक भी हैरान हैं, क्योंकि कोरोना के पहले माह में दो-चार मामले ही इस तरह के आए थे, लेकिन दूसरी लहर के बाद प्रतिदिन चार से पांच रोगी उपचार के लिए लाए जा रहे हैं। इनमें 50 प्रतिशत किशोर हैं तथा शेष में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। मालूम हो कि इंटरनेट की लत से ग्रस्त बच्चों-किशोरों की काउंसलिंग के लिए बंगलुरु स्थित निम्हांस (राष्ट्रीय मानसिक जांच एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान) देश का पहला क्लीनिक है। इसके साथ दिल्ली के एम्स, पुणे और यूपी के तीन जिलों तथा अमृतसर में भी केंद्र प्रारंभ हुए हैं।

निम्हांस के अनुसार, बच्चों को मोबाइल औसतन 10 वर्ष की आयु में मिलता है, इनमें से 12 वर्ष की आयु तक 50 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग करने लग जाते हैं। हर सप्ताह देश भर में मनोचिकित्सकों के पास सोशल मीडिया की लत से परेशान औसत 10 ऐसे मामले आते हैं, जो 12 वर्ष से भी कम आयु के हैं। इस तरह शहरों में जहां स्मार्टफोन नशा मुक्ति केंद्र के रूप में एडिक्शन सेंटर खुल रहे हैं, वहीं गांवों-कस्बों में भी इसकी आवश्यकता अनुभव हो रही है। समस्या की विकरालता को देखते हुए विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि प्रत्येक जिले में इंटरनेट नशा मुक्ति केंद्र खुलने की आवश्यकता है, जहां न मात्र इंटरनेट, बल्कि सभी डिजिटल प्लेटफार्म को लेकर परामर्श, निगरानी और उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके और साथ ही हर जिले के सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार-लगभग 38 बच्चों के फेसबुक खाते बने हुए हैं, वहीं 24 प्रतिशत बच्चे इंस्टाग्राम पर सक्रिय हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रिपोर्ट के अनुसार-देश में 10 वर्ष से छोटी आयु के बच्चे भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। किशोरों में शॉर्ट विडियोज व यू ट्यूब का चस्का लग गया है। कुछ तो स्वयं चैनल चला रहे हैं और यह नशा कुछ इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसे सहजता से छोड़ने तैयार नहीं हैं।

**विनय जायसवाल**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## फलेटी टेओ बने तुवालु के नए प्रधानमंत्री


**फुनाफुटी।** तुवालु में आम चुनाव होने के एक माह बाद फेलेटी टीओ को नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया है। स्थानीय मीडिया तुवालु टीवी ने सोमवार को यह सूचना दी। सरकार के सचिव तुफौआ पनापा के अनुसार श्री टीओ को सोमवार सुबह फुनाफुटी में निर्विरोध चुना गया। इस पद के लिए केवल एक उम्मीदवार को नामांकित किया गया था। मीडिया ने कहा कि मंत्रियों के बारे में अभी पता नहीं चला है और इस सप्ताह होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में इसकी पुष्टि की जाएगी।

# मरियम नवाज पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं

**इस्लामाबाद,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा ने सोमवार को

■ **प्रतिद्वंद्वी राणा आफताब अहमद खान के खिलाफ 220 वोटों से भारी जीत हासिल की**

पीएमएल-एन की मरियम नवाज को प्रांत और पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में चुना। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। मरियम ने स्पष्ट किया, यह स्वाभाविक है कि जब लोग मेरी तरह उत्पीड़न का शिकार होते हैं, तो वे नफरत पालते हैं। मैं आज कहना चाहती हूं कि मैं बदला लेना नहीं चाहती, न ही मेरे मन में किसी के लिए नफरत है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मरियम ने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रतिद्वंद्वी राणा आफताब अहमद खान के खिलाफ 220 वोटों से भारी जीत हासिल की। अपने डेढ़ घंटे लंबे विजय भाषण में मरियम ने कहा कि वह विपक्ष के बहिष्कार से परेशान थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी दिवंगत मां कुलसुम की तस्वीर पकड़ रखी थी। उन्होंने कहा, काश, आज विपक्ष के नेता राजनीतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा होते। मरियम ने कहा, अगर आज विपक्ष मौजूद होता और उन्होंने मेरे भाषण के दौरान विरोध किया होता तो मुझे खुशी होती। उन्होंने कई अदालती मामलों, अपने पिता की कैद और अपनी मां की मौत का हवाला देते हुए कहा, उन्हें ऐसे संघर्ष में डालने के लिए, जिसकी कोई तुलना नहीं है, विपक्ष को धन्यवाद। मरियम ने कहा, मैं विपक्ष को एक संदेश देना चाहती हूं मेरे कक्ष और दिल के दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले रहेंगे, जैसे मेरी पार्टी के सदस्यों के लिए हैं। शुरुआत में, एसआईसी - जो अब आम चुनाव जीतने वाले पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों का घर है - ने इस पद के लिए लाहौर से एमपीए-निर्वाचित मियां असलम इकबाल को नामित किया था। हालांकि, बाद में उनकी जगह फैसलाबाद के पूर्व पीपीपी जियाला के आफताब को ले लिया गया।



### पिता नवाज व शहबाज भी शपथ ग्रहण समारोह में रहे मौजूद

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव के बाद मरियम ने अपने पिता नवाज शरीफ और चाचा शहबाज शरीफ के साथ गवर्नर हाउस में एक समारोह में पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने स्पष्ट किया, यह स्वाभाविक है कि जब लोग मेरे जैसे उत्पीड़न का शिकार होते हैं, तो वे नफरत पालते हैं। मैं आज कहना चाहती हूं कि मैं बदला नहीं लेना चाहती, न ही मेरे मन में किसी के लिए नफरत है।

## यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमलों में पांच की मौत, 10 घायल



**कीव,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमलों में पांच लोग मारे गए हैं, जबकि 10 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी।

द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, निप्रॉपेट्रोस, डोनेत्स्क, खेरसॉन और सुमी क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना मिली है। सुमी ओब्लास्ट में रूस की सीमा से महज 10 किमी दूर युनाकिव्का गांव पर रूस द्वारा बमबारी में एक दंपति की मौत हो गई। सुमी ओब्लास्ट सैन्य प्रशासन ने बताया कि हमले में एक घर नष्ट हो गया और पांच अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। निप्रॉपेट्रोस ओब्लास्ट में निकोपोल पर रविवार सुबह के कई बार हमले हुए। एक रूसी ड्रोन के सीधे उसके ट्रक पर विस्फोटक गिरा देने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रक ड्राइवर 57 साल का था। निप्रॉपेट्रोस ओब्लास्ट के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि बाद में रविवार शाम जब रूसी बलों ने निप्रो के क्षेत्रीय केंद्र को निशाना बनाया, तो चार लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि 41 तथा 49 वर्ष के दो पुरुषों और 20 तथा 60 वर्ष की दो महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सुडोकू 6479

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : मंगलवार 27 फरवरी , 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष -दीर्घकालिक आयोजन करने के लिए अनुकूल दिन है। आज का दिन आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक होगा। तन-मन से स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा स्वजनों की तरफ से भेंट या सौगात मिलेगी।

वृषभ -आप वाणी से आप लोगों को आकर्षित और प्रभावित कर सकेंगे। लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। चर्चा या विवाद में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लेखन कार्य या पठन कार्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन -महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। अत्यधिक विचारों में डूबे रहने के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं।

कर्क -तन-मन की ताज़गी के अनुभव के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। लाभ तथा शुभ काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह -परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या -आज के लाभदायक दिन आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाक्चातुर्य और मीठी वाणी से आप अच्छे और लाभप्रद संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट, उपहार और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

तुला -आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आपको अपनी वाणी पर अंकुश में रखना होगा।

वृश्चिक -घर-परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे। विवाहोत्सुक जातकों के विवाह होने की संभावना है।

धनु -आज के दिन आपका काम सफल होगा। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। व्यापार के लिए बेहतरीन योजना बना सकेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी से सार्थक चर्चा होगी।

मकर -आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी। संतान संबंधी चिंता आपको हो सकती है।


कुंभ -आपको गलत काम और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादा सोच-विचार करने से मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में झगड़ा या विवाद हो सकता है।

मीन -भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों से भी मुलाकात हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जॉर्डन के राजा ने रमजान के दौरान गाजा में संघर्ष बढ़ने की दी चेतावनी

**अम्मान,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने चेतावनी दी है कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान गाजा में युद्ध जारी रहने से संघर्ष बढ़ने का खतरा हो सकता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रॉयल हाशमाइट कोर्ट के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि किंग अब्दुल्ला ने रविवार को अम्मान में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ एक बैठक में यह टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने गाजा में तत्काल और स्थायी युद्धविराम तक पहुंचने और निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए अधिकतम प्रयास करने का आह्वान किया। । बयान में कहा गया है कि राजा ने कहा कि जॉर्डन गाजा में लोगों को मानवीय, राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। राजा ने वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी को अलग करने के किसी भी प्रयास को जॉर्डन की अस्वीकृति को दोहराया और दो-राष्ट्र समाधान के आधार पर फिलिस्तीनी मुद्दे का उचित समाधान खोजने का आग्रह किया। अब्बास ने अपनी ओर से, हमास-इज़राइल संघर्ष पर जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की सराहना की।



## हिजबुल्लाह ने लेबनान में इजरायली ड्रोन मार गिराया

**बेरूत,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। हिजबुल्लाह ने अपने दावे में कहा कि उसने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराया। ड्रोन को लेबनान और इजरायल के बीच सीमा से 20 किमी से अधिक दूर स्थित इकलिम अल तुफाह में गिरते देखा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 'इजरायली हर्मीस 450 ड्रोन' को इस्लामिक रेजिस्टेंस एयर डिफेंस यूनिट ने मार गिराया। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाके दुश्मन का सामना करना जारी रखेंगे और उन्हें उनके आक्रामक लक्ष्यों को प्राप्त करने से रोकेंगे। लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को जानकारी दी कि सोमवार की सुबह दक्षिणी लेबनान सीमा क्षेत्र के पास हवाई क्षेत्र में तीन इजरायली ड्रोन देखे गए और दो ड्रोन 15 से 20 किमी की दूरी तय करते हुए दक्षिणी लेबनान में सीमा पार कर गए।



### लेबनान-इजरायल सीमा पर टकराव में तीन की मौत, नौ घायल

**बेरूत।** लेबनान की दक्षिणी सीमा पर इजरायली हमलों में तीन हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए इसके अलावा तीन हिजबुल्लाह लड़ाके और छह नागरिकों सहित नौ लोग घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि सीमा क्षेत्र के छह कस्बों और गांवों पर 13 इजरायली हवाई हमलों और दक्षिणी लेबनान में 18 गांवों और कस्बों पर तोपखाने की गोलाबारी के कारण हताहत हुए, जिसमें आठ घर नष्ट हो गए और 35 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक सभी घायल लोगों को दक्षिणी लेबनान के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## तंजानिया में सड़क दुर्घटना में सात विदेशी समेत 25 लोगों की मौत

**अरुशा,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। तंजानिया के उत्तरी शहर अरुशा में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों में सात विदेशी स्वयंसेवी शिक्षक भी शामिल हैं। इस बीच शनिवार को हुयी दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 15 से बढ़कर 25 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी तंजानिया पुलिस बल के प्रवक्ता एबेल पॉल ने कहा, सात विदेशी स्वयंसेवी शिक्षक केन्या, टोगो, मेडागास्कर, बुर्किना फासो, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका से एक-एक थे। श्री पॉल ने बताया कि विदेशी शिक्षक अरूषा के एक स्कूल से जुड़े हुए थे। संचालन और प्रशिक्षण के पुलिस आयुक्त अवध जुमा ने कहा कि दुर्घटना शनिवार दोपहर को हुई, जब एक ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद ट्रक अरुशा के नगारामटोनी उपनगर में तीन अन्य वाहनों से टकरा गया।




### बुर्किना फासो में चर्च पर हमला, 15 लोगों की मौत

**औगाडौगू।** बुर्किना फासो के उत्तरी क्षेत्र साहेल के एस्साकेन गांव में एक कैथोलिक चर्च पर हुए हमले में 15 लोग मारे गए। चर्च के पादरी जीन-पियरे सावाडोगो ने सोमवार को बताया कि एस्साकेन गांव के कैथोलिक चर्च पर हमला तब हुआ, जब सभी उपासक रविवार की प्रार्थना के लिए एकत्र हुए थे। उन्होंने बताया कि इस हमले में करीब 15 उपासक मारे गए, इनमें से 12 उपासकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि तीन अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। हमले में दो लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से चार की मौत, छह घायल

**जकार्ता,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के दक्षिण सुलावेसी प्रांत में सोमवार सुबह एक सड़क पर भूस्खलन के कारण करीब चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दक्षिण सुलावेसी आपदा शमन एजेंसी के कार्यवाहक प्रमुख एमसन पंडोलो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बास्टेम उटारा में रविवार को हुई मूसलाधार वर्षा के कारण स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब नौ बजे भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से कथित तौर पर 20 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने घायलों को पास के गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। भूस्खलन में 10 से अधिक मोटरसाइकिलें और दो कारें दब गईं। आपदा से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गई है और कई गांवों को जोड़ने वाली एक सड़क अवरूद्ध हो गई।



## वर्ग पहेली 6479

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस काम की अच्छी तरह योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना क्रोधित होना
६. शपथ, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती, गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०.योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिए
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एख प्रसिद्ध पर्वत
१९. नियम, तरीका (उर्दू)
२०. कमल
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१. सधवा
२. भावी कार्य, पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. ईश्वर, खुदा

### वर्ग पहेली-6478

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | ३ भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | त | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ व | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १३ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | व | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | ■ | २५ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1594 – हेनरी चतुर्थ फ्रांस का राजा बने।
1700 – विलियम डैम्पियर द्वारा पश्चिमी प्रशांत में नए ब्रिटेन के द्वीप की खोज की गई।
1816 – डचों ने नेपोलियन की हार के बाद फ्रांस से पुन: सुरीनाम वापस ले लिया।
1829 – तारकी की लड़ाई हुई थी।
1870 – जापान के वर्तमान झंडे को पहली बार जापानी व्यापारी जहाजों के लिए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था।
1874 – पहली बार बेसबॉल लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड में खेला गया।
1900 – एफसी बेयर्न म्यूनिख, जर्मनी का सबसे सफल फुटबॉल क्लब, फ्रांज जॉन के नेतृत्व में ग्यारह खिलाड़ियों द्वारा किया गया था।
1902 – अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक का जन्म हुआ था।
1921 – वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी।
1933 – बर्लिन की रीचस्टैग इमारत, जर्मन संसद की विधानसभा स्थिति, जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना में एक महत्वपूर्ण घटना (चित्र), आग लगा दी गई थी।
1943 – भारतीय राजनीतिज्ञ बी. एस. येदुरप्पा का जन्म हुआ था।
1951 – अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के तहत राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल सीमित किये गये थे।
1956 – लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन हुआ था।
1982 – गिल्बर्ट और सुलिवन के सावॉय ओपेरा के प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली डी ऑली कार्टे ओपेरा कंपनी ने अपना अंतिम प्रदर्शन किया था।

**बयान** यूक्रेनी विदेश मंत्री ने यूरोप से किया आह्वान

# दूसरे देशों को गोला-बारूद की बिक्री निलंबित करने का आग्रह

**कीव,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक जर्मन मीडिया पोर्टल के साथ साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन की सेना के सामने आने वाली कमी को देखते हुए यूरोप को यूक्रेन के अलावा तीसरे देशों को गोला-बारूद का निर्यात निलंबित कर देना चाहिए। यह साक्षात्कार सोमवार को प्रकाशित हुआ। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, कीव को गोला-बारूद की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अमेरिका से मिलने वाली 61 अरब डॉलर की फंडिंग कांग्रेस में फंसी हुई है, जिससे रक्षा सहायता वितरण में कमी आ रही है। रिपोर्टों से पता चलता है कि यूक्रेन को कुछ ही सप्ताह में गोला-बारूद और हवाई सुरक्षा की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। कुलेबा ने मीडिया पोर्टल को बताया, यूरोप में

■ **कीव को गोला-बारूद की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा**

उत्पादित गोला-बारूद को तीसरे देशों में निर्यात करने के सभी अनुबंधों पर रोक लगा दी जानी चाहिए और ऐसे सभी गोला-बारूद को यूक्रेन भेजा जाना चाहिए। यूरोप में उत्पादित प्रत्येक कारतूस को यूरोप की रक्षा के उद्देश्य को पूरा करना चाहिए।

कुलेबा के अनुसार, यूक्रेन के यूरोपीय सहयोगी गोला-बारूद की कमी से अवगत हैं और उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने स्वयं के उत्पादन को बढ़ाने, दीर्घकालिक अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने और नई उत्पादन लाइनों को चालू करने का निर्णय लेने में बहुत देर की। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हम अब इन गलतियों के लिए भर रहे हैं। यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल ने 19 फरवरी को ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक बैठक के बाद कहा कि उन्होंने सदस्य देशों से आग्रह किया कि यदि आपूर्ति का यह स्रोत बेहतर, सस्ता और तेज है तो वे ब्लॉक के बाहर यूक्रेन के लिए गोला-बारूद खरीदें।



ब्लॉक के बाहर से गोला-बारूद खरीदने की योजना को फ्रांस, ग्रीस और साइप्रस के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फ्रांस अपने घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देना चाहता है तो ग्रीस और साइप्रस अंकारा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए तुर्की उत्पादकों से हथियार नहीं खरीदना चाहते हैं। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, डेनमार्क ने अपना पूरा तोपखाना दान करने का निर्णय लेकर कीव की मदद की अपील का जवाब दिया यूरोपीय संघ का लक्ष्य 2024 के अंत तक यूक्रेन को दस लाख से अधिक गोले उपलब्ध कराना है।

## दुनिया को जानें

### जेमिनी एआई का प्रत्येक गूगल प्रोडक्ट में होना बेहद चिंताजनक : मस्क

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। हाल ही में जेमिनी चैटबॉट की एआई इमेज जनरेशन के लिए गूगल की आलोचना करने वाले टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक बार फिर कहा है कि जेमिनी एआई प्रत्येक गूगल प्रोडक्ट और यूट्यूब में होना, यह बेहद चिंताजनक है। जेमिनी के इमेज जेनरेशन क्रिएशन में आई तकनीकी खामियों की वजह से गूगल ने इसे रोकने का ऐलान किया है। मस्क ने चैटबॉट द्वारा बनाई गई गलत तस्वीरों पर खुलकर बात की। टेक अरबपति ने दावा किया कि कैटिलिन जेनर के मिसजेंडर के प्रति जेमिनी की प्रतिक्रिया के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गूगल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें फोन किया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, वरिष्ठ गूगल कार्यकारी ने मुझे कल फिर से फोन किया और कहा कि इसे ठीक करने में कुछ महीने लगेंगे। इसके अलावा, टेस्ला के सीईओ ने पोस्ट करने के लिए जेनर की सराहना की। इस बीच, मस्क ने माइक्रोसॉफ्ट पर हमला बोलते हुए कहा है कि जब तक वह माइक्रोसॉफ्ट अकाउंट नहीं बना लेते, उनका नया लैपटॉप उन्हें लॉग इन नहीं करने देगा।

# प्रादेशिकी

### चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**रुड़की।** बीती 23 फरवरी को भगवानपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर जमालपुर गांव निवासी शहजाद ने घर से ज्वैलरी व अन्य सामान चोरी होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अपना मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इकबालपुर-पुहाना रोड से अतुल निवासी गायत्री कॉलोनी सलेमपुर और रविन सैनी निवासी सालियर साल्हापुर कोतवाली गंगनहर रुड़की को गिरफ्तार किया। टीम ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से चोरी किए गए (2) मोबाइल, (2) पैण्डल पीली धातु, (1) जोड़ी पायल सफेद धातु, (2) अंगूठी सफेद धातु व दो हजार रुपये की नकदी बरामद की गई।

## राज्यपाल के अभिभाषण में यूसीसी पर विशेष फोकस



- अभिभाषण के साथ उत्तराखण्ड विधानसभा का बजट सत्र शुरू
- बजट सत्र की अवधि फिलहाल 4 दिन निर्धारित
- वार्षिक बजट मंगलवार अपराह्न होगा पेश
- यूसीसी कब लागू होगी और पारित बिल कहां गया, इसका कोई जिक्र नही

**देहरादून,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही आज सोमवार को उत्तराखण्ड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। सत्र की अवधि फिलहाल चार दिन ही रखी गयी है। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने अपनी सरकार की पिछली उपलब्धियों का जिक्र करने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों का उल्लेख भी किया। अभिभाषण में राज्यपाल ने विशेषकर समान नागरिक संहिता का विस्तार से उल्लेख किया है।

सोमवार को ठीक 11 बजे राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरुमित सिह ने अपने अभिभाषण की शुरुआत स्वाभाविक तौर पर ''विकसित भारत'' और ''विकसित उत्तराखण्ड'' के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और 2025 तक ''अगणी उत्तराखण्ड'' बनाने के उल्लेख से की।

राज्यपाल के अभिभाषण का पहला बिन्दु ''समान नागरिक संहिता'' (यूसीसी ) का रहा। जिसमें कहा गया कि समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित कराने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बन गया है। जिसमें समान संहिता के अन्तर्गत जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लायी गयी है। सभी धर्म और समुदायों की महिलाओं को विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, सम्पत्ति में समान अधिकार देते हुये सशक्त बनाया गया है। अभिभाषण में यूसीसी का प्रमुखता से उल्लेख तो है मगर कब लागू होगा, उसका कोई उल्लेख नहीं। यूसीसी बिल कहां गया, उसका भी उल्लेख नहीं है। समान नागरिक संहिता में कुछ जातियां क्यों छोड़ी गयी उसका भी उल्लेख नहीं।

राज्यपाल ने अपना अभिभाषण राज्य के विकास और सरकार के संकल्पों से संबंधित 40 बिन्दुओं पर केन्द्रित किया है। बिन्दुसंख्या 4 में राज्य में कानूनों को युक्ति संगत बनाने की बात कही है। इसमें कहा गया कि कानूनों के युक्तिसंगतीकरण की प्रकृया के अन्तर्गत भी राज्य सरकार द्वारा अनुपयोगी कानूनों का निरस्त (रिपील) करने की कार्यवाही की जा रही है। लगभग 1300 एक्ट व कानून चिन्हित किये जा चुके हैं। जिनमें से प्रथम चरण में 481 पुराने कानूनों को विलोपितध्समाप्त किया जा चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि बदरीनाथ को स्प्रिचुअल टाउन के रूप में विकसित किया जा रहा है। नयी पर्यटन नीति प्रख्यापित की जा चुकी है। टिहरी में वायु क्रीड़ा को बढ़ावा देने के लिये 5 दिवसीय एक्रो फेस्टिवल का अयोजन किया गया जिसमें 26 देशों के 54 विदेशी पायलटों ने भाग लिया। राज्य में ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति -2023 प्रख्यापित की गयी है। उत्तराखण्ड में वन क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य का वनावरण 24,305 वर्ग किमी पाया गया। जो कि पूर्व वर्ष के सर्वे आंकलन से 2 वर्ग किमी अधिक है।

### राज्य में इज ऑफ डूइंग के साथ ही पीस ऑफ डूइंग का माहौल: राज्यपाल

राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरुमित सिह ने कहा कि राज्य में इज ऑफ डूइंग के साथ ही पीस ऑफ डूइंग का माहौल है। यूआईआईडीबी का गठन किया गया। आगामी पांच वर्ष में उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्य बनाने के लिए सशक्त उत्तराखंड पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1300 कानून चिन्हित करके 400 से ज्यादा का विलोपन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सीएम कॉन्क्लेव के एजेंडा बिंदु के अनुरूप, केंद्र व राज्यों की 12 विभागों की 20 योजनाओं का मूल्यांकन कराया जा रहा है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 48 पुराने मंदिरों का चिन्हित किया गया है। पहले चरण में 16 मंदिरों के पुनरोद्धार किया जा रहा है। इसके अलावा बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्पिरिचुअल करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

### टिहरी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अपणु स्कूल अपणु प्रमाण किया गया शुरू

टिहरी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अपणु स्कूल अपणु प्रमाण शुरू किया गया है। जिसमें जरूरी प्रमाणपत्र स्कूल में ही बन रहे हैं। विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित करने वाला उत्तराखंड देश का तीसरा राज्य बन गया है। अपणी सरकार के तहत डोर स्टेप डिलीवरी देहरादून नगर निगम के 100 वार्डों में चलाई जा रही है। जल्दी ही अन्य निकायों में इसे लागू किया जाएगा। प्रदेश में 12 इको टूरिज्म गंतव्यों को तैयार किया जा रहा है। 13 हेलिपैड तैयार हो चुके हैं। सात हेलीपोर्ट बनाने पर काम चल रहा है। जो पीपीपी मोड़ पर बनेंगे। इश दौरान राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड परिकल्पना नहीं विश्वास है।

## टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेनशन का हुआ जीणोद्धार



- धामी ने पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल माध्यम से किया प्रतिभाग
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अशवनी वैष्णव का जताया सीएम ने आभार

**देहरादून,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून स्थित विधानसभा भवन से टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा किये गए 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के वृहद कार्य ने देश में आज एक और नया कीर्तिमान बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 40 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकास के लिए चयनित इन तीनों रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास से कुमाऊं क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मिलने के साथ ही लोगों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं भी मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं तथा भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खत्म कर भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है तो भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं तथा देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम भी तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तरखंड में बहुत से कार्य हुए हैं।

**सार संक्षेप**

### बच्चे के लिए दूध लेने गयी महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**हल्द्वानी।** अपने पांच वर्षीय बच्चे के लिए दूध लेने गयी एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। काठगोदाम थाना क्षेत्र के शीशमहल स्थित रेलवे फाटक निवासी साहब सिंह ने बताया कि वह रेलवे के आईडब्ल्यू विभाग में चैकीदार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी 28 वर्षीय बेटी ज्योति की शादी करीब 6 साल पहले बदायूं जिले के उझानी से की थी। वर्तमान में उनकी बेटी ज्योति अपने मायके में रह रही थी। बीती रात ज्योति काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर उन्हें खाने का टिफिन देने आई थी। वहां से लौटकर जब घर पहुंची तो उसके पांच साल के बेटे ने बिस्कुट और दूध की जिद करनी शुरू कर दी। ज्योति बच्चे को घर छोड़कर दुकान में दूध लेने गई थी। जैसे ही वह रेलवे फाटक के पास पहुंची थी, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि ज्योति का बायां हाथ शरीर से अलग हो गया था। उसके माथे से लेकर शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई थी। सूचना पर पहुंची सिटी पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने युवती को एसटीएच भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर के पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने कार की तलाश शुरू कर दी है।

### शिवरात्रि आठ मार्च को बर्फबारी के बीच गंगाजल लेने पहुंच रहे डाक कांवड़िए

**उत्तरकाशी।** इस वर्ष फाल्गुन की शिवरात्रि कृष्ण पक्ष की चतुर्थदशी आठ मार्च को मनाई जाएगी, जिसके लिए डाक कांवड़िए बर्फबारियों की दुश्वारियों के बीच गंगोत्री धाम में गंगाजल भरने पहुंचे रहे हैं। गंगोत्री धाम के तीर्थपुरोहित संतोष सेमवाल का कहना है कि हर दिन मध्य प्रदेश सहित हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से कांवड़िये गंगोत्री धाम पहुंच रहे हैं। यहां पर विशेष पूजा-अर्चना के बाद कांवड़िये जलभर कर अपने शिवालयों की ओर रवाना हो रहे हैं। महाशिवरात्रि पर कांवड़िये अपने शिवालयों में गंगोत्री के गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। वहीं विगत तीन चार दिनों से हो रही बर्फबारी से माइनस जीरो डिग्री तापमान भी कांवड़ियों की शिवभक्ति में रोड़ा नहीं बन रहा है।

### सुडोकू 6479 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**देहरादून,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने वेतन में बढोत्तरी सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सीटू के जिला अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा के नेतृत्व में थराली मुख्य तिराहे से स्टेट बैंक, मुख्य बाजार, केदारबगड, राडीबगड होते हुए तहसील तक प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने कहा यदि आंगनवाड़ी कार्यकर्तियो की वेतन बढ़ोतरी नहीं की गई तो लोकसभा चुनाव में मतदान का भी बहिष्कार करेंगे।

इस मोके पर तहसील परिसर थराली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उपजिला अधिकारी थराली अबरार अहमद के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया। आंगनबाडी कार्यकत्रियों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की वेतन वृद्धि कर 26000 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाय। मिनि आंगनबाड़ी केंद्रो का उच्चीकरण, सहायक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रमोशन भी किया जाए तथा सेवानिवृत्त होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को दो लाख रुपए की सहायता दी जाए। सभी मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पूर्ण केन्द्रो का दर्जा दिया जाए तथा सभी को ग्रेजुयेटी प्रदान की जाए,उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती है तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। पत्र में ब्लॉक सचिव यशिवनी रावत, ब्लॉक उपाध्यक्ष शशी नेगी, जिला अध्यक्ष दीपा देवराडी, बसंती देवी, गौरी पुरोहित, पुष्पा खंडूरी, दुर्गा जोशी, भागा जोशी, उमा नेगी, जयंती नेगी, दर्शनी रावत, पूजा रजवार, लक्ष्मी पांडे, दुर्गा नेगी, राजेश्वरी शर्मा, रिहाना, कमला देवी, अंजू पंत, माधवी देवी, मनोरमा देवी, शशि आदि के हस्ताक्षर हैं।

## दून में बजट सत्र रखने के खिलाफ हरदा ने रखा मौन व्रत



**देहरादून,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा गैरसैंण के अपमान और देहरादून में बजट सत्र कराने को लेकर सोमवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने स्थानीय गांधी पार्क में सांकेतिक मौन व्रत रखा। इस दौरान हरीश रावत ने कहा की सरकार द्वारा गैरसैंण की सतत् अवेहलना के विरोध में यह मौन व्रत है। हिमालयी राज्य की अवधारणा के साथ बने राज्य की सरकार को गैरसैंण में ठंड लग रही है। रावत ने कहा की अपनी ही पार्टी की सरकार द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन राजधानी में बजट सत्र का आयोजन न करना, विधानसभा द्वारा पारित संकल्प की भी अवेहलना है।

हरदा ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हीं के कार्यकाल में गैरसैंण में विधानसभा भवन बना, विधानसभा सत्र आयोजित हुए, भविष्य के बजट सत्र गैरसैंण में ही आयोजित होने का संकल्प भी पारित किया गया, रावत ने कहा कि उनके मौन व्रत का उद्देश्य सरकार को सद्बुद्धि आए इसकी कामना के साथ एक प्रायश्चित भी है। कहा कि अब उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि शायद गैरसैंण में सैकड़ों करोड़ रुपया पूर्व सीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार गैरसैंण की अनदेखी कर रही है और गैरसैंण को लेकर उत्तराखंड में व्याप्त चुप्पी से उन्हें अब ऐसा लगने लगा है कि गैरसैंण में यह सारे प्रयास जनभावना का सही आकलन नहीं था। यदि वास्तव में ऐसा है तो उनका यह मौन व्रत एक प्रायश्चित भी है। कहा कि देहरादून में सरकारी बजट सत्र और गैरसैंण में जन विकास बजट सत्र, जन भावना की अभिव्यक्ति का अभिनव प्रयास है, जिसके लिए उत्तराखंड कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को बधाई। खर्च कर उन्होंने कोई भूल कर दी हो। जन भावना का सही आकलन न कर पाना भी एक भूल ही होती है।

## रुड़की के खेत में मिला 13 साल के किशोर का शव


- 19 फरवरी से लापता था कार्तिक, हत्या की आशंका

**रुड़की,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। हरिद्वार के भगवानपुर थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोर का शव एक खेत में पड़ा हुआ मिला। शव मिलने से आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि किशोर के शरीर पर चोट के निशान हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। कार्तिक नाम का किशोर पिछले 9 फरवरी से घर से लापता था। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस समय से किशोर को सकुशल ढूंढ नहीं सकी। शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

बता दें कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के खुब्बनपुर गांव निवासी सरदार सिंह का 13 साल का बेटा कार्तिक बीती 19 फरवरी को घर से निकला था। उसके बाद से कार्तिक वापस घर नहीं लौटा था। उसी दिन से कार्तिक का परिवार और ग्रामीण उसकी तलाश कर रहे थे। भगवानपुर पुलिस को कार्तिक के लापता होने की तहरीर भी दी गई थी। पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन कार्तिक का कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

देर शाम के समय एक खेत के पास से किसी ग्रामीण को दुर्गंध आई। इसके बाद ग्रामीण ने खेत में जाकर देखा तो वहां कार्तिक का शव पड़ा हुआ था। कार्तिक का शव खेत में पड़ा हुआ देख ग्रामीण घबरा गया। उसने अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। किशोर के परिजनों ने शव की पहचान कार्तिक के रूप में की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। कार्तिक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

## डबल्यूएचओ के मानकों के मुताबिक चिकित्सक रोगी अनुपात नहीं



**शिमला,** 26 फरवरी (देशबन्धु)।सूबे में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ)के मानकों के मुताबिक चिकित्सक रोगी अनुपात नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जहां प्रति एक हजार की आबादी पर एक चिकित्सक की तैनाती के मानक तय किए हैं, मगर प्रदेश में 3 हजार से अधिक की आबादी पर एक चिकित्सक की तैनाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के मुताबिक प्रदेश में चिकित्सक रोगी अनुपात को पूरा करने के लिए राज्य में डॉक्टरों की काडर संख्या बढ़ाने की दरकार है।

हिमाचल की आबादी करीब 80 लाख अनुमानित है। 80 लाख की आबादी पर प्रदेश में 2677 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इस तरह प्रति हजार आबादी पर चिकित्सकों का अनुपात 0.33 है। यानी करीब 3000 लोगों पर एक डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होना चाहिए। यानी डब्ल्यूएचओ ने एक हजार की जनसंख्या पर एक डॉक्टर निर्धारित किया है। हिमाचल प्रदेश की वर्ष 2011 की जनगणना व सालाना वृद्धि के आधार पर राज्य की आबादी का अनुमान लगाया गया है। ये अनुमानित आबादी 80 लाखए 16 हजार 691 है। भरमौर के भाजपा विधायक डॉ जनक राज ने विधान सभा में चिकित्सक रोगी अनुपात को लेकर सवाल किया थाष। उनके सवाल के लिखित जवाब में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धनी राम शांडिल ने बताया कि प्रदेश में कुल 2677 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर निर्धारित किया है। हिमाचल में इस समय 3000 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है।

हिमाचल में जिला शिमला में सबसे अधिक डॉक्टर हैं। जिला शिमला में 735 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। आबादी के अनुपात में सबसे कम डॉक्टर जिला ऊना में हैं। यहां 118 डॉक्टर हैंए जो अनुमानित जनसंख्या 6ए30एए650 की आबादी है। जिला बिलासपुर में डॉक्टर्स की संख्या 98ए चंबा में 129ए हमीरपुर जिला में 152ए किन्नौर में 62ए जिला कुल्लू में 110ए सिरमौर जिला में 144 व सोलन जिला में 187 डॉक्टर्स हैं। इसी प्रकार प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 539 व मंडी में 356 डॉक्टर्स हैं। वैसे लाहौल.स्पीति में महज 29 हजार से कुछ अधिक की आबादी है। इस आबादी के लिए 47 डॉक्टर्स हैं।

### एक साल में डॉक्टर्स के 34 नए पद सृजित

डॉ जनकराज ने इसी सवाल के एक अन्य हिस्से के जवाब में सरकार ने बताया कि एक साल की अवधि में राज्य में डॉक्टर्स के 34 नए पद सृजित किए गए हैं। इनमें से 30 पद आईजीएमसी शिमला व चार पद सिविल अस्पताल सुजानपुर में क्रिएट किए गए। सवाल के तीसरे हिस्से में स्वास्थ्य मंत्री के लिखित जवाब में बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किलाड़ए होलीए भरमौर व चूड़ी जिला चंबा में डॉक्टर्स के 27 पद सृजित हैंए लेकिन मात्र 13 पद ही भरे गए हैं।

## संसाधन नहीं जुटे तो, वेतन और पेंशन का बोझ विकास पर ब्रेक लगा देगा



### वेतन और पेंशन पर बढ़ता खर्च

| राजस्व व्यय | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 |
|---|---|---|---|---|
| वेतन करोड़ में | 1354.71 | 1468.51 | 1586.51 | 17131.52 |
| पेंशन करोड़ में | 9062.49 | 9961.10 | 10857.60 | 11834.78 |
| ब्याज भुगतान | 5658.26 | 6255.34 | 6755.34 | 7275.34 |

- चार साल में वेतन पर 4000 करोड़ से अधिक और पेंशन पर 3000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा

हिमकिरण मांटा

शिमला, 26 फरवरी (देशबन्धु)। संसाधन नहीं जुटाए गए तो हिमाचल सरकार के लिए कर्मचारियों का वेतन और पेंशनरों की पेंशन का बोझ उठाना असहनीय होगा। प्रदेश सरकार ने संसाधन जुटाने की दिशा में कदम तो उठाया है, लेकिन इस तरह के प्रयासों के परिणाम उत्साहवर्धक नहीं आए हैं। सरकारी क्षेत्र में नई भर्तियां करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। निजी क्षेत्र में स्थायी रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार का एकमात्र रास्ता सरकारी नौकरी ही बचता है। लेकिन कर्मचारियों का वेतन लंबी छलांग मारते हुए बढ़ता जा रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष में कर्मचारियों के वेतन पर साढ़े तेरह हजार करोड़ का भुगतान करना पड़ रहा है। यदि चार साल बाद कर्मचारियों के वेतन का आकलन किया जाए तो चार हजार करोड़ का अतिरिक्त राजस्व जुटाना होगा। प्रदेश सरकार से इस समय डेढ़ लाख से अधिक पेंशनर मासिक पेंशन लेते हैं और वित्त विभाग का अध्ययन था कि 2032 के बाद पेंशनरों की संख्या घटती चली जाएगी। परिणामस्वरूप सरकार के लिए पेंशन का बोझ कम होगा। लेकिन एनपीएस से ओपीएस में आए सवा लाख कर्मचारी 2035 में तेजी से सेवानिवृत होने लगेंगे और पेंशन के लिए वेतन से अधिक धनराशि की दरकार रहेगी। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के कछुआ चाल से चलने के पीछे बड़ा कारण ये है कि सरकार को वेतन और पेंशन पर सर्वाधिक खर्च करना पड़ता है। प्रदेश सरकार ने अगले वित्त वर्ष के बजट में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन-2005 के नियमों में विस्तार से वेतन, पेंशन, ब्याज अदायगियों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उपदान, वेतन के लिए ग्रांट-इन-एड में स्थिति को स्पष्ट किया है। ऋण का ब्याज चुकाना भी परेशान करेगा

प्रदेश सरकार पर कुल ऋण 83 हजार करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। एक हाथ सरकार ऋण ले रही है तो दूसरे हाथ ऋण का ब्याज चुकाने के लिए भी पर्याप्त धनराशि खजाने में चाहिए। इस समय ब्याज चुकाने के लिए साढ़े पांच हजार करोड़ सालाना खर्च होते हैं और चार साल बाद ब्याज की अदायगियां पूरी करने के लिए दो हजार करोड़ से अधिक की धनराशि चाहिए।

## जंगल में घास लेने गयी महिला पर गुलदार ने किया हमला

रुद्रप्रयाग। जखोली विकासखंड के मखेत गांव की एक महिला पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि महिला जंगल घास लेने गई थी। गुलदार ने जैसे ही महिला पर हमला किया, महिला ने दरांती से गुलदार पर वार कर दिए और शोर मचाया। इस बीच आसपास से लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद गुलदार भाग खड़ा हुआ। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखोली में भर्ती कराया गया, जहां महिला का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार मखेत गांव की दीपा देवी पत्नी अषाड़ सिह रावत गांव के पास ही घास लेने जंगल गई हुई थी, इस बीच झाड़ी में घात लगाकर बैठे गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया। महिला ने भी अपना बचाव किया और गुलदार पर दरांती से वार कर दिया। इस बीच आसपास के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए, तथा शोर मचाया। इसके बाद गुलदार भाग खड़ा हुआ। घायल महिला दीपा देवी को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखोली में भर्ती कराया गया है। गुलदार ने महिला के पैर पर अपने नाखूनों से हमला कर दिया, इस गुलदार के हमले में उसका पैर पर काफी ज्यादा घाव हो गया है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में तमंचा सहित गोली मारने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली कायमगंज पुलिस सोनू कोहली को गोली मारने के मामले में युवक आशू उर्फ शेखर कोरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मोहल्ला श्यामा गेट गंगा दरवाजा कूंचा निवासी आशू उर्फ शेखर पुत्र अवध बिहारी की निशादेही पर घूरे में दबाए गए 315 बोर के तमंचे को बरामद कर लिया है। मालूम हो की आशू ने 23 फरवरी की रात प्रेम नगर निवासी ऋषिपाल कोली के पुत्र सोनू को गोली मार दी थी। पेट में गोली लगने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया ऑपरेशन करके सोनू के पेट से बुलेट निकाल दिया गया है। सोनू मोहल्ले के दोस्त संजय के जन्म दिवस पर गया था सोनू के घर से निकलते ही उसे गोली मारी गई थी।

# उत्तर प्रदेश में अब नहीं लहराए जाते तमंचे : योगी

**लखनऊ/ कानपुर,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरीडोर में अदाणी समूह के

- **मुख्यमंत्री ने कानपुर में अदाणी के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन**
- **उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय**

एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जहां यूपी में तमंचे लहराए जाते थे, वहीं अब प्रदेश के डिफेंस कॉरीडोर के सभी 6 नोड्स भारत को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान देश के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का अवलोकन भी किया। समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये क्षण उनके लिए अत्यंत आह्लादित करने वाला है। सीएम ने कहा कि 2018 में जब हमने अपना पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की थी। भारत को रक्षा क्षेत्र में



**डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग से देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर : योगी आदित्यनाथ**

आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने यूपी में 6 नोड्स की घोषणा की थी। इसमें अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, जिसमें कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने अपना कार्य प्रारंभ किया है।

योगी ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 5 हजार हैक्टेयर के बड़े कॉरीडोर को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया गया है। अबतक 5 हजार एकड़ लैंड को प्राप्त कर लिया गया है। इसमें लखनऊ में जहां ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, आर्म व्हीकल निगम लिमिटेड और टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, ग्लोबल इंजीनियरिंग लिमिटेड और डब्ल्यूवी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का कार्य प्रारंभ हुआ है, वहीं अलीगढ़ नोड में एंकर रिसर्च लैब एलएलपी और कानपुर में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी लिमिटेड जैसी बड़ी बड़ी कंपनियां काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरीडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तौर पर नामित किया गया है।

इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए साझेदारी दिखाई दी है। सीएम ने बताया कि यूपी के डिफेंस कॉरीडोर में डिफेंस एंड एयरोस्पेस सेक्टर में स्टार्टअप्स के सहयोग के लिए संपूर्ण वातावरण बनाने का कार्य हुआ है। इसके पीछे उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही दुनिया की आवश्यक्ताओं की पूर्ति कर सके। इस कार्य में यूपी के 6 नोड्स मील का पत्थर साबित होंगे। आज उत्तर प्रदेश, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यूपी को 2017 से पहले देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा माना जाता था। आज यही प्रदेश विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में जीबीसी 4.0 के माध्यम से 10 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश वहीं होता है, जहां व्यक्ति के साथ साथ पूंजी को भी सुरक्षित वातावरण मिले। सीएम योगी ने बताया कि नोएडा की स्थापना के 46 वर्ष बाद प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में बीडा के रूप में नया औद्योगिक शहर बसाने जा रही है। ये देश का सबसे बेहतरीन औद्योगिक शहर बनेगा। इस हिसाब से इस पूरे क्षेत्र के युवाओं को सबसे स्किल्ड कार्यबल के रूप में तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अदाणी समूह द्वारा यूपी के कानपुर और तेलंगाना के हैदराबाद में एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स के शुभारंभ को लेकर बधाई दी।

### चार हजार लोगों को मिलेगा सीधे सीधे रोजगार

अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने बताया कि मात्र 15 महीने में 5 हजार एकड़ में बनकर तैयार अदाणी समूह का ये उत्पादन कॉम्प्लेक्स दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। इसके बाद अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद निर्मित किए जाएंगे। 15 सौ करोड़ से शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट अगले पांच साल में 3 हजार करोड़ का विस्तार प्राप्त करेगा। इससे 4 हजार लोगों को जहां सीधे सीधे रोजगार प्राप्त होगा वहीं इससे पांच गुना ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार भी ये कॉम्प्लेक्स सृजित करेगा। साथ ही साथ ये कॉम्प्लेक्स अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए सोलर पॉवर और वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा।

# किसानों ने किया मेरठ पौड़ी हाईवे पर कब्जा, दिया धरना



**मवाना,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सोमवार को किसानों ने मेरठ पौड़ी हाईवे पर चार घंटे तक कब्जा कर धरना दिया। किसानों ने हाइवे पर दिल्ली की ओर मुंह करके ट्रैक्टर खड़े कर दिए। दोपहर बाद तीन बजे धरना शांतिपूर्ण खत्म कर दिया गया। धरने का नेतृत्व संजय दौरालिया ने किया। मेरठ पौड़ी हाईवे पर फिटकरी गांव के सामने भारतीय किसान यूनियन के बेनर तले संजय दौरालिया के नेतृत्व में किसानों ने धरना शुरू कर दिया। हाईवे के मेरठ जाने वाली लेन पर अनेक ट्रैक्टर खड़े कर दिए, जिस कारण हाईवे पर यातायात बंद हो गया। सूचना पर पहुंची इंचौली पुलिस ने व्यवस्था संभाली और वाहनों को सर्विस रोड से निकलवाया गया। धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता संजय दौरालिया ने कहा कि आंदोलन के माध्यम से किसानों ने सरकार को कई बार चेता दिया है। इसके बावजूद सरकार किसानों की मांगों को अनसुना कर रही है। कई किसान संगठनों और सरकार के बीच 14 मार्च को बैठक होनी तय हुई है,

- **चार घंटे हाईवे की एक लेन पर खड़े किये ट्रैक्टर**
- **दोपहर बाद तीन बजे धरना शांतिपूर्ण हुआ खत्म**

यदि उसमें किसानों की मांगे पूरी नहीं हुई और वार्ता असफल रही तो किसानों के ट्रैक्टर कभी भी दिल्ली की ओर कूच कर सकते हैं। किसानों के धरने पर उपेन्द्र सभासद दौराला, गजेंद्र टांडा सकोती, ऋषिपाल दौराला, शौकीन फिटकरी, संदीप फिटकरी, जगबीर खाईखेड़ा, बबलू खाईखेड़ा, फुरकान, सतीश, ईलम सिंह, वेदपाल, सुबोध, जितेन्द्र व संदीप भी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आईटीआई साकेत स्थित ईवीएम/वीवीपेट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा वेयर हाउस में रखी गई ईवीएम मशीनों का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद।** प्रेमिका से विवाह न होने से क्षुब्ध युवक अनुज शाक्य ने फांसी लगाकर जान दे दी। थाना मऊ दरवाजा के ग्राम रामनगर रमन्ना गुलजार बाग निवासी राधा कृष्ण के 20 वर्षीय पुत्र अनुज का शव आज सुबह 6.30 बजे छत की बाउंड्री में लगी लोहे की कील पर मफलर से लटकते देखा गया। जिससे परिवार में मातम छा गया सूचना मिलने पर दरोगा दीपक राजपूत ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि अनुज का गांव की ही युवती से प्रेम चल रहा था वह इसी लड़की से शादी करना चाहता था। जबकि घर वाले अनुज की शादी दूसरी जगह करने की तैयारी कर रहे थे। दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करने वाला अनुज 16 फरवरी को घर आया था दो भाइयों में आकाश बड़ा भाई है।

### कुटिलता मायाचारी का प्रथम लक्षण भाव भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर।** जैन धर्म नगर स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के आठवें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। सोमवार को भगवंतो का स्वर्ण कलश से अभिषेक सुशील जैन यूनियन बैंक व शान्तिधारा करने का सौभाग्य नितिन जैन को प्राप्त हुआ। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन रूपा जैन ने किया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने प्रवचन में कहा कि कुटिलता का अर्थ है झुकाव, वक्रपना, दुःखदपना। व्यक्ति को अनन्त धर्मात्मक वस्तुध्आत्मा का यथार्थ ज्ञान होने पर भी अपनी प्रशंसा और प्रसिद्धि के लिए एकान्त-स्वरूप का कथन करता है। वह किसी एक नय को मुख्य करता हुए उसे ही सम्पूर्ण वस्तु मानता स्वीकारता है। सर्व नयात्मक अनेकान्त स्वरूप को प्रकट नहीं करता है। तदोपरांत विभिन्न प्रांतों से 121 परिवारों ने भगवान तो को 48 अर्घ्य समर्पित कर पुण्य का संचय किया। विधान का विसर्जन अनीता जैन पंच परमेष्ठी की आरती का दीप प्रज्जवलन चन्द्रा मेहता तमिलनाडु एवं ममता मेहता मुम्बई आदिनाथ भगवान की आरती का दीप प्रज्जवलन पायल, निधि, छवि, प्रवेश जैन व चौबीसों भगवान की आरती का दीप प्रज्जवलन लिपिका, झलक, आकाश जैन के द्वारा किया गया।

### सूचना

मैं अपने बड़े पुत्र बबलू व उसकी पत्नी राखी को मेरे व मेरे परिवार के प्रति उचित व्यवहार न होने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हू। आज के बाद उक्त दोनों से हमारा कोई संबंध नहीं होगा।

**-राजेंद्र पुत्र जीवन निवासी-ग्राम शोभापुर, थाना कंकरखेड़ा, जिला मेरठ।**



# शोभित विश्वविद्यालय मेरठ को मिला बेस्ट यूनिवर्सिटी अवार्ड

**मेरठ,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। ब्लू रेडिसन टावर, गाजियाबाद में आयोजित बिजनेस सबमिट 2024 में शोभित विश्वविद्यालय मेरठ को बेस्ट यूनिवर्सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। शोभित विश्वविद्यालय को यह सम्मान अनुसंधान, पेटेंट एवं इनोवेशन के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को ध्यान में रखते हुए देश के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह, उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी, डॉ सोमेंद्र तोमर, राज्यमंत्री (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग), उत्तर प्रदेश सरकार, के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। शोभित विश्वविद्यालय की ओर से यह सम्मान शोभित विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी निदेशक प्रो डॉ. अशोक कुमार एवं निशांत चौधरी ने प्राप्त किया।

# तकनीक के नए युग में छात्रों के सहायक बनेंगे स्मार्ट फोन : डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी

**मेरठ,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। तकनीक की दृष्टि से आपको मजबूत करने की योजना सरकार की है। यह स्मार्ट फोन उसमें सहायक सिद्ध होंगे। जिस उद्देश्य के लिए यह मोबाइल फोन मिला है उसका पूरा करें विद्यार्थी। देश को तकनीकी दृष्टि से मजबूत करने के लिए सरकार हर स्तर पर काम कर रही है। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में देश का डंका बज रहा है। सोमवार को तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के छात्रों को मोबाईल वितरण कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कही। चौधरी चरण सिंह विवि परिसर स्थित तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में के आयोजित मोबाईल वितरण कार्यक्रम के दौरान डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि इस मोबाईल का उपयोग अपने शिक्षा के लिए करना व्यक्तिगत उपयोग के लिए आपके पास जो मोबाईल है उसका उपयोग करना। वर्तमान प्रत्येक व्यक्ति के पास मोबाईल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अकादमिक डायरेक्टर व संकायाध्यक्ष कला प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि इस मोबाइल का उपयोग केवल अपनी शिक्षा का समृद्ध करने के लिए करना।



- **सकारात्मक उद्देश्य के लिए मोबाइल का करें उपयोग**
- **तकनीकी रूप से सशक्त बनाना सरकार का उद्देश्य**

# पुलिस ने ड्रोन से की अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी

**मवाना,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मवाना थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने पुलिस टीम को लेकर नगर एवं देहात क्षेत्र में आने वाले संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर ड्रोन को उड़ा कर सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने नगर के अटोरा रोड, खतोलिया चौक, इमरान नगर आदि क्षेत्रों में पहुंचकर ड्रोन के माध्यम से छतों को चौक किया गया। थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शरारती तत्वों पर नकेल कसने एवं गतिविधियां चौक करने के आदेश का पालन करते हुए अभियान की शुरुआत कराई है।



- **चुनाव के मद्देनजर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाया अभियान**

# मकदूमपुर सड़क पर फैल रहे पानी से बढ़ रही परेशानी

**मवाना,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन मवाना का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार से मिला और उन्हें बताया कि मकदूमुर रोड पर नाला बन रहा है, जिस कारण मकदूमपुर रोड पर पानी भरा हुआ है और मिटटी भी नही उठ रही है। इससे क्षेत्र के व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है, लोग फिसल कर चोटिल हो रहे है। उधर नगर के कई हिस्सों में स्ट्रीट लाईटे नहीं होने के कारण अंधेरा छाया रहता है। रात्रि में अभियान चलाकर लाईटे लगायी जाये और ठीक कराई जाये। एसोसिएशन के महामंत्री नदीम के नेतृत्व में सोनू सूर्या, मांगेराम मित्तल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिले और उन्हें दिये ज्ञापन में बताया कि मेरठ रोड़ पर हेयर लैब स्टूडियों के सामने लाईट नहीं लगी है। भरत एन्क्लेव मवाना में जय सिंह के मकान के पास वाले खंभे से लाईट उतार ली गयी। कालोनी में इन्द्रजीत जैन ने आरजीआरएस पर लाईट ठीक कराने की शिकायत की तो पालिका कर्मियों ने उनसे स्ट्रीट लाइट ठीक होने के हस्ताक्षर करा लिये लेकिन लाइट आज भी खराब पड़ी हुई है। उत्सव मंडप के पीछे भरत एन्कलेव में रतनपाल मलिक के मकान से लेकर दीपक गुप्ता के मकान तक की नाली और उत्सव मंडप के पीछे वाले गेट के सामने वाली नाली क्षतिग्रस्त हो गयी है।



- **आईजीआरएस पर हुई शिकायत कागजों में निपटाई**

### रोजगार मेला आयोजित

**मेरठ,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा, मेरठ विकास खण्ड-खरखौंदा, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 8 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 9000 रुपए और अधिकतम 20000 रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 173 अभ्यर्थियों में, जो कि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 90 अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

# चौधरी चरण सिंह विविद्यालय में कार्यशाला आयोजित



**मेरठ,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ मॉ सरस्वती पर पुष्पार्जन व दीप प्रवलित कर किया गया। इस कार्यशाला में मो. जावेद आलमज और मो. महोम्द युसुफ पटना बिहार का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय मलिक ने पुष्प गुच्छ देकर किया। डा. अशोक कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। प्रो. रूप नारायण ने अध्यक्षता की। इस कार्यशाला की मुख्य थीम भ्लकतवचवदपबे बनसजनजम पर प्रकाश डाला। मो. जावेद आलम और मो. युसुफ आलम ने हाइड्रोपोनिक के बारे मे बताया। जल द्वारा पौधों के संर्वधन के महत्व पर प्रकाश डाला। हाइड्रोपोनिक एक ग्रीक शब्द है जिसका मतलब कम मिट्टी में सिर्फ पानी के जरीये खेती की जाती है पानी के साथ थोड़े बालू या कंकड़ की जरूरत पड़ जाती है। हाइड्रोपोनिक फार्मिंग में खेती पाइपो में पानी होता है, पौधे की जड़े उन्ही पानी में डूबी रहती है। यह तकनीक छोटे पौधो वाली फसलों के लिए बहुत अच्छी है इसमे गाजर, मूली, शिमला, मिर्च, टमाटर जैसी सब्जियां और फल उगाए जा सकते हैं।

**आयोजन** *वैंक्टेश्वरा में मैत्री क्रिकेट टूनामेंट सीजन-2 का हुआ आयोजन*

# विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी व कुशल बनाता है खेलकूद : डा. सुधीर

**मेरठ, 26 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में मैत्री क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सस्था की पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग, बी फार्मा, डी. फार्मा, पोलिटेक्निक, बीटैक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। वेंक्टेश्वरा संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेलकूद मैदान में आयोजित मैत्री क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह आदि ने रिबन काट कर एवं खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर किया। मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन।**

- **विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है खेल**

अवसर पर अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता है उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल हमारे देश के खिलाडियों ने अपने जुनून को हासिल करने के लिए खुद को खेल की ओर समर्पित कर दिया। उनके ध्यान कडी मेहनत समर्पण और दृढ़ता ने उन्हे आज प्रतिष्ठित वयक्ति के रूप में स्थापित किया। आप सभी छात्रों को खेलने के लिए प्रतिदिन कुछ समय निकालना चाहिए। परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिनके पास खेल के प्रति जुनून टीम भावन और टीम के सदस्यों के प्रति समर्थन देने की क्षमता होती है वही एक अच्छा खिलाडी होता है। टूर्नामेंट का पहले मैच में डी. फार्मा की टीम ने टास जीत कर बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए 170 रन बनाये। दूसरी बीटेक की टीम ने यह मैन चार विकिट से जीत लिया। दूसरा मैच बी फार्मा एवं बीसीए के छात्रों के बीच खेला गया जिसमें बी फार्मा की टीम विजयी हुई। टूर्नामेट का फाइल मैच बी फार्मा एवं पोलिटेक्निक के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बीफार्मा की टीम ने 179 रनों का लक्ष्य दिया। इस मैच को बीटेक की टीम ने आठ विकेट से जीत लिया। टूर्नामेट में प्लेयर ऑफ दा सीरीज के खिताब से खिलाड़ी अतुल कुमार को नवाजा गया । विजयी टीम के खिलाडियों को संस्था के अधिकारियों द्वारा मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के आयोजन में प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, डॉ. नितिन राज वर्मा, बृजपाल सिंह, दीपक कुमार, कोर्डिनेटर अभिनव राणा, एमपायर रोहित कौशिक, प्रदीप शर्मा, विनय, गौरव कुमार, अरूण कुमार, रोहित, रवि एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा का सहयोग रहा।



### बुद्ध की मूर्ति छतिग्रस्त करनें पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 26 फरवरी (देशबन्धु)। भगवान बुद्ध और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमाओं को छतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस नें तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ में खलियान की भूमि पर डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाएं स्थापित की गयीं थी। बीते 24 फरवरी की रात 12:30 बजे ग्रामीणों नें देखा की एक बाइक पर दो युवक सबार होकर आये और उन्होंने ईंट से दोनों मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में ग्रामीण श्रीपाल नें पुलिस को तहरीर दी। पुलिस नें दो अज्ञात बाइक सबारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष कामिल खान नें बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### वरुण तेज ने अपने अवसर खुद बनाए : चिरंजीवी

**मुंबई।** मेगा स्टार चिरंजीवी ने एक्टर वरुण तेज की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं पर काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म उद्योग में अपने लिए कई अवसर पैदा किए हैं। 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' के प्री-रिलीज कार्यक्रम में पद्म विभूषण पाने वाले एक्टर चिरंजीवी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने इस फिल्म को लेकर पूरी टीम के काम की सराहना की। चिरंजीवी ने 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' को लेकर वरुण के साहस और निर्देशक शक्ति प्रताप के बारे में बात की। एक्टर ने कहा कि वरुण अलग-अलग तरह की भूमिकाओं पर काम कर रहे हैं और उन्होंने अपने लिए अवसर खुद बनाए हैं। उन्होंने अपनी फिल्मों में काफी विविधताएं दिखाई हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने वायु सेना के अधिकारियों को भी आश्चर्यचकित कर दिया।

## 'महारानी 3' में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण है : अनुजा साठे



**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो 'महारानी' के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है। एक्ट्रेस ने कहा कि शुरुआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की।

इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा कि कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी-सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है, और मैं हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

'महारानी' नरेन कुमार और डिंपल खरबंदा द्वारा निर्मित, सुभाष कपूर द्वारा रचित और सौरभ भावे द्वारा निर्देशित है। सीरीज में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कानी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और सोहम शाह भी लीड रोल में हैं। 'महारानी 3' 7 मार्च से सोनी लिव पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी।

## आईआईटी शोधकर्ताओं ने पहला भारत-विशिष्ट एआई मॉडल किया विकसित

■ गर्भवती महिला में दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की आयु करेगा निर्धारित ■ मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी

**चेन्नई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं ने पहली बार एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल विकसित किया है, जो भारतीय आबादी के लिए विशिष्ट है और गर्भवती महिला में उसकी दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की उम्र का सटीक निर्धारण कर सकता है।

भ्रूण की सटीक आयु, गर्भकालीन आयु गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सटीक प्रसव तिथियां निर्धारित करने में भी मदद करती है। वर्तमान में, भारत में चिकित्सक पश्चिमी आबादी के लिए विकसित एक फार्मूले का उपयोग करके गर्भकालीन आयु निर्धारित करते हैं, इससे त्रुटि की संभावना बढ़ जाती है। ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआई), फरीदाबाद सहित शोधकर्ताओं की टीम ने सोमवार को कहा कि 'गर्भिनी-जीए2' नामक नया मॉडल भारतीय आबादी के लिए भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगाता है, इससे त्रुटि लगभग तीन गुना कम हो जाती है।

पीयर-रिव्यू जर्नल लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित अध्ययन में उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनसंख्या डेटा का उपयोग करके विकसित और मान्य किया जाने वाला पहला अंतिम-तिमाही गर्भकालीन आयु अनुमान मॉडल है।

नया मॉडल नवजात शिशुओं की देखभाल में भी सुधार कर सकता है, इससे भारत में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यह शोध 'जन्म परिणामों पर उन्नत अनुसंधान के लिए अंत:विषय समूह - डीबीटी इंडिया इनिशिएटिव' (गर्भिनी) कार्यक्रम का भी हिस्सा है।

भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के सचिव डॉ. राजेश गोखले ने सोमवार को एक बयान में कहा कि गर्भिनी डीबीटी का एक प्रमुख कार्यक्रम है, और गर्भकालीन आयु का अनुमान लगाने के लिए इन जनसंख्या-विशिष्ट



मॉडल का विकास एक सराहनीय परिणाम है। इन मॉडलों को पूरे देश में मान्य किया जा रहा है।

आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव बायोलॉजी एंड सिस्टम्स मेडिसिन के समन्वयक और डेटा का नेतृत्व करने वाले डॉ. हिमांशु सिन्हा ने कहा कि आईआईटी मद्रास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर और स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं को हल करने में योगदान दे रहा है। इस उद्देश्य से, हम प्रतिकूल जन्म परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए उपकरण बनाने के लिए उन्नत डेटा विज्ञान और एआई/एमएल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस दिशा में पहला कदम सटीक जीए मॉडल विकसित करना है, जो पश्चिमी आबादी का उपयोग करके डिजाइन किए गए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले मॉडल की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

गर्भिनी-जीए2 ने नियमित रूप से मापे जाने वाले तीन भ्रूण अल्ट्रासाउंड मापदंडों का उपयोग किया, और इसे हरियाणा के गुरुग्राम सिविल अस्पताल में प्रलेखित गर्भिनी कोहोर्ट डेटा का उपयोग करके विकसित किया गया था, और दक्षिण भारत में एक स्वतंत्र कोहोर्ट में मान्य किया गया था।

शोधकर्ताओं ने कहा कि एक बार संभावित अखिल भारतीय समूहों में मान्य होने के बाद, इस गर्भिनी-जीए2 को पूरे भारत के क्लीनिकों में तैनात किया जा सकता है, इससे प्रसूति विशेषज्ञों और नवजात विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली देखभाल में सुधार होगा, इससे भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। गर्भिनी कार्यक्रम के प्रमुख अन्वेषक और प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. शिंजिनी भटनागर ने कहा कि गर्भकालीन आयु सटीकता में सुधार करना गर्भिनी अध्ययन के व्यापक लक्ष्यों का एक महत्वपूर्ण घटक है, इसका उद्देश्य गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।

## दिल्ली में 'स्टमक फ्लू' के मामलों में तेजी

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। डॉक्टरों ने बताया कि दिल्ली में 'स्टमक फ्लू' के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। 'स्टमक फ्लू' जिसे वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस के रूप में भी जाना जाता है, एक आम बीमारी है

■ नोरोवायरस रोटावायरस और एंटरोवायरस सहित विभिन्न वायरस के कारण

■ दूषित भोजन या पानी, संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से बचें

जो नोरोवायरस रोटावायरस और एंटरोवायरस सहित विभिन्न वायरस के कारण होती है। ये वायरस अत्यधिक संक्रामक होते हैं और दूषित भोजन या पानी, किसी संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क या खराब स्वच्छता के माध्यम से आसानी से फैल सकते हैं। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन डॉ. वंदना



गर्ग ने कहा कि हाल के दिनों में ओपीडी में फ्लू, डायरिया, वायरल बुखार आदि जैसे मामलों के लिए हमारे पास आने वाले मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अनुमान के अनुसार 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत अधिक है। इसके प्रमुख लक्षणों में पेट दर्द, दस्त और उल्टी शामिल हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मरीजों को एंटीबायोटिक न लेने की सलाह दी है। सी.के. बिड़ला अस्पताल दिल्ली में आंतरिक चिकित्सा के निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि पेट फ्लू के मामले अधिक हो रहे हैं, वे आम तौर पर कुछ ही दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन एंटीबायोटिक्स से इसमें ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। इसका उपयोग तब तक नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि कोई बैक्टीरियल इंफेक्शन मौजूद न हो। डॉक्टर ने कहा कि वह प्रतिदिन औसतन 6-7 मामले देख रहे हैं। विशेषज्ञ ने कहा कि छोटे बच्चों, बड़े वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों में पेट के फ्लू से निर्जलीकरण और कुपोषण जैसी गंभीर जटिलताएं विकसित होने का खतरा अधिक होता है। डॉ. वंदना ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं का सामने करने वाले व्यक्तियों को भी इससे खतरा है। डॉक्टरों ने इस वायरस के प्रसार को रोकने के लिए स्वस्थ आहार बनाए रखने, बार-बार हाथ धोने, भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने, मास्क पहनने और बीमार व्यक्तियों के संपर्क से बचने सहित कई तरह की सावधानियां बरतने का आह्वान किया।

## 'हप्पू की उलटन पलटन' के लिए सोनल पंवार ने पहली बार पकड़ी पिस्तौल

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सोनल पंवार सिटकॉम 'हप्पू की उलटन पलटन' की अपकमिंग स्टोरी में एसीपी बनी हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहली बार पिस्तौल संभाली है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस की वर्दी उनके ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व में अधिकार और ताकत की एक अतिरिक्त परत लाती है। सोनल के किरदार का नाम एसीपी मलायका है, जिसने एक वफादार और ईमानदार अधिकारी बनने के लिए अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है, जो अपने पिता दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी द्वारा अभिनीत) के विपरीत, ईमानदारी और सम्मान के साथ सेवा और सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ न्याय करती है। सीक्वेंस के बारे में बात



करते हुए सोनल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कहानी हमारे दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देगी। एसीपी की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा है, क्योंकि मैंने हमेशा किशोर लड़की की भूमिकाएं निभाई हैं। हालांकि, मेरा व्यक्तित्व वास्तविक जीवन में मलायका जैसा है।

## मेरे पास जो कुछ है, उसके लिए आभारी हूं : दिव्यांका त्रिपाठी

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ने अपने पति विवेक दहिया के साथ इंस्टाग्राम पर एक प्यार भरी तस्वीर शेयर की। फोटो किसी शादी समारोह की लग रही है, जिसमें दिव्यांका पेस्टल कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं।

उन्होंने ग्लैम मेकअप लुक चुना और चोकर नेक पीस और मैचिंग ईयररिंग्स पहनीं। दूसरी तस्वीर दिव्यांका का सोलो पोर्ट्रेट है। एक्ट्रेस ने स्वानंद किरकिरे और अमिताभ भट्टाचार्य की 'मोंटा रे' की धुन दी। पोस्ट को कैप्शन दिया गया है, 'मेरे पास जो कुछ भी है उसके लिए आभारी हूं - खाना, घर, परिवार, मेरे दोस्त और फैंस।' फैंस ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'बहुत बढ़िया'



दिव्यांका ने जुलाई 2016 में भोपाल में अपने 'ये है मोहब्बतें' को-एक्टर विवेक से शादी की थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो, उन्हें 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13' में एक चैलेंजर के रूप में देखा गया था।

## हार्वर्ड के इंडिया कॉन्फ्रेंस में वक्त बिताना बेहद खुशी की बात : करिश्मा कपूर

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। बोस्टन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने हाल ही में एक भाषण दिया। कार्यक्रम में अचानक बातचीत के लिए अभिनेत्री अपनी बहन करीना कपूर खान के साथ शामिल हुईं। सोमवार को करिश्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर बोस्टन के हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की तस्वीरें शेयर कीं। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की सॉफ्ट पावर के बारे में बात की। तस्वीरों में उन्हें बेज रंग की भारतीय पोशाक और एक लंबा कोट पहने देखा जा सकता है। करिश्मा ने कैप्शन में लिखा कि हार्वर्ड में इंडिया कॉन्फ्रेंस में वक्त बिताना बेहद खुशी और सम्मान की बात थी। अचानक ज्ञानवर्धक बातचीत के लिए हमारे साथ शामिल होने के लिए करीना कपूर खान को धन्यवाद। इतना अद्भुत होने के लिए सनी संधू और टीम हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस को धन्यवाद।

## सावरकर की पुण्य तिथि पर 'कालापानी' पहुंचे रणदीप हुड्डा

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। राजनेता और कार्यकर्ता विनायक दामोदर सावरकर की पुण्य तिथि पर एक्टर रणदीप हुड्डा ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 'काला पानी' या सेलुलर जेल की अपनी यात्रा की तस्वीरें शेयर की। सोमवार को एक्टर ने अपने एक्स अकाउंट पर यात्रा की तस्वीरें शेयर की।

रणदीप ने अपने पोस्ट में एक लंबा नोट भी लिखा और साझा किया कि अपने निर्देशन की पहली फिल्म 'सावतंर्त्य वीर सावरकर' की रेकी के दौरान वह जेल में 20 मिनट भी बंद नहीं रह सके।

एक्टर ने लिखा कि आज सावंतर्त्य वीर सावरकर की पुण्य तिथि है। एक ऐसे व्यक्ति जिनकी बुद्धि और प्रचंड साहस ने अंग्रेजों को इतना डरा दिया



कि उन्होंने उन्हें दो जीवन काल (50 वर्ष) के लिए कालापानी की इस 7 बाई 11 फुट की जेल में बंद कर दिया। रणदीप ने आगे कहा कि उनकी बायोपिक की रेकी के दौरान मैंने खुद को इस जेल के अंदर बंद करने की कोशिश की, यह महसूस करने के लिए कि उन पर क्या गुजरी होगी। मैं 20 मिनट भी बंद नहीं रह सका, जहां उन्हें 11 साल तक एकांत कारावास में बंद रखा गया था। मैंने वीर सावरकर के अद्वितीय धैर्य की कल्पना की, जिन्होंने कारावास की क्रूरता और अमानवीय परिस्थितियों को सहन किया और फिर भी सशस्त्र क्रांति का निर्माण और प्रेरणा देने में कामयाब रहे। उनकी दृढ़ता और योगदान अद्वितीय है, इसलिए दशकों से भारत विरोधी ताकतें, अभी भी उन्हें बदनाम करती रहती हैं।

नमन।वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर अपने निर्देशन की पहली फिल्म 'सावतंर्त्य वीर सावरकर' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो वीडी सावरकर पर आधारित है। फिल्म में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी हैं। इसका निर्माण जी स्टूडियोज, आनंद पंडित, संदीप सिंह, रणदीप हुडा और योगेश राहर द्वारा किया गया है, और रूपा पंडित, सैम खान, अनवर अली और पांचाली चक्रवर्ती द्वारा सह-निर्मित है। यह फिल्म 22 मार्च को हिंदी और मराठी में रिलीज होगी।

## पंकज उधास ने गजल गायकी को नया आयाम दिया

**मुंबई,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। गजल गायिकी को नया आयाम देने वाले पंकज उधास का आज निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके बड़े भाई मनहर उधास जाने माने है। घर में संगीत के माहौल से पंकाज उधास की भी रूचि संगीत की ओर हो गई। महज सात वर्ष की उम्र से ही पंकज उधास गाना गाने लगे। उनके इस शौक को उनके बड़े भाई मनहर उधास ने पहचान लिया और उन्हें इस राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रूपए दिए। इस बीच पंकज उधास राजकोट की संगीत नाट्य अकादमी से जुड़ गये और तबला बजाना सीखने लगे। कुछ वर्ष के बाद पंकज उधास का परिवार बेहतर जिंदगी की तलाश में मुंबई आ गया। पंकज उधास ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। एक बार मुंबई के नानावती अस्पताल से एक डाक्टर ने पंकज उधास को फोन किया कि एक व्यक्ति के गले के कैंसर का आपरेशन हुआ है और उसकी उनसे मिलने की तमन्ना है। इस बात को सुनकर पंकज उधास तुरंत उस शख्स से मिलने अस्पताल गए और न सिर्फ उसे गाना गाकर सुनाया बल्कि अपने गाये गाने का कैसेट भी दिया। बाद में पंकज उधास को जब इस बात का पता चला कि उसके



गले का ऑपरेशन कामयाब रहा है और उसकी बीमारी धीरे-धीरे ठीक हो रही है तो पंकज उधास काफी खुश हुए।

### पंकज उधास के निधन से बॉलीवुड में शोक

जाने-माने प्लेबैक सिंगर सोनू निगम, शंकर महादेवन, भजन सम्राट अनूप जलोटा और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने गजल गायक पंकज उधास के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। सोनू निगम ने अपने सोशल मीडिया पर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने लिखा कि मेरे बचपन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा आज खो गया है। पंकज उधास जी, मैं आपको हमेशा याद करूंगा। यह जानकर मेरा दिल रोता है कि आप नहीं रहे। आपके होने के लिए आपका शुक्रिया शांति।

सिंगर और म्यूजिक कंपोजर शंकर महादेवन ने भी इमोशनल पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि पंकज का जाना म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए बड़ा नुकसान है, जिसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती।

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने ने एक्स पर लिखा कि संगीत के दिग्गज पंकज उधास जी के निधन से बहुत दु:खी हूं। उनकी गजलों ने दुनिया भर के लोगों की आत्मा को छू लिया। उनकी विरासत हमेशा हमारे दिलों में रहेगी! शांति।

गायक, संगीतकार और अभिनेता अनूप जलोटा ने सोशल मीडिया एक्स पर पंकज उधास के साथ फोटो शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और लिखा, शॉकिंग म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गज और मेरे दोस्त पंकज उधास का निधन।

## कविता, संगीत, साहित्य व कला के संगम 'पवित्र अमृतसर' महोत्सव का समापन

**अमृतसर,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। दो दिनी 'पवित्र अमृतसर' महोत्सव 2024 का यहां रविवार को समापन हो गया। उत्सव के दौरान हुई विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियों ने साबित किया कि यह आयोजन कविता, संगीत, साहित्य और कला का संगम था। आयोजन तीन मुख्य स्थानों पर हुआ। द अर्थ, अमृतसर, टाउन हॉल के विभाजन संग्रहालय और गोबिंदगढ़ किला। महोत्सव के दूसरे संस्करण के दौरान मौजूद लोगों ने विविध प्रकार के अनुभव लिए, जिससे उन्हें शहर की मूर्त और अमूर्त विरासत व इसके शानदार इतिहास को समझने का अवसर मिला। स्लीपवेल द्वारा प्रस्तुत और टीमवर्क आर्ट्स द्वारा निर्मित महोत्सव की सुबह में जसलीन औलख, जगजीत सिंह जोहल और महाराज ट्रायो जैसे कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

सौम्या कुलश्रेष्ठ और हरीश बुधवानी ने अमृता और इमरोज की शाश्वत और मार्मिक प्रेम कहानी पर केंद्रित अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभाजन संग्रहालय में दोपहर में रंगला पंजाब द्वारा प्रस्तुत साहित्यकार सुरजीत पातर की किश्वर देसाई के साथ बातचीत मुख्य आकर्षण रही। चर्चा में नवदीप सूरी, सीमा कोहली, संजॉय के. रॉय, अरविंदर चमक, जसमीत कौर नैय्यर और सरबजोत सिंह बहल ने भी भाग लिया। इन चर्चाओं ने उपस्थित




लोगों को कविता, रोमांस, रंगमंच और कला के चश्मे से पंजाब के सार का बहुमुखी दृष्टिकोण पेश किया। महोत्सव के एक हिस्से के रूप में 1947 के विभाजन पर आधारित मनीषा गेरा बसवानी की कला स्थापना, जिसका शीर्षक 'पोस्टकार्ड्स फ्रॉम होम' था, को भी विभाजन संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया। महोत्सव की समापन रात में बैंड 'फरीदकोट' और 'द मुर्शिदाबादी प्रोजेक्ट' ने प्रस्तुति दी। सौम्या मुर्शिदाबादी ने कहा कि मुर्शिदाबादी प्रोजेक्ट के साथ पंजाब में पहली बार प्रस्तुति देना एक असाधारण विशेष अवसर था। उर्दू लेखक और गायक पीयूष अश्म, सितारवादक स्वेतकेतु बनर्जी और तबला कलाकार चंदन मालेकर जैसे कलाकारों के साथ सहयोग करते हुए हमने प्राचीन रचनाओं पर रोशनी डाली। इनमें रहस्यवादी कविताएं, विशेषकर कबीर की कविताएं, जो हमारे लिए बहुत महत्व रखती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी प्रस्तुतियों का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय ध्वनियों को एक उत्कृष्ट आध्यात्मिक अनुभव के साथ जोड़ना था। ऐतिहासिक गोबिंदगढ़ किले में दर्शकों ने दो दिनों तक मनमोहक प्रस्तुतियों और चर्चाओं का आनेद लिया। हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति 'दास्तान-ए-साहिर' से लेकर बीर सिंह की धुन और दास्तान लाइव द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रॉक ओपेरा कबीरा खड़ा बाजार में को काफी सराहना मिली।हिमांशु कहा कि ऐतिहासिक शहर अमृतसर में 'पवित्र अमृतसर' महोत्सव में प्रस्तुति देना एक उल्लेखनीय अनुभव था। साहिर लुधियानवी की कहानी लोगों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है और हमने उनके साहित्यिक योगदान को फिर से देखने और विरासत को समझने का लक्ष्य रखा है। प्रज्ञा शर्मा ने कहा कि इस महोत्सव में प्रस्तुति देना वास्तव में ध्यान देने योग्य था। माहौल, स्थल और ग्रहणशील दर्शकों ने हमें एक अलग युग में पहुंचा दिया। हमारे प्रदर्शन के बाद स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त करना अविश्वासनीय रूप से संतुष्टिदायक था। दास्तान लाइव के संस्थापक अनिर्बान घोष ने कहा कि कबीर के दोहों को अमृतसर लाना एक बड़ा सौभाग्य था, खासकर आज की ध्रुवीकृत दुनिया में। हम महोत्सव में भाग लेने के अवसर के लिए आभारी हैं और उम्मीद करते हैं कि हम अपनी कला के जरिए सद्भाव, प्रेम और दयालुता फैलाते रहेंगे। इस महोत्सव ने उपस्थित लोगों को हेरिटेज वॉक में भाग लेने और प्रतिष्ठित स्वर्ण मंदिर की यात्रा करने का मौका दिया।

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत**

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। टू अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एल एंड टी | 2.36 प्रतिशत |
| पॉवरग्रिड | 1.97 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.38 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 0.10 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.08 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.90 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.99 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.95 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.82 प्रतिशत |
| भारतीय एयरटेल | 1.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का व्यापाक प्रयास : मोदी

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार विकिसत भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र का योगदान बढ़ाने व्यापक स्तर पर काम कर रही है और परंपरागत कौशल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के समावेश और बड़े पैमाने के उत्पादन को बढ़ाने के पर ध्यान दे रही है।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार कपड़ा क्षेत्र में देश की समृद्ध परम्पराओं को प्रोत्साहित और मजबूत करने के साथ इस क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के समावेश और मानव संसाधन के लिए जरूरी प्रशिक्षण पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री राजधानी में प्रगति मैदान के भव्य प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र मंडपम में अंतरराष्ट्रीय कपड़ा व्यापार सम्मेलन 'भारत टेक्स 2024 ' का उद्घाटन कर रहे थे। यह आयोजन 29 फरवरी तक चलेगा और यशो भूमि में भी कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा, 'विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल क्षेत्र का योगदान और बढ़ाने के लिए हम बहुत विस्तृत दायरे में काम कर रहे हैं। हम ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, टैलेंट और ट्रेनिंग (परम्परा, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और प्रशिक्षण) पर फोकस कर रहे हैं।' मंच पर कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और राज्य मंत्री दर्शना जरदोश



भी उपस्थित थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत टेक्स प्रदर्शनी का यह सूत्र (धागा) प्रौद्योगिकी को परम्परा के संग पिरो रहा है। उन्होंने इस आयोजन को भारत के कपड़ा क्षेत्र में शैली, स्वस्थ्य पद्धति, बड़े पैमाने के कारोबार ओरा कौशल को एक जोड़ने और आगे बढ़ाने का प्रयास बताया ।

श्री मोदी ने कहा कि भारत टेक्स-2024 कपड़ा उद्योग में भारत की अद्भुद क्षमताओं को उजागर करने का एक शानदार मंच है। उन्होंने कहा कि हम टेक्सटाइल कारोबार के सभी खंडों को 'पांच एफ' के सूत्र से एक दूसरे से जोड़ रहे हैं।' पांच एफ से उनका तात्पर्य फार्म (खेत), फाइबर (सूत) , फैक्ट्री (मिल), फैशन से होते हुए फॉरेन (विदेशी बाजार से जुड़ाव ) है।

प्रधानमंत्री ने संबोधन में विभिन्न राज्यों में सात पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनाने की सरकार की व्यापक योजनाओं पर प्रकाश डाला और पूरे कपड़ा क्षेत्र के लिए अवसर पैदा करने पर जोर दिया। श्री मोदी ने टिप्पणी की, सरकार संपूर्ण मूल्य श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र को एक ही स्थान पर स्थापित करने का प्रयास करती है जहां प्लग एंड प्ले सुविधाओं के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पैमाने और संचालन में सुधार होगा बल्कि लॉजिस्टिक लागत में भी कमी आएगी। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना और ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिधान बनाने में हर दस व्यक्तियों में सात महिलाएं हैं और हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं का अनुपात सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को फायदा हुआ है।

## केंद्र ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के तंबाकू किसानों के लिए राहत पैकेज की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में एफसीवी (फ्लू क्योर्ड वर्जीनिया) तंबाकू किसानों के लिए एक राहत पैकेज की घोषणा की है। इसमें ब्याज मुक्त ऋण और जुर्माना माफ करना शामिल है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि केंद्र ने आंध्र प्रदेश में उन तंबाकू किसानों के लिए 10 हजार रुपये के ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दे दी है, जिनकी फसल दिसंबर में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

बयान में कहा गया है, आंध्र प्रदेश में एफसीवी (फ्लू क्योर्ड वर्जीनिया) तंबाकू उत्पादकों की कठिनाइयों को देखते हुए भारत सरकार ने तंबाकू बोर्ड के उत्पादक कल्याण कोष के उन सदस्यों को 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया है, जिनकी फसलें आंध्र प्रदेश में मिचौंग चक्रवात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

इसमें कहा गया कि यह केवल आंध्र प्रदेश फसल सीजन 2023-24 के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋण है। यह ब्याज मुक्त ऋण राशि संबंधित तंबाकू उत्पादकों की सीजन की नीलामी बिक्री आय से वसूल की जाएगी।

फिलहाल कर्नाटक में एफसीवी तंबाकू की नीलामी चल रही है। अब तक, बोर्ड द्वारा कर्नाटक में अपने ई-नीलामी प्लेटफार्मों के माध्यम से लगभग 851.2 लाख किलोग्राम



एफसीवी तंबाकू का विपणन किया जा चुका है। तम्बाकू उत्पादकों को मिलने वाली औसत कीमत 12.49 प्रतिशत बढ़ी है, यानी पिछले साल 228.01 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर चालू सीजन में 256.48 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

कर्नाटक में, राज्य सरकार ने दो एफसीवी तंबाकू उत्पादक तालुकों को छोड़कर सभी में सूखा घोषित कर दिया है। सूखे के कारण एफसीवी तंबाकू उत्पादकों की आजीविका प्रभावित हुई है। इसके कारण, केंद्र सरकार ने केवल कर्नाटक फसल सीजन 2023-24 के लिए पंजीकृत उत्पादकों के अतिरिक्त उत्पादन और अपंजीकृत उत्पादकों के अनधिकृत उत्पादन की बिक्री पर जुर्माना माफ करने के बाद तंबाकू बोर्ड नीलामी मंच पर एफसीवी तंबाकू की बिक्री की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

## एसजेवीएन राजस्थान इकाई से जम्मू-कश्मीर को 300 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति करेगा



**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। एसजेवीएन लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसजेवीएन राजस्थान में बीकानेर स्थित 1,000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के जरिए 300 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बिजली उपयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एसजेवीएन की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर ने बताया कि बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना आईआरईडीए योजना के तहत 5,491 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है। परियोजना को घरेलू सामग्री जरूरत मोड के तहत विकसित किया जा रहा है और इसके जुलाई 2024 तक चालू होने की उम्मीद है। परियोजना से उत्पन्न बिजली का उपयोग सरकारी संस्थाओं द्वारा सीधे या डिस्कॉम के माध्यम से किया जाएगा। बिजली क्षेत्र की अग्रणी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की उपयोगिता एसजेवीएन ने 2030 तक 25,000 मेगावाट क्षमता और 2040 तक 50,000 मेगावाट क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। यह साझा दृष्टिकोण भारत सरकार की 50 प्रतिशत ऊर्जा पैदा करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तैयार किया गया है।

## आत्मनिर्भरता बढ़ने से बिजली संयंत्रों के लिए भारत के कोयला आयात में 37 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारत की कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक दोहरे अंक - 10.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मिश्रण के लिए कोयले के आयात में वृद्धि देखी गई। कोयला मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान 36.69 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई, जो आत्मनिर्भरता की बढ़ती डिग्री को दर्शाती है।

अप्रैल 2023-जनवरी 2024 के दौरान मिश्रण के लिए कोयला आयात घटकर 19.36 मीट्रिक टन हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 30.58 मीट्रिक टन था। मंत्रालय ने कहा, यह कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और समग्र कोयला आयात



को कम करने की देश की दृढ़ प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

भारतीय बिजली संयंत्र उच्च कैलोरी मान वाले कोयले का आयात करते हैं और अधिक इष्टतम तरीके से बिजली पैदा करने के लिए अपने ईंधन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के लिए इसे घरेलू कोयले के साथ मिलाते हैं। भारत में बिजली उत्पादन पारंपरिक (थर्मल, परमाणु और पनबिजली) और नवीकरणीय स्रोतों (पवन, सौर, बायोमास, आदि) में विविध है। हालांकि, कोयला प्रमुख स्रोत बना हुआ है, जो कुल बिजली उत्पादन में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। देश में कोयला आधारित बिजली उत्पादन देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण रहा है। इस समय भारत में औद्योगिक विस्तार, तकनीकी प्रगति और आर्थिक विकास के कारण बिजली की जरूरतों में पर्याप्त वृद्धि देखी जा रही है। सरकार उपलब्धता बढ़ाने और आयातित कोयले पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कोयला उत्पादन को और बढ़ाने के अपने निरंतर प्रयासों में लगी हुई है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह रणनीतिक दृष्टिकोण देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करते हुए विदेशी भंडार की सुरक्षा करता है।

### सार संक्षेप

#### टेकइन्वेंशन लाइफकेयर ने की अत्याधुनिक ग्लोबल कोलैबोरेटिव सेंटर की शुरुआत

**मुंबई।** वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा और महामारी संबंधी तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टेकइन्वेंशन लाइफकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने लगभग 1.5 करोड़ डॉलर के निवेश से ग्लोबल कोलैबोरेटिव सेंटर फॉर मेडिकल काउंटरमेजर्स (जीसीएमसी) की शुरुआत करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह केंद्र रणनीतिक रूप से नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब स्थित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा हेग में आयोजित दूसरे विश्व स्थानीय उत्पादन फोरम में जीसीएमसी को इसके वैश्विक महत्व के लिए स्वीकार किया गया है। जीसीएमसी का उद्देश्य डब्ल्यूएचओ की कार्रवाई, सीईपीआई के 100 दिनों के मिशन, भारत की राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी विकास रणनीति (2020-2025) और अन्य वैश्विक प्रमुख पहलों से अच्छी तरह मेल खाता है। उसने कहा कि यह सुविधा सार्वजनिक और निजी दोनों संगठनों, जैसे शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और आर एंड डी संगठनों की जरूरतों को पूरा करेगी, ताकि एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान किया जा सके, जो प्री-क्लिनिकल/क्लिनिकल के लिए आर एंड डी से जीएमपी-स्केल उत्पादन में संक्रमण की सुविधा प्रदान करेगा। आवश्यक विनियामक अनुमोदन के साथ बैच। जीसीएमसी पर्यावरण-अनुकूल केंद्र है जो टिकाऊ विनिर्माण सुनिश्चित करते हुए मानव और पशु चिकित्सा दोनों क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रतिउपायों - वैक्सीन विकास के पूरे चक्र, आपूर्ति , जैव चिकित्सा विज्ञान और निदान को पूरा करता है। यह पहल मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंतर्संबंध पर जोर देते हुए वन हेल्थ दृष्टिकोण के अनुरूप है।


#### ऑयल इंडिया लिमिटेड संयुक्त अरब अमीरात में वैश्विक भागीदार रोड शो आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने अपने पहले वैश्विक भागीदार रोड शो कॉनफ्लुएंस व्हेयर एनर्जी एंड अपॉर्च्युनिटी कन्वर्ज की घोषणा की है, जो 28 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होने वाला है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि यह आयोजन, जिसमें ऊर्जा सेवा उद्योग से 50 से अधिक अग्रणी कंपनियों को आकर्षित करने की उम्मीद है, आक्रामक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए ओआईएल की प्रतिबद्धता का संकेत देता है। इसमें कहा गया है कि ओआईएल ने महत्वाकांक्षी उत्पादन लक्ष्यों पर अपनी नजरें रखी हैं : 2025-26 तक 4 एमएमटी तेल और 5 बीसीएम गैस वार्षिक उत्पादन। इसमें कहा गया है, 2030 तक 12 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न करने के लक्ष्य के साथ कंपनी ने विभिन्न गतिविधियों में 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है, जिसका मकसद है अन्वेषण प्रयासों, क्षेत्र के विकास को बढ़ाना और उत्पादन में तेजी लाना। इसमें कहा गया है कि ओआईएल अपतटीय भारतीय क्षेत्रों में आक्रामक रूप से विस्तार करने के लिए तैयार है।

## बिकवाली जारी, सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट में

मुंबई 26 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर धातु, आईटी, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण आज लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में बिकवाली हुयी जिससे सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 352.67 अंक टूटकर 72790.13 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.65 अंक फिसलकर 22122.05 अंक पर रहा। इसी तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत टूटकर 39782.79 अंक पर और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत गिरकर 46005.04 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से अधिकांश में बिकवाली हुयी जिससे धातु 1.27 प्रतिशत, सीडी 1.25 प्रतिशत, आईटी 1.06 प्रतिशत और टेक 1.13 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। इस दौरान बढ़त में रहने वालों में पावर 1.01 प्रतिशत और यूटिलिटी 1.41 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 4108 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2268 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि 1710 बढ़त में रहा। इस दौरान 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जापान के निक्केई में 0.35 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहा। इस दौरान




चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.54प्रतिशत, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28 प्रतिशत और जर्मनी का डेक्स 0.02 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

- **सेंसेक्स 352.67 अंक टूटकर 72790.13 अंक पर हुआ बंद**
- **नफ्टी 90.65 अंक फिसलकर 22122.05 अंक पर पहुंचा**

बीएसई का सेंसेक्स 98 अंकों की गिरावट लेकर 73044.81 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 73092.26 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली के दबाव में यह 72666.82 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 73142.80 अंक की तुलना में 352.67 अंक अर्थात 0.48 प्रतिशत टूटकर 72790.13 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल 30 कंपनियों में से 25 लाल निशान में रही जबकि पांच हरे निशान में बंद हुयी।

एनएसई का निफ्टी 43 अंकों की गिरावट लेकर 22169.20 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 22202.15 अंक के उच्चतम और 22075.15 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 22212.70 अंक की तुलना में 0.41 प्रतिशत अर्थात 90.65 अंक टूटकर 22122.05 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 37 को नुकसान हुआ जबकि 12 को लाभ हुआ। इस दौरान उतार चढ़ाव के बीच एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

मुंबई, 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने बैंकिंग नियमों और आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और केनरा बैंक पर अलग-अलग जुर्माना लगाया है।

आरबीआई के आज जारी एक आदेश में बैंकिंग विनियमन अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन और जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता निधि योजना का अनुपालन नहीं करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

आरबीआई ने कहा कि जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट/निरीक्षण रिपोर्ट की जांच से पता चला है कि अन्य बातों के अलावा एसबीआई ने कुछ कंपनियों के पेड-अप शेयर कैपिटल के 30 प्रतिशत से अधिक राशि के शेयरों को गिरवी रखा। साथ ही बीआर अधिनियम में निर्धारित अवधि के भीतर जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष के योग्य राशि को क्रेडिट करने में भी विफल रहा।

इसी तरह, आरबीआई ने क्रेडिट




सूचना कंपनियों और अन्य नियामक उपायों के लिए क्रेडिट सूचना प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप% पर केंद्रीय बैंक द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए केनरा बैंक पर 32.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि केनरा बैंक के मामले में जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट/निरीक्षण रिपोर्ट और सभी संबंधित पत्राचारों की जांच से पता चला है कि अन्य बातों के अलावा, बैंक सीआईसी से ऐसी अस्वीकृति रिपोर्ट प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अस्वीकृत डेटा में सुधार करने और इसे क्रेडिट सूचना कंपनियों के पास अपलोड करने में विफल रहा है।

## सरसों तेल नरम, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों में नरमी को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अरहर दाल महंगी हो गयी और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी के साथ 44.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों में 220 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे आ गया है : सुब्रमण्यम

नई दिल्ली, 26 फरवरी (एजेंसियां)। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे गिर गया है और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में लोग अधिक समृद्ध हो रहे हैं।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा शनिवार देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों से कहा, उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण सरकार द्वारा उठाए गए गरीबी उन्मूलन उपायों की सफलता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनसंख्या को 20 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया और आंकड़ों से पता चला कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण



क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये है।

निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा, अगर हम गरीबी रेखा को लें और इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के साथ आज की दर तक बढ़ाएं, तो हम देखेंगे कि सबसे निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग की औसत खपत लगभग समान है। इसका मतलब है कि देश में गरीबी केवल 0-5 प्रतिशत समूह में है।

उन्होंने कहा, यह मेरा आकलन है। लेकिन अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करेंगे और बिल्कुल सही आंकड़े सामने लाएंगे। एनएसएसओ का अनुमान 1.55 लाख ग्रामीण परिवारों और 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित है। सुब्रमण्यम ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खपत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। सुब्रमण्यम ने कहा कि सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच असमानताएं कम हो रही हैं। सर्वेक्षण में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को भी शामिल किया गया है, जिसने उन गरीब परिवारों की खपत में योगदान दिया है, जिन्हें अपने बच्चों के लिए मुफ्त खाद्यान्न और साइकिल और स्कूल यूनिफॉर्म जैसे सामान मिले हैं।

सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2011-12 में अंतर 84 प्रतिशत था और 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया है। 2004-05 में यह अंतर 91 प्रतिशत के अपने चरम पर था।

# खेल जगत

## ओडिशा हॉकी प्रेमियों के समर्थन से हमें ऊर्जा मिली : हरमनप्रीत

**राउरकेला,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हॉकी प्रो लीग में ओडिशा के हॉकी प्रेमियों के समर्थन से हमें ऊर्जा मिली और हम शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा कर पाये। हरमनप्रीत सिंह ने ओडिशा के हॉकी प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, राउरकेला में खेलना हमारे लिए हमेशा विशेष होता है। हमें जो अविश्वसनीय समर्थन मिला उससे हमारे प्रदर्शन में ऊर्जा से ओतप्रोत हुए और हम निर्धारित समय में एक भी मैच गंवाए बिना यहां अजेय बने हुए हैं। उन्होंने कहा, हम राउरकेला में इस अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखकर खुश हैं। कुल छह गोल के साथ शीर्ष ड्रैगफ्लिकर इस सत्र में तीसरे सबसे अधिक गोल करने वाला खिलाड़ी भी रही है। उन्होंने अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हम अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा महसूस करके वापस आए।




# चौथे टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को हराकर सीरीज पर बनायी अजेय बढ़त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत ने कुछ हिचकौले के बावजूद इंग्लैंड से चौथा टेस्ट 5 विकेट से जीत सीरीज भी जीती
- भारत की जीत में रोहित व शुभमन के अर्द्धशतक व जुरैल की बेशकीमती पारी

नई दिल्ली, 26 फरवरी (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतकों और मैन ऑफ द मैच लगातार दूसरी बार संकटमोचक बने विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के 77 गेंद पर दो चौकों की मदद से अविजित 39 रन की बदौलत भारत ने स्पिनरों के खिलाफ कुछ हिचकौले खाने के बावजूद इंग्लैंड को रांची में खासे रोचक चौथे क्रिकेट मैच के चौथे दिन सोमवार को लंच के करीब डेढ़ घंटे बाद पांच विकेट से हरा कर पांच टेस्ट मैचों की सीरीजं 3-1 की अजेय बढ़त के साथ अपने नाम कर ली। अपना मात्र दूसरा टेस्ट खेल रहे जुरैल ने बल्ले से कमाल करने के साथ इस टेस्ट में बतौर विकेटकीपर तीन बेहतरीन कैच भी लपके। इंग्लैंड से भारत से हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता था। भारत ने विशाखापट्टनम में दूसरा टेस्ट 106 रन से जीत एक एक की बराबरी पाने के बाद राजकोट में तीसरा टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से और रांची में चौथा टेस्ट पांच विकेट से जीतने के साथ जीत की हैट्रिक के साथ एक टेस्ट के बाकी रहते ही सीरीज जीत ली। भारत ने सीरीज जीतने के साथ इंग्लैंड की शुरू से ही दे दनादन की बेजबॉल बल्लेबाजी शैली की हवा निकाल दी। भारत की दूसरी पारी में लंच से पहले इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर(3/79) और बाएं हाथ कामयाब स्पिनर टॉम हार्टले (1/70) के बुने स्पिन के जाल को उसके दो युवा बल्लेबाज-शुभमन गिल और जुरैल नश पैरों का शानदार इस्तेमाल कर तोड़ दिया।

भारत ने जीत के लिए मिलें 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन के बिना क्षति 40 रन से चौथे दिन सोमवार को अपनी दूसरी पारी आगे शुरू की। भारत को जीत के लिए चौथे 152 रन और बनाने थे और दूसरी पारी में उसके सभी दस विकेट बाकी थे। कप्तान रोहित शर्मा (55 रन, 81 गेंद, एक छक्का, 5 चौके) के अर्द्धशतक और सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल (37, 44 गेंद, 5 चौके) के साथ 84 रन और शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की छठे विकेट की 70 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 61 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाकर टेस्ट जीतने के साथ और सीरीज पर भी कब्जा कर लिया। शुभमन गिल 124 गेंद खेल कर दो छक्कों की मदद 52 तथा पहली पारी में 90 रन की बेशकीमती पारी खेलने वाले जुरैल 77 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 39 रन बनाकर नॉटआउट रहे। शुभमन गिल ने लंच से पहले अचानक तीन और उसके तुरंत बाद दो विकेट गंवालड़खड़ाते भारत की दूसरी पारी को संभाल उस जिताकर ही दम लिया। ध्रुव जुरेल की 90 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी में 307 रन बना इंग्लैंड की पहली पारी की बढ़त को मात्र 46 रन तक सीमित कर दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए थे। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (5/51) और कुलदीप यादव (4/22) ने स्पिन का जाल बुन इंग्लैंड की दूसरी पारी मात्र 145 रन पर तीसरे दिन बाजी ही पलट दी थी।

कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल (37, 44 गेंद, 5 चौके) की 84 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने चौथे दिन सोमवार को अपनी दूसरी में लंच तक तीन विकेट पर 118 रन बनाए। तब शुभमन गिल 62 गेंद खेल कर 18 और रवींद्र जडेजा 29 गेंद खेल कर तीन रन बनाकर क्रीज पर थे और तब भारत को जीत के लिए 74 रन और बनाने थे और उसके सात विकेट बाकी थे। यशस्वी के जो रूट की गेंद को उड़ाने की कोशिश में जिमी एंडरसन को शॉर्ट मिड विकेट पर कैच थमाने से उनकी और रोहित की पहले विकेट की बड़ी 84 रन की बड़ी भागीदारी टूटी। भारत के कप्तान रोहित अचानक धैर्य खोकर हॉर्टले की फ्लाइट से चकमा खा गए और विकेटकीपर बेन फॉक्स से उन्हें स्टंप किया और भारत ने दूसरा विकेट 99 और रजत पाटीदार(0) के शोएब बशीर की गेंद पर ओली पॉप की गेंद पर बैकवर्ड शॉर्ट पर कैच थमाने से तीसरा विकेट 100 रन पर खो दिया। भारत के 16 रन के भीतर तीन विकेट गंवाने से भारत कुछ लड़खड़ाया और चौथा टेस्ट अचानक जीवंत हो उठा। भारत ने दो ओवर में एक रन में दो विकेट खोए। कप्तान रोहित शर्मा ने चौथे दिन सोमवार को बाएं हाथ के स्पिनर पारी के 20 वें ओवर व टॉम हार्टले के छठे ओवर की गेंद को पॉइंट और कवर के बीच खेल दो रन दौड़ कर 69 गेंद खेल कर एक छक्के और पांच चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। शुभमन गिल ने पारी के 26वें और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर के दसवें ओवर की पहली गेंद पर एक रन दौड़ कर भारत के स्कोर को 100 पर पहुंचाया।




भारत ने लंच के बाद पारी के 38 वें और शोएब बशीर के 16 वें ओवर में रवींद्र जडेजा(4रन, 33 गेंद) के रूप में अपना चौथा विकेट 120 रन पर खो दिया। जडेजा ने ने इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फुलटॉस को ड्राइव करने की कोशिश में सीधा शॉर्ट मिडविकेट पर बैरिस्टो को कैच थमा दिया और सरफराज खान (0) उनकी अगली ही गेंद पर बैकवर्ड शॉर्ट लेग पर पॉप को कैच थमा बैठे और भारत के पांच विकेट 120 रन पर गंवाने से टेस्ट अचानक इंग्लैड की ओर पलटता लगा क्योंकि तब मेजबान टीम जीत से 72 रन दूर थी और उसके पांच विकेट ही बाकी थे और तब जुरेल क्रीज पर शुभमन गिल का साथ देने उतरे। 16 वें ओवर के बाद भारत ने अगले 30 ओवर तक भारत के बल्लेबाजों ने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई। 31 ओवर बाद ध्रुव जुरैल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद को कवर ड्राइव कर भारत की पारी में पहला चौका जड़ा। शुभमन गिल ने पारी के 48 वें और शोएब बशीर के 21 वे ओवर की चौथी गेंद पर दो रन दौड़ कर भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। भारत ने लंच के बाद पहले घंटे में दो विकेट औार खोकर 45 जोड़ स्कोर को पांच विकेट पर 163 रन पर पहुंचाया। तब गिल 105गेंद खेल 36 और जुरैल 54गेंद खेल एक चौके की मदद से 26 रन बना क्रीज पर थे। शुभमन ने हार्टले की गेंद को सीधा ड्राइव एक रन दौड़ कर छठे विकेट के लिए 120 गेंदों में 50 रन की असमाप्त भागीदारी की और इसके अगले और बशीर के 26 वें ओवर की पहली गेंद को लॉन्ग ऑफ के उपर से उड़ा और तीसरी गेंद को डीप मिडविकेट के रूप से उड़ा से उड़ा दूसरा छक्का लगा 124 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा कर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जुरैल ने पारी के 61 वें और हार्टले के 25 वें ओवर की दूसरी गेंद को पुल कर चौका जड़ा और अंतिम गेंद स्कवॉयर के पीछे खेल दो रन दौड़कर भारत की दूसरी पारी के स्कोर को पांच विकेट पर 192 रन पर पहुंचा उसे चौथा टेस्ट जिताने के साथ सीरीज भी जिता दी।

# हमने इंग्लैंड से मिली हर चुनौती का दिया करारा जवाब : रोहित शर्मा

- जुरैल के पहली पारी में बनाए 90 रन बेहद अहम रहे
- हमारी खुशकिस्मती कि हमारे नौजवान खिलाड़ियों ने मौकों को भुनाया



नई दिल्ली, 26 फरवरी (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा खुद संकट की घड़ी में नौजवान शुभमन गिल के दूसरी पारी में अर्द्धशतक जडने् और अपना मात्र दूसरा टेस्ट खेल रहे संकट की घड़ी में दोनों पारियों में बढ़िया खेल मैन ऑफ द' रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल के जीवट की बदौलत भारत के रांची में इंग्लैंड से चौथा क्रिकेट जीतने के साथ सीरीज में 3-1 की विजयदाई बढ़त लेने से बेहद खुश नजर आए। भारतके कप्तान रोहित शर्मा ने कहा अब मेहमान इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज खासी संघर्षपूर्ण रही। हमारे लिए यह अच्छा रहा कि हमने 3-1 की बढ़त के साथ मौजूदा पांच टेस्ट अपने नाम कर ली है। हमने इंग्लैंड से मिली हर चुनौती का जवाब दिया और हमारी टीम के खिलाड़ियों ने खासा धैर्य दिखाया। घरेलू क्रिकेट , क्लब क्रिकेट खेल भारतीय टीम में जगह बनाने वाले हमारे टीम के खिलाडियों ने संकट की घड़ी में धैर्य दिखाया कि वे टीम में बना रहना चाहते हैं। यह एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन हमारे खिलाडियों ने अब जक गजब का जीवट दिखाया। हम अपने खिलाडियों को टीम में एक अच्छा माहौल देना चाहते हैं और महज उनसे बातें ही नहीं करना चाहते हैं। हमारी टीम के खिलाड़ी जानते हैं उनसे क्या अपेक्षाएं हैं। ध्रुव जुरैल ने संयम दिखा विकेट के चारों और शॉट खेले। जुरैल द्वारा पहली पारी में बनाए 90 रन बेहद अहम रहे ही वह दूसरी पारी में भी शुभमन गिल के साथ उन्होंने बहुत सूझबूझ से बल्लेबाजी की। जब आपके अहम खिलाड़ी नहीं खेल पाते तो कतई अच्छा महसूस नहीं होता है लेकिन हम बतौर टीम ऐसे में कर कुछ नहीं सकते हैं। आपके लिए अपनी प्रमुख खिलाड़ियों की जगह भर पाना आसान नहीं होता है। हमारी खुशकिस्मती है कि हमारे नौजवान खिलाड़ियों ने मौकों को भुनाया और चुनौतियों का बढ़ियाा जवाब दिया। जब आप खुद का नाम बनाते हैं तो आप अपने लंबे करियर की ओर कदम बढ़ाते हैं। यह हमारे नौजवान खिलाडियों का हौसला बढ़ाता है। हम हर टेस्ट में जीतने की सोच के साथ उतरते हैं। मौजूदा टेस्ट सीरीज अब तक खासी बढ़िया रही। अब सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन के मकसद से उतरेंगे और हमें पूरा विश्वास है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहेंगे।'

### ध्रुव जुरैल ने बल्लेबाजी के लिए उतर दबाव हटा दिया : गिल

भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा, हम जब दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए तो हम दबाव में लेकिन हमारे सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने बढ़िया आगाज किया। ध्रु व जुरैल ने बल्लेबाजी के लिए उतर दबाव हटा दिया और स्थिति के मुताबिक खेले। इंग्लैंड की कोशिश बाउंड्री रोकने की थी तो ऐसे में हमने कोशिश की कि उनके गेंदबाजों के ओवर मेडन न जाएं और इसीलिए हम एक एक रन लेते रहे। ध्रुव ने पहली पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी की थी और दूसरी में ध्रुव बढ़िया बल्लेबाजी की सोच के साथ उतरे। मैं एलबीडब्ल्यू होने से बचने के लिए अपने पैरों का बढ़िया इस्तेमाल किया। हमारे लिए यह टेस्ट सीरीज बेहद अहम रही क्योंकि केएल राहुल भाई के पहले टेस्ट के बाद चोट से बाहर होने से हमारा बल्लेबाजी क्रम बहुत अनुभवी नहीं था।रोहित भाई ने हमारा साथ दिया और हमें खुल कर बल्लेबाजी करने को कहा।'

### चौथा टेस्ट शानदार रहा : बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, %चौथा टेस्ट शानदार रहा। इस टेस्ट का स्कोरबोर्ड इसकी सही तस्वीर नहीं बताता है कि यह कितने उतार-चढ़ाव वाला रहा। मैं अपने स्पिनरों की सराहना करना चाहूंगा कि वे अपने टेस्ट करियर के शुरू में ही उन्होंने इसके उतार चढ़ावों को देखा। मुझे अपने स्पिनरों पर फख्र है। मैं ऐसा ही इनसान हूं और चाहता हूं कि वे इतनी दबाव वाली चुनौतियों से दो चार हों और हर गेंद को मौके की तरह लें। मौजूदा टेस्ट सीरीज में हमें तो नई प्रतिभाएं मिलीं ही भारत के भी नए खिलाड़ी मिले। मैं टेस्ट क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद हूं। हमारी टीम इस टेस्ट में टुकड़ों -टुकड़ों ही अच्छा खेली। भारत के स्पिनरों अश्विन, जडेजा और कुलदीप यादव के खिलाफ तीसरे दिन बल्लेबाजी करना वाकई बेहद मुश्किल ही नामुमकिन ही था। हमें पिच के बेहतर होने की उम्मीद भी नहीं थी और हमने चौथे दिन यह देखा। जो रूट ने वाकई पहली पारी में गजब की बल्लेबाजी की और उनकी आलोचना वाजिब नहीं थी और उन्होंने दिखाया कि %क्लास' स्थायी होती है। ऑफ स्पिनर बशीर के टेस्ट करियर में आगाज से मैं बहुत खुश हूं। आप टेस्ट सीरीज में जीत के लिए उतरते लेकिन मेरा संदेश यही है कि लगातार बढ़िया प्रदर्शन करो। हमारी टीम ने सभी ने अपना सब कुछ झोंक दिया।

### हर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं : जुरैल

भारत मैन ऑफ द मैच भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल ने कहा, मैं हर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए मैं यही सोच रहा था कि इसमें मैं जितने ज्यादा रन बनाउंगा हमें दूसरी पारी में उतने ही कम रन बनाने होंगे। पहली पारी में हमारे विकेट गिर रहे मैने तबं निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी की लेकिन अच्छा यह रहा कि हमारी कुछ अच्छी भागीदारियां हुईं और इसके लिए हमारे निचले क्रम के बल्लेबाजों की सराहना की जानी चाहिए। सीरीज के तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के जिमी एंडरसन और मार्क वुड जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलना बढ़िया रहा। मैंने इन सभी की गेंदबाजी को टीवी पर देखा। मेरा फोकस गेंद को देखने पर रहा गेंदबाज पर नहीं। मैंने और शुभमन गिल ने दस-दस रन बना आगे अपनी भागीदारी को बढ़ाया।

# डीआरएस विवाद को खत्म करने के लिए माइकल वॉन ने बताया अनोखा तरीका





**नई दिल्ली,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज के दौरान डीआरएस को लेकर हर रोज एक नई बहस देखने को मिलती है। चौथे टेस्ट मैच में जो रूट के एलबीडब्ल्यू आउट पर काफी चर्चा हो रही है। इस बीच माइकल वॉन ने इस विवाद को खत्म करने के लिए एक तरीका बताया है। रविवार को भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिव्यू पर आउट होने पर रूट काफी नाराज दिखे। अश्विन की गेंद बल्लेबाज के पैड पर लगी और अंपायर अपील से सहमत नहीं हुए और नॉट आउट दे दिया। लेकिन भारत ने थर्ड अंपायार की तरफ जाना सही समझा। डीआरएस में मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा और रूट 11 रन पर आउट हो गए। वॉन ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कोई धोखा दे रहा है। मैं बस जवाब देने की कोशिश कर रहा हूं कि जब कोई निर्णय लिया जाता है और हम सभी उससे असहमत होते हैं। अगर हॉक-आई पर मौजूद व्यक्ति को फिल्माया जाता है तो इससे विवाद खत्म हो सकता है। श्रृंखला की शुरुआत में कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली को आउट करना हैरान करने वाला पाया, क्योंकि तकनीक से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी, फिर भी मैदान पर लिया गया फैसला कायम रहा और डीआरएस दिया गया। यह अंपायर की कॉल के रूप में है। इसके बाद इंग्लिश कप्तान ने डीआरएस में अंपायर्स कॉल नियमों को खत्म करने की बात रखी। वॉन ने कहा, सामान्य तौर पर खेल के लिए, देखने वाले लोगों के लिए, हमें यह देखना होगा कि संचालन कौन कर रहा है, क्योंकि तकनीक का संचालन करने वाला व्यक्ति अंपायरों से अधिक महत्वपूर्ण है।

### इंग्लैंड के खिलाफ हमारी युवा टीम ने दमदार प्रदर्शन किया : विराट कोहली

पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड पर पांच विकेट की जीत के बाद युवा भारतीय बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, हमारी युवा टीम द्वारा अभूतपूर्व श्रृंखला जीत। पूरी टीम ने धैर्य, दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने भी युवा प्रतिभाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, यह एक खास सीरीज जीत है जो हमेशा याद की जाएगी। टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला। युवाओं को दबाव में आगे बढ़ते देखना बहुत अच्छा लगता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने दिनेश कार्तिक ने लिखा, सीनियर से लेकर जूनियर तक ने दमदार प्रदर्शन किया। इस मैच में सब कुछ था। भारत को एक और श्रृंखला जीतते हुए देखकर खुशी हुई। मैंने अद्भुत समय बिताया और कमेंटेटर बॉक्स में हर पल का आनंद लिया, आशा है कि आपने भी ऐसा किया होगा। इरफ़ान पठान ने ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल की जुझारू पारी की सराहना की।

## सार संक्षेप

### इंग्लैंड के खिलाफ भारत की भारत भूमि पर 25वीं जीत

**रांची।** ने जेएससीए मैदान रांची में खेले गए चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन आज इंग्लैंड को 5 विकेट से पराजित कर श्रृंखला में 3-1 की अपराजय बढ़त लेकर 2012 के बाद भारतीय भूमि पर टेस्ट श्रृंखला नहीं हारने के अपने रिकार्ड को बरकरार रखा। वर्ष 2012 के बाद भारतीय भूमि पर भारत की यह लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीत है। भारत और इंग्लैंड के बीच अब श्रृंखला का पांचवा टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाएगा लेकिन श्रृंखला के परिणाम पर इसका कोई असर नहीं होगा। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 136 टेस्ट मैच खेले हैं उसमें से 35 में जीत हासिल की 50 ड्रॉ रहा जबकि 51मैचों में इंग्लैंड को जीत मिली। भारती भूमि पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 69 टेस्ट मैच में यह 25 वीं जीत दर्ज की भारत को इस दौरान 15 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा और 18 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जहां इस टेस्ट मैच में अपना 17 अर्ध शतक पूरा किया वही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 119मैचों में उनके 9000 रन पूरे हो गए। इसी टेस्ट में रोहित ने अपने 58 टेस्ट मैच में अपने 4000 टेस्ट रन पूरे किये। रांची के जेएससीए मैदान में भारत ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं और उसे किसी में हार का सामना नहीं करना पड़ा ।रांची में पहला टेस्ट मैच भारत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला और वह मैच ड्रा रहा। भारत ने रांची में खेले गए अपने दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 202 रनों से हराया था। इसी टेस्ट में झारखंड के शाहबाज नदीम ने अपना टेस्ट डेब्यू किया। रांची में अपने तीसरे टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया। इस टेस्ट में बिहार के आकाशदीप ने टेस्ट मैच में पदार्पण किया।

### भारतीय बधिर क्रिकेट टीम डीआईसीसी टी20 विश्व कप के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम 6 मार्च से 12 मार्च 2024 तक शारजाह (यूएई) में आयोजित होने वाली बधिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी) टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी चैंपियनशिप के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने भारतीय दिव्यांग टीम की नई जर्सी का अनावरण किया है। अनावरण समारोह आईडीसीए टीम के साथ-साथ क्रिकेट और कॉर्पोरेट जगत के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ, जो चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आईडीसीए ने चैंपियनशिप के लिए कुल 15 खिलाड़ियों के नाम भी फाइनल कर लिए हैं। कैप्टन वीरेंद्र सिंह प्रतिष्ठित ट्रॉफी को घर लाने की खोज में टीम का नेतृत्व करेंगे। जबकि, कोच देव दत्त और ट्रेनर मोहम्मद मशोर भी पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उनके साथ रहेंगे।

# लोढ़ा आयोग की सिफारिशों का अनुपालन ना करने पर कार्रवाई होगी

**शिमला,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को कहा कि उन खेल संघों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो किसी भी खेल से संबद्ध नहीं लोगों द्वारा चलाए जा रहे हैं और लोढ़ा पैनल की सिफारिशों का उल्लंघन कर रहे हैं। श्री केवल सिंह पठानिया (शापुर) द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि सदस्य उन्हें ऐसे लोगों द्वारा चलाए जा रहे खेल संघों की सूची प्रदान करेंगे जो लोढ़ा आयोग की सिफारिशों का अनुपालन नहीं करते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री गोमा ने कहा कि खेल संस्थाओं का पंजीकरण सहकारिता विभाग द्वारा किया जा रहा है और उन्हें ऐसे स्वघोषित खेल संगठनों की जानकारी नहीं है, जो खेल से असंबंधित लोगों द्वारा चलाये जा रहे हैं. सदस्य ने कहा, ''मैं ऐसे निकायों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता हूं अगर किसी सदस्य को ऐसे निकायों के बारे में सूचित किया जाए और उन्हें ऐसे निकायों का विवरण प्रदान किया जाए।'' प्रश्नकाल में यह मुद्दा उठाते हुए श्री पठानिया ने कहा कि एसोसिएशन कोई चुनाव नहीं करा रहा है और कुछ खेल संघों के अध्यक्ष जो खेलों से संबद्ध नहीं हैं, वे ऐसे निकायों का नेतृत्व कर रहे हैं।

# तीरंदाजी के एशिया कप में प्रणीत कौर, सिमरनजीत कौर ने पांच पदक जीते

**चंडीगढ़,** 26 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य के खिलाड़ियों के बढ़िया प्रदर्शन की बदौलत ही खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, हाकी और बैडमिंटन में बड़ी सफलता हासिल की है। श्री हेयर ने कहा कि इराक के बगदाद में चल रहे तीरंदाजी के एशिया कप में पंजाब की दो तीरंदाजों सिमरनजीत कौर और प्रणीत कौर ने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। अबोहर की सिमरनजीत कौर ने मिश्रित टीम और महिला टीम में दो स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत वर्ग में एक रजत पदक जीता। इसी तरह मानसा की प्रणीत कौर ने कंपाउंड के व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण और कंपाउंड की टीम वर्ग में रजत पदक जीता।



हॉकी खेल में चल रही एफ.आई.एच. प्रो हाकी लीग के भारतीय लैग के आखिरी मैच में भारत ने आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया। इस लीग में भारतीय टीम ने अब तक आठ मैच खेलकर 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान हासिल किया है। अब भारतीय टीम मई-जून में यूरोपियन लेग के बाकी आठ मैच खेलेगी। टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित पंजाब के 10 खिलाड़ी शामिल है। बैडमिंटन में लुधियाना के ध्रुव कपिला ने अपने साथी अर्जुन के साथ युगांडा इंटरनेशनल चैलेंज का पुरुष डब्लज खिताब जीता।

खेल मंत्री ने उक्त पंजाबी खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर बनी नई खेल नीति के ठोस परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के खिलाड़ी इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी जोर शोर से कर रहे हैं और इस बार भी बड़ी संख्या में पंजाबी खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेंगे।